# हरिभूमि

नई दिल्ली

नई दिल्ली, सोमवार 23 सितंबर 2019

अश्विन मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 23, अंक : 187

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 35.3
न्यून. 23.5




13 मारिन ने जीता चीन ओपन बैडमिंटन खिताब

विचार पेज
08 गंगा में जीवाणुओं की खोज


## हाउडी मोदी : यूएस में पड़ोसी पर निशाना, 370 को फेयरवेल

# ट्रंप की मौजूदगी में आतंक पर पाक को मोदी की खरी-खरी

**टेक्सास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के ह्यूस्टन में हाउडी मोदी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद अपने चिरपरिचित अंदाज में भाषण का आगाज किया। 50 हजार लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर निर्णायक लड़ाई का वक्त आ गया है तो ट्रंप ने भी कहा कि भारत के साथ मिलकर इस्लामिक आतंकवाद से लड़ेंगे। उन्होंने कहा 'हाउडी माई फ्रेंड्स, ये जो माहौल है व अकल्पनीय है। आज हम यहां नई हिस्ट्री के साथ केमेस्ट्री भी देख रहे हैं। एनआरजी की एनर्जी भारत-अमेरिका की बढ़ती सिनर्जी की गवाह है। ये मोदी अकेले नहीं है। हाउडी मोदी का जवाब ये है कि भारत में सब अच्छा है। मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### मंच से अब की बार ट्रंप सरकार के नारे को याद किया



### कट्टर इस्लामिक आतंकवाद चुनौती

अपने भाषण में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहा कि आज के समय में कट्टर इस्लामिक आतंकवाद सबसे बड़ी चुनौती है। भारत और अमेरिका इससे मिलकर लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि ये असाधारण और अभूतपूर्व क्षण है। हम जब कभी आपस में मिले, उनका रवैया हमेशा अच्छा और सकारात्मक रहा। ट्रम्प ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को दोबारा मजबूत बना दिया है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- 'मोदी को 60 करोड़ भारतीयों ने जीत दिलाई' :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, ''अमेरिका के सबसे भरोसेमंद और अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां मौजूदगी का मैं स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी भारत के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। उनका इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मौजूद होना सम्मान की बात है। अमेरिका में बसे भारतीय अमेरिका की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं। कुछ ही महीनों पहले 60 करोड़ भारतीयों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी को जीत दिलाई। आपको बधाई। (60 करोड़) यह बहुत बड़ी संख्या है। आपको जन्मदिन की भी शुभकामनाएं (मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन था)।''

### भारतीयों ने अमेरिका को गर्व महसूस कराया है

ट्रम्प ने कहा, ''प्रधानमंत्री और मैं यहां हर उस चीज का जश्न मनाने आए हैं, जो भारतीयों और अमेरिकियों को एकजुट करती है। अमेरिका में 40 लाख भारतीयों पर हमें गर्व है। आपने भी अमेरिका को गर्व महसूस कराने में योगदान दिया है। मेरा प्रशासन आपके लिए हमेशा मौजूद है।''

### उत्साहित दिखे भारतीय-अमेरिकी समुदाय

अमेरिका में भारतीय मूल के लोग पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'हाउडी, मोदी' महारैली को लेकर काफी उत्साहित दिखे और यह कार्यक्रम द्विपक्षीय संबंधों को नये स्तर पर ले जाएगा। डलास में रहने वाले अशोक मागो ने कहा कि 'हाउडी, मोदी' दोनों नेताओं के लिए दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के साझा मूल्यों और सिद्धांतों को संसार को दिखाने का अवसर मिला। ह्यूस्टन में एलिंगटन फील्ड ज्वाइंट रिजर्व बेस में ट्रंप का स्वागत करने के लिए इंतजार करने वाले मागों ने कहा कि हाउडी मोदी दिखाता है।

### ट्रंप ने कहा- ह्यूस्टन में अपने दोस्त के साथ रहूंगा

हाउडी मोदी कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी जानकारी अपने ट्विटर अकाउंट पर दी। उन्होंने कहा कि अच्छा समय बिताएंगे। पीएम मोदी ने भी इस ट्वीट का जवाब दिया कि यह वाकई एक जबरदस्त दिन होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री कार्यालय के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से पीएम मोदी ने अपने स्वागत के लिए भी शुक्रिया कहा है। कार्यक्रम से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट किया, 'ह्यूस्टन में अपने दोस्त के साथ रहूंगा। टेक्सास में यह एक बड़ा दिन होगा।



ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्टर ने पीएम मोदी को सौंपी दुनिया की ऊर्जा राजधानी ह्यूस्टन की चाबी।

### पीएम ने कश्मीरी पंडितों से मुलाकात की, नया कश्मीर बनाने का किया वादा

ह्यूस्टन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीरी पंडितों के 17 सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल से यहां मुलाकात की और उन्हें 'एक नए कश्मीर के निर्माण' का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल ने मोदी के ह्यूस्टन पहुंचने के बाद उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि कश्मीर में नई हवा बह रही है और हम साथ मिलकर एक नया कश्मीर बनाएंगे, जो सबके लिए होगा।

### पीएम विदेशों में सम्मान पाने के हकदार हैं: थरूर

पुणे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री जब भारत के प्रतिनिधि के तौर पर विदेश यात्रा करते हैं, उस वक्त वह सम्मान पाने के हकदार होते हैं। लेकिन जब वह (प्रधानमंत्री) देश में होते हैं, तब लोगों को उनसे सवाल करने का अधिकार है।

### मोदी ने पेश की स्वच्छता की मिसाल

स्वच्छता के प्रति देश में जागरुकता लाने वाले पीएम मोदी के यहां पहुंचने के बाद एक ऐसी छोटी सी घटना हुई जिसने संदेश दिया कि उनकी कथनी और करनी में अंतर नहीं है। दरअसल यहां मोदी का स्वागत करने के दौरान उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता दिया गया।

### मोदी के लिए कार्पेट, इमरान के लिए 'डोरमैट'



एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान दोनों अमेरिका के दौरे पर हैं। पीएम मोदी 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। अमेरिका पहुंचते ही प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत हुआ। उनके लिए लंबा रेड कार्पेट बिछाया गया। अमेरिकी सरकार के अधिकारी और सांसद रिसीव करने पहुंचे। दूसरी तरफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान को रिसीव करने के लिए कोई अमेरिकी अधिकारी नहीं पहुंचा। एयरपोर्ट पर डोरमैट जैसा रेड कार्पेट बिछाया गया। यानी की इंटरनेशनल बेइज्जती की गई। इधर, पाक मंत्री अमेरिका में मोदी के भव्य स्वागत और पाक पीएम इमरान खान को तवज्जो न मिलने से झल्ला गए। कश्मीर के मामले में अमेरिका को भारत के साथ आते देख पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद ने कहा, कश्मीर के मामले में अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। रशीद ने इस मामले में चीन को एक मात्र करीबी दोस्त बताया।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट में चार जज आज लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 4 नए जज सोमवार को शपथ लेंगे। चीफ जस्टिस कोर्ट में सुबह 10:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। यहां चीफ जस्टिस रंजन गोगोई चारों नए जज को शपथ दिलाएंगे। बतौर जज शपथ लेने वालों में वी रामासुब्रमनियन, रविन्द्र भट्ट, कृष्ण मुरारी और ऋषिकेश रॉय के नाम शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में सुप्रीम कोर्ट के सभी जज और वकील मौजूद रहेंगे।



### संघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे एचसीएल के चेयरमैन शिव नादर

**नागपुर।** एचसीएल के संस्थापक-चेयरमैन और पद्म भूषण से सम्मानित शिव नादर आठ अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विजयदशमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे जो संघ के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। संघ के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरएसएस का यह सालाना कार्यक्रम है जिस पर राजनीतिक विश्लेषकों की नजर रहती है क्योंकि विजयदशमी पर आरएसएस प्रमुख के भाषण में संघ के साथ-साथ उससे जुड़े संगठनों का आने वाले समय का एजेंडा सामने आता है।



### आप ने हरियाणा विस चुनाव के लिए 22 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अगले महीने होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये रविवार को यहां 22 उम्मीदवारों की एक सूची जारी की। आप की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने सूची जारी की, जिसमें तीन महिलाओं के नाम शामिल हैं। लोकसभा चुनाव में आप ने इंडियन नेशनल लोकदल से टूटकर बनी जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन किया था। लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाने के बाद दोनों पार्टियों ने राहें जुदा कर ली थीं।



### महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः रैली में बोले शाह

# पीओके के अस्तित्व में आने के लिए नेहरू थे जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि यदि जवाहरलाल नेहरु ने बेवक्त पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा नहीं की होती, तो 'पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर' (पीओके) अस्तित्व में नहीं आता। शाह ने कश्मीर का भारत में 'एकीकरण नहीं करने' को लेकर (प्रथम प्रधानमंत्री) नेहरू पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मुद्दे से, तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू के बजाय देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को निपटना चाहिए था।



### 'गांधी परिवार को इतिहास पढ़ने की जरूरत'

शाह ने कहा कि गांधी को इतिहास पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम अतीत में (विपक्ष में रहते हुए) राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ रहे, जैसे अटल बिहारी वाजपेयी ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान इंदिरा गांधी का समर्थन किया था या कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 कांग्रेस के लिए एक राजनीतिक मुद्दा था और है 'लेकिन हमारे लिए इसे हटाना (कश्मीर के) पुनः एकीकरण का वादा था। आप (कांग्रेस) इसमें राजनीति देखते हैं लेकिन हम इसे देशभक्ति के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में 1990 से आज तक 'ऑपरेशन तुपैक' के चलते लगभग 40,000 लोग मारे गए।

### दीपक के रजत, राहुल के कांस्य के दम पर रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**कजाखस्तान।** दीपक पूनिया चोटिल होने के कारण रविवार को फाइनल से हट गये। इसके चलते उन्हें रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। राहुल अवारे ने कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदकों के मामले में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अवारे ने 61 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में 2017 के पैन अमेरिकी चैंपियन टाइलर ली ग्राफ को 11-4 से हराकर भारत के पदकों की संख्या पांच पर पहुंचायी। भारत की तरफ से दीपक पूनिया ने रजत जबकि बजरंग पूनिया, राहुल अवारे, रवि कुमार दहिया और महिला वर्ग में विनेश फोगाट ने कांस्य पदक जीते।

### प्याज ने मचाया हाहाकार...



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में प्याज का खुदरा भाव 70 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम की ऊंचाई पर पहुंच चुका है। ऐसे में केंद्र सरकार प्याज व्यापारियों के भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है।

### सभी 172 यात्री सुरक्षित

# दिल्ली से विजयवाड़ा जा रहा एयर इंडिया का विमान डैमेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली से विजयवाड़ा जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई-467 तूफान में डैमेज हो गया। इस घटना में विमान के चालक दल के सदस्य भी घायल हो गए। तूफान के चलते विमान को नुकसान पहुंचा है। हालांकि अभी तक किसी यात्री के जख्मी होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एआई-467 फ्लाइट ने दिल्ली से शाम 7.28 बजे उड़ान भरी थी और उसे 9.40 में विजयवाड़ा पहुंचना था। इसी बीच यह विमान खतरनाक तूफान की चपेट में आ गया। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



- इस घटना में चालक दल के सदस्य भी हो गए घायल

### जिन लोगों को वंदे मातरम पसंद नहीं, वह भारत छोड़ दें: सारंगी

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने जाने के विरोध को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। जनजागरण सभा में सारंगी ने कहा कि भाजपा की विरोधी पार्टियों ने फैसले का समर्थन किया, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी साफ किया था कि पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्सा हैं। ऐसे में जो लोग वंदे मातरम को स्वीकार नहीं कर सकते हैं, उन्हें भारत में रहने का अधिकार नहीं है। सारंगी ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने से टुकड़े-टुकड़े गैंग और आतंकियों के समर्थकों को सबसे अधिक दुख हुआ।



### पंजाबः टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश

# चार आतंकी गिरफ्तार, सीएम अमरिंदर ने दिए जांच के आदेश

**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान और जर्मनी से जुड़े आतंकी संगठन के एक टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। छापेमारी में एके-47 समेत अन्य हथियारों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों के कनेक्शन सामने आने की वजह से पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मामले की जांच एनआईए को सौंपने का फैसला किया है। अमरिंदर सिंह ने सीमा पार से हो रहे ड्रोन के इस्तेमाल से निपटने के लिए भारतीय वायुसेना और सीमा सुरक्षा बल को निर्देश देने की भी अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह संगठन आतंकियों को हथियार डिलिवर करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करता था।



- यह संगठन आतंकियों को हथियार डिलिवर करने के लिए ड्रोन का करता था इस्तेमाल

### चिन्मयानंद को अखाड़ा परिषद ने संत समाज से किया निष्कासित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में लॉ कॉलेज की छात्रा के यौन शोषण के आरोपी पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री चिन्मयानंद (73 साल) को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने संत समाज से निष्कासित करने का फैसला किया है। हालांकि, 10 अक्टूबर को हरिद्वार में होने वाली अखाड़ा परिषद की बैठक में अखाड़ों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस पर मुहर लगेगी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत समाज का माथा ऊंचा कर रखा है। वहीं, चिन्मयानंद ने अपने कृत्य से संत समाज को अपमानित किया। यह कृत्य निंदनीय ही नहीं, अक्षम्य भी है।



- 'चिन्मयानंद ने अपने कृत्य से संत समाज को अपमानित किया'

### बिस्किट्स, नमकीन और चिप्स के रैपर होंगे जमा

# स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने बनाया 'सफाई बैंक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए छोटे- छोटे बच्चे आगे आ रहे हैं। स्कूली बच्चों ने पेरेंट्स की मदद से मिल कर 'सफाई बैंक' बनाया है। इस बैंक के जरिए प्लास्टिक वेस्ट लैंडफिल साइट में जाने की बजाए इसका इस्तेमाल सीमेंट फैक्ट्रियों और रोड बनाने के लिए किया जा रहा है। बिस्किट्स, नमकीन, चिप्स, चाय पत्ती के पैकेट। मैगी से लेकर सर्फ़ तक हर चीज़ प्लास्टिक पैकिंग में आती है। और ये पैकिंग एक बार इस्तेमाल के बाद सीधा कचरे के ढेर में जाती है। लेकिन यहां जमा ये पैकेट लैंडफिल में नहीं जाएंगे। बल्कि ये कूड़ा, कचरा सफाई बैंक में जमा होंगे।

- सीमेंट फैक्ट्रियों और रोड बनाने के लिए किया जा रहा है इसका इस्तेमाल
- कम से कम 1000 रैपर इक्ट्ठा होने पर सिटी कॉर्डीनेटर को बता दिया जाता है

**पेरेंट्स भी बढ़-चढ़ कर बच्चों की कर रहे है मदद**




चौथी क्लास के अर्यन ने पर्यावरण को प्लास्टिक से बचाने की बड़ी जिम्मेदारी ली है। ये जो भी खाता है उसका रैपर डस्टबीन में डालने की बजाय उसको अलग से जमा करता है। इस काम में अर्यन के घर वाले भी उसकी पूरी मदद करते हैं।

### वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में भेजे जाते हैं रैपर

सफाई बैंक में इक्ट्ठे हुए ये प्लास्टिक के रैपर अखिर जाते कहां हैं? सबसे पहले ये बच्चे अपने घरों में ये रैपर जमा करते हैं। कम से कम 1000 रैपर इक्ट्ठा होने पर सिटी कॉर्डीनेटर को बता दिया जाता है। इसके बाद जगह इकट्ठे हुए ये रैपर सिटी कॉरडीनेटर के पास जाते हैं और वहां से इनको रोड बनाने, सीमेंट बनाने और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में भेज दिया जाता है। सफाई बैंक की सिटी कॉर्डिनेटर मनीषा सैनी का कहना है कि अगर हर कोई अपने घर से निकने वाले प्लास्टिक वेस्ट की ज़िम्मेदारी ले ले तो हम कुछ ही सालों में इस समस्या से बाहर आ सकते हैं।

### चंबल के पूर्व डकैत ने पीएम से लगाई गुहार

# प्राचीन मंदिरों की दुर्लभ धरोहर को बचाने कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कभी चंबल के बीहड़ों में आतंक का पर्याय रहे दस्यु सरगना मोहर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मध्य प्रदेश के मुरैना में स्थित नौवीं शताब्दी के क़रीब 200 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराने की अपील की है। मुरैना के महगांव निवासी 92 वर्षीय मोहर सिंह ने मोदी को लिखे एक पत्र में कहा है कि उनके पूर्वजों द्वारा बनवाए गए मंदिरों को एक-एक करके गिरते हुये नहीं देखा जाता।




मोहर सिंह ने भाषा से फ़ोन पर कहा कि उन्होंने छह सितंबर को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बटेश्वर स्थित इन मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम फिर से शुरु कराने की अपील की है।

# पत्नी के चरित्र पर था शक तो उतार दिया मौत के घाट

**प्रेम नगर इलाके की घटना**

**शव के टुकड़े कर सेफ्टी टैंक में फेंके**

**थाने पहुंचकर पुलिस को बताया मैंने पत्नी को मार दिया है**




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रेम नगर इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। बाद में आरोपी ने शव के टुकड़े कर उन्हें सेफ्टी टैंक में फैंक दिया। वारदात के बाद आरोपी ने थाने में जाकर पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कडी मशक्कत के बाद शव के टुकड़ों को 20 फीट गहरे सेफ्टी टैंक से बाहर निकाला। मृतक महिला का नाम सीमा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी आशू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सीमा, किराड़ी प्रेम नगर इलाके में किराए के मकान पर सपरिवार रहती थी। परिवार में पति आशू और 3 बेटियां है। संगम विहार निवासी सीमा की शादी 10 वर्ष पूर्व हरदोई निवासी आशू से हुई थी। आशू मायापुरी इलाके में हार्डवेयर कंप्यूटर इंजीनियर की नौकरी करता है। सीमा के भाई संतोष ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे आशू ने फोन पर उसकी मां चमेली देवी को बातया कि मैंने तुम्हारी बेटी सीमा की हत्या कर दी है। जिसको सेफ्टी टैंक में फैंक दिया है। इसके बाद उन्होंने उसे वापस फोन किया तो आशू का फोन बंद जा रहा था। इस पर उन्हें लगा कि आशू ने मजाक किया है तो उन्होंने यह बात किसी को भी नहीं बताई। रविवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घटना की जानकारी सीमा के मायके वालों को दी। सूचना मिलते ही परिवार मौके पर पहुंच गया। इसके बाद उन्होंने सूचना पुलिस को दी। उधर, आरोपी ने खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि कुछ समय से वह अपनी पत्नी सीमा के चरित्र पर शक करता था। दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होता था। इसी से परेशान होकर उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

## चोरी के शक में विधवा महिला की पीट-पीटकर हत्या

- महरौली थाना इलाके की घटना
- पुलिस ने मकान मालिक समेत पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** महरौली थाना इलाके में एक विधवा महिला की मकान मालिक व उसके परिवार ने चोरी के शक में पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका का नाम मंजू गोयल (44) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी की माने तो मृतक महिला आरोपी के घर पर किराये पर रहती है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सतीश (54), पत्नी सरोज, बेटा पंकज (29), बहू दीपिका और नौकरानी कमलेश है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (साउथ) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि महरौली थाना पुलिस को शनिवार शाम करीब 8:12 बजे कॉलर ने फोन कर पुलिस को बातया कि उसकी बहन को तीन-चार लोगों ने मिलकर मार दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को कॉलर मंजू के भाई महेश ने बताया कि उनकी बहन सतीश के यहा किराये पर रहती है। शनिवार सुबह करीब 8:15 बजे सतीश ने अपनी पत्नी को फोन कर बताया कि उनके घर में एक महिला चोरी करते हुए पकड़ी गई है। इधर, सूचना महेश को भी मिली। सूचना मिलते ही महेश सतीश के घर पहुंच गया। उसने देखा कि सतीश व उसका परिवार चोरी के आरोप में उसकी बहन मंजू को पीट रहे थे। महेश अपनी बहन को वहां से बचाकर अपने घर ले गया। घर आने के बाद मंजू ने उसे बताया कि उसके सीने में दर्द हो रहा है। शाम करीब 7:45 बजे मंजू की मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### जिंदल कैटरर्स परिवार से थी मंजू

जानकारी के मुताबिक, मंजू दिल्ली के मशहूर जिंदल कैटरर्स परिवार से थी। जिंदल कैटरर्स के मालिक मंजू के भाई हैं। अपने भाइयों का फ्लैट होने के बावजूद मंजू किराए के घर में रहती थीं। अपनी बहन की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण मंजू के भाइयों ने कई बार उनकी मदद करनी चाही लेकिन मंजू ने कभी मदद नहीं ली। वह दूसरों के घरों में जाकर खाना बनाकर अपना गुजारा करती थीं।

*पुलिस अधिकारियों ने कहा*

## गाजीपुर व भलस्वा पुलिस थानों का बदला जाए स्थान

- लैंडफिल साइट से निकलने वाला धुआं सेहत के लिये है नुकसानदायक
- दो पुलिस अधिकारियों की फेफड़ों के संक्रमण की वजह से हो चुकी है मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पुलिस अधिकारियों ने मांग की है कि गाजीपुर और भलस्वा पुलिस थानों को कम प्रदूषित इलाकों में स्थानांतरित किया जाए क्योंकि कचरा भराव स्थल (लैंडफिल साइट) से निकलने वाला धुआं सेहत के लिये नुकसानदेह है। अधिकारियों ने दावा किया कि गाजीपुर पुलिस थाने के दो पुलिस अधिकारियों की 2013 से 2017 के बीच फेफड़ों के संक्रमण की वजह से मौत हो चुकी है। गाजीपुर पुलिस थाना जहां पूर्वी जिले में आता है वहीं भलस्वा डेयरी पुलिस थाना बाहरी उत्तरी जिले के तहत आता है। पूर्वी जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमनें पुलिस मुख्यालय को लिखा है और उनसे अनुरोध किया है कि पुलिस थाने को उसकी मौजूदा जगह से किसी कम प्रदूषित इलाके में स्थानांतरित किया जाए। हालांकि, पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने कहा कि पुलिस थाने का स्थानांतरण व्यावहारिक विचार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि सरकारी निकायों ने उन्हें जमीन दी है और वे अपने अधिकारक्षेत्र में आने वाले इलाके से बाहर पुलिस थाना नहीं खोल सकते। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिये गाजीपुर पुलिस थाना गाजीपुर के बाहर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे भ्रम फैलेगा और लोगों की पहुंच भी एक मुद्दा होगी। भौगोलिक सीमाओं के मद्देनजर, पुलिस थाने का स्थानांतरण आसान काम नहीं है। हालांकि, उन्होंने जनवरी और अप्रैल में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किये गए वायु गुणवत्ता के सर्वेक्षण का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में पाया गया कि कचरा भराव स्थल के नजदीक प्रदूषण ज्यादा है तथा पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर तय सीमा से ज्यादा है। डॉक्टरों ने कहा कि कचरा भराव स्थल और संक्रमण में कोई संबंध नहीं है। अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शक रेस्पिरेटरी मेडिसिन (श्वसन संबंधी), राजेश चावला ने कहा कि संक्रमण और कचरा भराव स्थल में कोई संबंध नहीं है। संक्रमण की वजह जीवाणु हैं। एसओ2, पीएम2.5 और पीएम10 की वजह से संक्रमण नहीं हो सकता।

# मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी बदमाश चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- सीमापुरी इलाके की घटना
- बुलेट प्रुफ जैकेट पहने एएसआइ के जैकेट पर लगी एक गोली
- पुलिस ने आरोपी के पास से दो पिस्टल, 22 कारतूस व बाइक बरामद की

सीमापुरी थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश का नाम आसिफ उर्फ आशू उर्फ नूर आलम (40) है। पुलिस अधिकारी की माने तो दोनों ओर से पांच गोलियां चली। इस दौरान एक गोली एएसआई को लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने की वजह से उनकी जान बच गई। बाद में पुलिस ने आरोपी पर काबू पर लिया। मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी के पास से दो पिस्टल, 21 कारतूस व तीन खोखे और एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (शाहदरा) अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब दो बजे एएसआइ सुखबीर, हरेंद्र, कांस्टेबल अमित और राजू सैनी की टीम को सूचना मिली थी कि 70 फुटा रोड सीमापुरी के पास बदमाश आने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने पिकेट लगाकर जांच शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी आसिफ बाइक पर आया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर तीन गोलियां चलाई। पुलिस टीम ने भी अपने बचाव के लिए आरोपी पर दो गोलियां दागी। हमले में एक गोली सुखबीर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। इस बीच कांस्टेबल अमित ने आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से दो पिस्टल 22 कारतूस मिले। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पत्नी की हत्या मामले में उसकी सास और साली पैरवी कर रही थीं, इसलिए वह उनकी भी हत्या की योजना बना रहा था।

### पत्नी की हत्या के बाद रखा था इनाम

पुलिस की मानें तो आरोपी ने फरवरी में अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी के खिलाफ 40 अपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

## मुठभेड़ के बाद नंदू गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाबा हरिदास नगर थाना इलाके में द्वारका जिले की स्पेशल स्टाफ ने नंदू गिरोह के तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लग गई। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विक्की, आकाश और टिंकू है। मुठभेड़ में गोली विक्की को लगी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस दो मामले सुलझाने के दावा कर रही है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किये है। पुलिस अधिकारी की माने तो मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट होने के कारण जान बच गई।

# अक्षरधाम: पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़, बदमाश फरार

**कार में सवार थे बदमाश, आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






अक्षरधाम मंदिर के पास रविवार सुबह कार सवार बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और वे मौके से भागने लगे। बदमाशों को भागता देख पुलिस ने भी उन पर एक गोली चालाई। इसके बाद बदमाश पुश्ता रोड़ से होते हुए गीता कॉलोनी की ओर भाग गए।

फायरिंग में किसी को गली नहीं लगी। सूचना मिलते ही मौके पर जिले के डीसीपी जसमीत सिंह पहुंच गए। फिलहाल मंडावली थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा और ड्यूटी के दौरान हमला करने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि कार में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले कुछ बदमाश अक्षरधाम मंदिर के पास आने वाले हैं। सूचना मिलते ही टीम ने अक्षरधाम मंदिर मेट्रो स्टेशन के पास पिकेट लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी बीच 10:45 बजे पुलिस को सफेद रंग की मारुति सियाज कार अपनी ओर आती दिखाई दी। कार में चालक समेत चार युवक सवार थे। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा दिया। आरोपियों ने कार रोकने की बजाए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और वे पुश्ता रोड से गीता कॉलोनी की ओर भागने लगे। इस पर पुलिस टीम ने भी उन पर एक गोली चलाई। पुलिस टीम ने गीता कॉलोनी फ्लाईओवर तक बदमाशों का पीछा किया। इसके बाद बदमाश पुलिस को चकमा देकर मौक से फरार हो गए।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर नशीले पदार्थ के साथ ऑस्ट्रेलियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने रविवार को एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक को कथित तौर पर 21 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थों के साथ दिल्ली हवाई अड्डे पर पकड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद उमर तुरै को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे उस समय पकड़ा गया जब वह एयर इंडिया की उड़ान से मेलबॉर्न जाने के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचा था। अधिकारी ने बताया कि संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गई और इस दौरान उसके पास से एम्फेटेमिन श्रेणी का सात किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यात्री को पूछताछ के लिए हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बरामद नशीले पदार्थ का अनुमानित मूल्य 21 करोड़ रुपये है।

## मिशन ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट-2019 का किया गया आयोजन






**हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली।** पुलिस परिवार द्वारा मिशन ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट -2019 का आयोजन एनपीएल स्पोर्ट्स ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिशन ओलंपिक के तहत टीमों की तैयारियों पर एक नजर रखना था। यह टीमों का हौसला बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर पीएफडब्ल्यूएस की अध्यक्ष सूचना पटनायक, स्पेशल सीपी एस नित्यानंदम के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान पटनायक ने कहा कि भविष्य उन्हीं का उज्जवल होता है, जो कौशल, ज्ञान और प्रदान करने में अपने सपनों की सुंदरता में विश्वास करते है। रविवार को कबड्डी और कुश्ती का आयोजन किया गया। वहीं, 27 और 28 सितंबर को एथलेटिक्स, फुटबॉल और बैडमिंटन का आयोजन किया जाएगा। कबड्डी की आठ टीमों (103 खिलाड़ियों) और 40 कुश्ती प्रतियोगियों ने विभिन्न क्लबों और संघों ने भाग लिया। कुश्ती और फुटबॉल के विजेताओं को 11 हजार व रनर-अप को पांच हजार 100 रुपये का पुरस्कार राशि के रूप में तय किया गया है। वहीं, एथलेटिक्स, बैडमिंटन और कुश्ती, में विजेताओं को एक हजार 100 रुपये और पहले रनर-अप को 700 रुपये व दूसरे रनर-अप को 500 रुपये पुरस्कार राशि के रूप में दिये जायेंगे। इसके अलावा पीएफडब्ल्यूएस के 17 प्राप्तकर्ता के लिए एक विशेष सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## झपटमारी के दौरान कार के आगे गिरी महिला, बाल-बाल बची जान

**नई दिल्ली।** सदर बाजार थाना इलाके में स्कूटी सवार बदमाश ने एक महिला की चेन झपट ली। बदमाशों ने झपटमारी के दौरान ऐसा धक्का मारा कि वह सड़क पर एक कार के आगे गिर गई। चालक ने तुरंत ब्रेक मारकर महिला की जान बचा ली। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज करने की बजाए महिला को कोर्ट-कचहरी का डर दिखाकर थाने से टरका दिया। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की जांच कराने की बात कर रहे हैं। घटना गत 16 सितंबर सुबह साढ़े सात बजे की है। घटना के दौरान महिला जिम से अपने घर पैदल लौट रही थीं। इस दौरान स्कूटी सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

## रेस्टोरेंट में खाना खाने गई तीन महिलाओं के साथ छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** ग्रैटर कैलाश इलाके में एक रेस्टोरेंट के अंदर तीन महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के दौरान महिला अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थी। घर लौटने के बाद उसने घटना के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि वह खाना खाने गई थी। इस दौरान कुछ मनचलों ने उनके साथ धक्का मुक्की की और फिर अश्लील कमेंट भी किये। पुलिस ने उनकी शिकातय पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस रेस्टोरेंट के अदंर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। हालांकि अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है।

**दुनिया की नजरों से दूर 2006 से दी जा रही है बच्चों को फ्री शिक्षा**

# दिल्ली मेट्रो पुल के नीचे है 300 बच्चों को मुस्कुराहट की वजह देने वाला स्कूल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- लक्ष्मी नगर में रहने वाले एक दुकानदार यमुना बैंक इलाके में चलाते हैं रोज-रोज बसने उजड़ने वाला यह स्कूल

गरीबी और अन्य परिस्थितियों के कारण वंचित बच्चों के जीवन में शिक्षा की मिठास भरने के लिए लक्ष्मी नगर में रहने वाले एक दुकानदार यमुना बैंक इलाके में मेट्रो पुल के नीचे एक स्कूल चलाते हैं। रोज-रोज बसने उजड़ने वाला यह स्कूल 300 बच्चों की हंसी और मुस्कुराहट की वजह है जो तमाम मुश्किलों से लड़ते हुए यहां आते हैं। राजेश कुमार शर्मा का यह 'फ्री स्कूल अंडर द ब्रिज' (पुल के नीचे निःशुल्क स्कूल) 2006 से चल रहा है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश में हाथरस के रहने वाले शर्मा लक्ष्मी नगर में एक किराने की दुकान चलाते हैं। उन्होंने 13 साल पहले महज दो बच्चों के साथ अपने स्कूल की शुरुआत की थी। शर्मा को खुद गरीबी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ी थी।

इस बात का दुख उन्हें आज भी है। इसलिए जब यमुना बैंक इलाके में घूमते हुए उन्होंने बच्चों को बिना शिक्षा के भटकते देखा तो उनके माध्यम से अपने सपने को जीने का फैसला किया। शर्मा (49) अपना स्कूल दो पालियों में चलाते हैं। सुबह 9-11 बजे तक लड़कों के लिए जिसमें 120 छात्र हैं। दोपहर दो बजे से शाम साढ़े चार बजे तक लड़कियों के लिए जिसमें 180 छात्राएं हैं। चार साल से 14 साल तक के इन बच्चों को शर्मा अकेले नहीं पढ़ाते हैं। आसपास के लोग भी उनकी मदद करते हैं। वे अपने खाली समय में आकर बच्चों को पढ़ाते हैं, उनके साथ सात ऐसे शिक्षक स्थाई रूप से जुड़े हुए हैं। वैसे तो स्कूल सड़क के शोरगुल से दूर है, और हर पांच मिनट पर आती मेट्रो ट्रेन की आवाज बच्चों को महसूस तक नहीं होती। वे तो अपने सीमित संसाधनों वाले स्कूल में खुश हैं। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे जमीन पर बोरियां बिछाकर बैठते हैं और सामान के नाम पर उनके पास सिर्फ पांच ब्लैकबोर्ड हैं। शर्मा के साथ जुड़े शिक्षक... लक्ष्मी चन्द्र, श्याम महतो, रेखा, सुनीता, मनीषा, चेतन शर्मा और सर्वेश बताते हैं कि वे अपने खाली समय में बच्चों को पढ़ाते हैं और उनकी मुस्कुराहट ही उनकी फीस है। शर्मा का कहना है कि उनके पास कभी कोई सरकारी प्रतिनिधि मदद की पेशकश लेकर नहीं आया। हां शुरुआत में कुछ एनजीओ जरुर आए थे, लेकिन उनमें से कोई सही नहीं लगा। वे लोग कहते कुछ है और करते कुछ और थे। उन्हें बच्चों की मदद करने से नहीं बल्कि उनके जरिए पैसे कमाने से मतलब था। उनका कहना है कि हमें सिर्फ आसपास के लोगों से कुछ सहायता मिलती है।

## महिला हाट में पहुंच रहे पाठक, किताब विक्रेता खुश

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी होने के बाद दरियागंज लगने वाला संडे किताब बाजार गत दिनों आसफ अली रोड़ स्थित महिला हाट स्थानांतरित कर दिया गया। जिसका उस समय किताब विक्रेता विरोध कर रहें थे, लेकिन रविवार को पाठक पहुंचने से यहां किताब विक्रेताओं के चेहरे खिले हुए नजर आये।



### महापौर ने किया दौरा

महापौर अवतार सिंह ने बाजार में पहुंचकर किताब विक्रेताओं से मुलाकात की। महापौर ने विक्रताओं से कहा कि अगर उन्हें कोई समस्या हो तो बताए, उसका सामाधान करेंगे। विक्रताओं ने महापौर का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें कोई परेशानी नहीं है और इस हाट में वे खुश हैं। हाट में शौचालय की जर्जर हालत के मद्देनजर महापौर ने कहा कि शौचालय का नवीनीकरण किया जायेगा तथा अन्य सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में शनिवार रातभर हुई बारिश से रविवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडी हवाओं ने छुट्टी का दिन सुहावना बना दिया। अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रविवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं हवा में आर्द्रता का स्तर 89 और 74 प्रतिशत के बीच रहा। सफदरजंग वेधशाला में पिछले 24 घंटे के दौरान रविवार तक सुबह साढ़े आठ बजे तक 23.4 मिमी और पालम वेधशाला में 33.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने सोमवार को हल्की बारिश या बूंदा बांदी की संभावना के साथ आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है।

### सिसोदिया ने किया 'अवाम की आवाज' का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध कर्नाटक संगीत गायक टी कृष्णा ने रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित संगीत समारोह अवाम की आवाज में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि मैं यह कहते हुए रोमांचित हूं कि श्री टीएम कृष्णा दूसरी बार दिल्ली सरकार के इस कार्यक्रम में प्रदर्शन कर रहे हैं। वह भारत के सबसे प्रसिद्ध शास्त्रीय गायकों में से एक हैं और उनके गीत हमेशा सद्भाव और विविधता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य संस्कृति के माध्यम से सद्भाव का संदेश फैलाना है।

## उत्तरी दिल्ली नगर निगम

# वार्ड समितियों की बैठक में उठाये मामलों पर नहीं हो रही कार्रवाई

## दिल्ली देहात के पार्षद अधिकारियों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले दिल्ली देहात क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने व वार्ड समिति बैठकों में उठाये गए मामलों पर कार्रवाई नहीं होने से अधिकतर निगम पार्षद प्रशासन से परेशान हैं। जिसके चलते पार्षदों को कहना है कि जब समस्याओं का समाधान व शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती है तो ऐसी वार्ड बैठकों में आने का क्या फायदा। नरेला जोन के अधिकतर पार्षदों की यही शिकायतें रहती है। वार्ड बैठकों में पार्षदों ने कचरा नहीं उठने, फुटपाथों पर अवैध अतिक्रमण, जलभराव, मीट की अवैध दुकानें, नालों की सफाई नहीं होने, अस्पतालों में रेबिज के इंजेक्शन नहीं होने, अवैध डेयरियों के मामले प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों को कई बार चेताया है लेकिन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो पाई रही है जिसके चलते पार्षदों का कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे जोन की बैठकों में आना ही छोड़ देंगे। लेकिन इसके बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नरेला जोन चेयरमैन सुनीत चौहान ने कहा कि डेंगू पर निगम कर्मी बेहतर कार्य कर रहे हैं। वहीं, निगमायुक्त से मिलकर ठेकेदारों को राशि जारी करने को कहेंगे ताकि जोन में कुछ कार्य शुरू हो सके।

### बवाना चौक पर लगा रहता है जाम

बवाना वार्ड से पार्षद ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि बवाना चौक के आसपास फुटपाथ पर अतिक्रमण के चलते यातायाता जाम लगा रहता जिसके चलते पैदल यात्रियों व चालकों को परेशानी होती है। वहीं, पार्क में टाटा पावर यदि ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास कर रहा है तो वहां न लगाने दे। रोहिणी-डी वार्ड से आनंद सिंह ने कहा कि अवैध डेरियों को हटाने के लिए कई बार कहा गया है लेकिन अधिकारी हाथ पर हाथ रखे हुए हैं। कंझावला वार्ड से पूनम डबास ने कहा कि कूड़े के ढेर, अवैध मीट की दूकाने परेशानी का सबब बन रही हैं। नांगल ठाकरान वार्ड से पूनम ने कहा कि सड़कों पर जगह-जगह कचरा फैला रहता है और प्रकाश व्यवस्था बदहाल है।

### जलभराव का नहीं हो पा रहा समाधान

रानी खेड़ा वार्ड से जयेंद्र डबास ने कहा कि रोड पर मीट की अवैध रेहड़ियों को उठाया जाए। जैन नगर गली न-2, भाग्य विहार, घेवरा गांव, रानी खेड़ा गांव, मीर विहार, शिव विहार आसपास में कई जगह जलभराव है, समाधान किया जाए। पानी निकासी के लिए तेल की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। पूठ खुर्द वार्ड से अंजू का कहना है कि पानी की टंकी के पास बड़े स्कूल के पीछे ट्रक-लोडर नहीं आने से निवासी कचरे से परेशान हैं। नांगलोई वार्ड से ज्योति रछौया ने कहा कि मेरे वार्ड में समस्याओं का अंबार है, अधिकारियों को दौरा करना चाहिए। मुंडका वार्ड से अनिल लाकड़ा ने सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए।

### अवैध डेयरियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

बांकनरे वार्ड से राम नारायण का कहना है कि स्वतंत्र नगर में अवैध रुप से डेयरियों का संचालन किया जा रहा है जिसके चलते नालियां ब्लॉक रहती है और शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही हैं। नरेला वार्ड से सविता खत्री ने कहा कि डीडीए में स्वच्छता के काम नहीं हो पा रहे हैं, अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। डीडीए के भी चालान होने चाहिए। मनोनीत सदस्य सतपाल कैम ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-1 पर कई महीनों से प्रकाश व्यवस्था ठप हैं। जिसके चलते दुर्घटनाएं हो रही है।

## सिंघू-बॉर्डर तक मेट्रो को लेकर ग्रामीणों का अभियान शुरू

- जगह-जगह बड़े हॉर्डिंग से रण की चेतावनी, मिस कॉल देने की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोने कोने तक दिल्ली मेट्रो रेल सेवा से जोड़ दिया गया है लेकिन दिल्ली देहात के सिंघु बॉर्डर तक मेट्रो रेल सेवा न जोड़ने को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। जिसको लेकर अब ग्रामीण केंद्र व दिल्ली सरकार से लड़ने के लिए आर-पार के मूड में नजर आ रहे हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने अभियान शुरू किया है। जिसके तहत सरकारों की आंखे खोलने के लिए जगह-जगह बड़े हॉर्डिंग लगा दिए हैं और सरकारों को रण में आने की चेतावनी दी गई है, साथ ही अधिक से अधिक लोगों को अभियान में शामिल करने के लिए मिस कॉल देने की अपील की गई है। बता दें कि गत सप्ताह अलीपुर के बड़े शिव मंदिर में दिल्ली देहात विकास मंच के नेतृत्व में आसपास के दर्जनों गांव के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक हुई थी और जिसमें मंच के पदाधिकारी हरपाल सिंह राणा ने बताया कि अकेला सिंघु बॉर्डर ऐसा बॉर्डर है जिससे मेट्रो को नहीं जोड़ा गया है जबकि जीटी करनाल रोड पाकिस्तान की सीमा तक जाता है। इस मेट्रो लाइन के बनने से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तक के आने वाले व्यक्तियों को सुविधा का लाभ मिलेगा। यहां मेट्रो को लेकर 21 सदस्यों की एक समिति गठित की गई थी। जो केंद्र व दिल्ली सरकार, मेट्रो के अधिकारियों से मुलाकात करके आगे की रणनीति बनाएगी। बैठक की अध्यक्षता चौधरी देवी सिंह मान ने की। बैठक में अनूप सिंह मान, अशोक टोकस, राजेंद्र, सुशील, वेद प्रकाश, अनिल सैनी, रघुनंदन चौहान, राज सिंह तुषीर, सुखराम पहलवान, विजयपाल राणा, चौधरी समय सिंह, मुखत्यार सिंह, चौधरी राजबीर सिंह, चौधरी रामकुमार टोकस आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## डेंगू विरोधी अभियानः केजरीवाल बोले

# अपने दोस्तों को घर की जांच करने के लिए करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे अपने 10 दोस्तों को फोन कर उनसे यह जांच करने को कहें कि कहीं उनके घर में डेंगू का लार्वा पनप तो नहीं रहा है। केजरीवाल ने '10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट' के अभियान के तहत लोगों से यह अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया कि आज, 10 मिनट तक अपने घर की जांच करने के बाद, मैंने अपने 10 दोस्तों को फोन किया और उन्हें उनके घरों की जांच करने को प्रेरित किया। इस बार हमें डेंगू को मात देनी ही होगी। #दिल्लीकेचैंपियन। ट्वीटर पर साझा की गई वीडियो में केजरीवाल अपने घर की जांच करते दिख रहे हैं। केजरीवाल ने लोगों से व्हाटस्एप पर भी यह संदेश भेजने को कहा है। वहीं दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे अपने दोस्तों से घरों की जांच करने की अपील करें। राय ने ट्वीट किया कि एक और रविवार, और अपने घर में डेंगू के लार्वा की जांच करने का एक और दिन। लेकिन इस बार, मैंने एक और कदम उठाया। मैंने अपने 10 दोस्तों को फोन किया और उनसे उनके घर की जांच अच्छे से करने की अपील की। उनके सहकर्मी राजेन्द्र पाल गौतम ने भी मच्छर-प्रजनन के खिलाफ एक उपाय के रूप में पानी के बर्तन की सफाई करते हुए उनकी तस्वीरें ट्वीट कीं। इस साल सात सितम्बर तक डेंगू के 122 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 30 इसी महीने सामने आए। 52 मामले अगस्त में सामने आए थे। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) द्वारा दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार पिछले साल डेंगू के 2,798 मामले सामने आए थे और इससे चार लोगों की जान चली गई थी।

### केजरीवाल की मौजूदगी में नेता आप में शामिल

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव करीब आते ही नेताओं के द्वारा दल बदलने का सिलसिला तेज हो गया है। कांग्रेस और भाजपा के साथ सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) में ये सिलसिला तेजी से जारी है। पिछले दिनों आप की नेता और चांदनी चौक से विधायक



अलका लांबा ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दोबारा दामन थाम लिया वहीं रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीन मोहम्मद ने अपने समर्थकों के साथ आप की सदस्यता ग्रहण कर ली।आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दीन मोहम्मद को पार्टी की टोपी और पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। उन्होंने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले 4.5 सालों में ऐतिहासिक काम हुए हैं। दिल्ली की सरकार सही मायने में दिल्ली के जनता के हित में काम कर रही है और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मुफ्त और बेहतरीन क्वालिटी की उपलब्ध कराते है।

# छोटी सब्जी मंडियों में मनचाहे दामों पर प्याज बेच रहे हैं विक्रेता

## कई क्वालिटी बनाई, 50 से 70 रुपये पहुंचे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली में प्याज के दामों आई अचानक बढ़ोतरी से छोटी सब्जी मंडियों के सब्जी विक्रेता मनचाहे दामों पर प्याज बेच रहे हैं। इतना ही नहीं वह ग्राहकों को और दामों के बढ़ने का भय दिखाकर अपना माल साफ करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। मंडावली और शकरपुर के नेहरू एन्क्लेव की सब्जी मंडी में रविवार को बेहतर प्याज 70 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। मंडी में रविवार को सब्जी विक्रेताओं ने प्याज की कई क्वालिटियां बना दी है। चार-पांच किस्म का प्याज बनाकर मंडी में बेचा जा रहा है। सबसे नीचे क्वालिटी का प्याज 50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है उससे अच्छा 60 रुपये प्रति किलो और उससे अच्छा 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से प्याज बिक रहा है। हैरत की बात यह है कि प्याज विक्रेता अपनी प्याज को अधिक बेचने के लिए ग्राहकों को दाम और बढ़ने की बात कह रहे हैं। एक ग्राहक एक दुकान पर एक किलो प्याज लेने आया तो उससे सब्जी विक्रेता बोला साहब 5 किलो ले लो, अगले दिनों में प्याज 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिकने वाला है। हालांकि ग्राहक तो अपनी जरूरत के हिसाब से कम ही प्याज खरीद रहे हैं।

### दिल्ली सरकार ने की प्याज की कीमतों की समीक्षा

उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को देश के विभिन्न हिस्सों में अत्यधिक बारिश के कारण फसल प्रभावित होने से बढ़ रही प्याज की कीमतों की समीक्षा की थी। इस दौरान खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने प्याज के मूल्य वृद्धि की जांच के लिए अपने फेयर प्राइज और मोबाइल वैन के माध्यम से प्याज बेचने पर चर्चा की थी। इस दौरान मंत्री ने आयुक्त, डी ए स सी ए स सी , एपीएमसी/डीएएमबी को निर्देश दिए कि प्याज के औसत थोक मूल्यों के रूप में तत्काल सुधारात्मक उठाये जाएं। इमरान ने खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग और डीएससीएससी को किसी भी आपात स्थिति में एफपीएस में प्याज की आपूर्ति के लिए निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निर्देश दिये थे। लेकिन इसके बावजूद प्याज के दामों लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सूत्रों के अनुसार प्याज के दामों में आज अगर गिरावट न हीं हुई तो सरकार आज ठोस कदम उठा सकती है। दिल्ली स्थित ओखला मंडी में प्याज का दाम 45 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। पहले यह कीमत 30-35 रुपये प्रति किलो थी। व्यापारियों का मानना है कि प्याज के दाम अगले 1 महीने तक बढ़ते रहेंगे।

### गृहणियों ने कहा- सलाद में प्याज खाना बंद कर दिया

गृहणियों का कहना है कि प्याज इतना महंगा हो गया है कि खाना ही कम कर दिया है। पहले जहां एक किलो ले जाया करते थे अब आधा किलो से ही काम चला रहे हैं। सलाद में प्याज खाना बंद कर दिया है। बस सब्जी बनाने में ही इसका इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि प्याज के बिना सब्जी में कोई स्वाद नहीं आता है।

# दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियां नियमित होकर रहेंगीः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली की 22 विधानसभाओं में जन सम्पर्क अभियान के तहत रविवार को अनधिकृत कॉलोनियों में जाकर भाजपा नेताओं ने केजरीवाल सरकार की नीतियों की पोल खोली। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के नाम पर केजरीवाल सरकार जनता को गुमराह कर रही है। केजरीवाल सरकार के झूठ और अकर्मण्यता का पर्दाफाश करते हुए भाजपा नेताओं ने दिल्ली बचाओ, भाजपा लाओ के नारे लगाए। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने बिजवासन एवं छतरपुर विधानसभा में कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियां नियमित होकर रहेंगी, झूठ बोल कर श्रेय लेना केजरीवाल की फितरत है और आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त होगी। उत्तम नगर व द्वारका में सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में अपनी नाकामियों के कारण पहले निगम और फिर लोकसभा चुनाव की हार के बाद हताश केजरीवाल ने अब दूसरे के कामों को अपना बताना शुरू कर दिया है।



- 22 विधानसभाओं में खोली केजरीवाल सरकार की पोल

### आप का पलटवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा पर पलटवार करते हुए आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने बयान जारी कर कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने का जो भाजपा ढिंढोरा पीट रही है, वह मात्र ढकोसला है, भाजपा की नियत ही नहीं है दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने और कॉलोनी में रहने वाले लोगों को उनका मालिकाना हक देने की।

### मंच पर ही शेविंग करने लगे तिवारी

दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष मनोज तिवारी मंच पर ही शेविंग करने लगे। उन्होंने मोबाइल फोन में देखकर शेविंग की। जब इस बाबत सवाल पूछा गया तो मनोज तिवारी ने कहा कि वह दो दिन से बेहद व्यस्त थे। रविवार होने के बावजूद सुबह तड़के से कई कार्यक्रम में व्यस्त रहे और इसकी वजह से उन्हें समय नहीं मिल पाया। इसलिए जब बुराड़ी वाले कार्यक्रम में वह पहुंचे तो मंच पर ही शेविंग करने लगे. उन्होंने कहा कि आखिर ये भी तो स्वच्छता अभियान है।







## सेंसर आधारित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण का किया आविष्कार

# दिल्ली आईआईटी की टीम ऑर्ड-ईवन योजना के प्रभाव का करेगी अध्ययन

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की एक टीम ऑर्ड-ईवन योजना के प्रभाव का विश्लेषण करेगी। इस योजना को दिल्ली में चार नवंबर से लागू किया जा रहा है। यह अध्ययन छात्रों द्वारा बनाए गए प्रदूषण निगरानी यंत्रों से किया जाएगा। यह अध्ययन 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच किया जाएगा। इसकी पड़ताल की जाएगी कि यह योजना कितनी प्रभावी रही।

### छह सदस्यों की टीम

छह सदस्यों वाली टीम ने सेंसर आधारित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण का आविष्कार किया है। इसे 'एजिमोटिव' कहा गया है और यह पेंटेट भी हो चुका है तथा इसे आईसीएडी सर्टिफिकेट भी मिल चुका है।

### 250 बसों की छत पर लगाया जाएगा यंत्र

इस टीम की सदस्य पूजा सिंह ने बताया कि यह यंत्र 250 बसों की छत पर लगाया जाएगा ताकि राष्ट्रीय राजधानी की हवा पर नजर रखी जा सके। इस उपकरण से सूक्ष्म कणों, गर्मी, तापमान और आर्द्रता की गणना के साथ ही अलग-अलग जगहों की यातायात स्थिति और मौसम के बारे में जानकारी पाने में मदद मिलेगी।

### डीआईएमटीएस से गठजोड़

इस उद्देश्य के लिए हमने दिल्ली इंटिग्रेटेड मल्टी मोडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) से गठजोड़ किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बस रोजाना 16 चक्कर लगाती है और अलग-अलग जगहों में 30-40 किलोमीटर तक जाती है। इन उपकरणों में कैमरे और जीपीएस लगे हैं ताकि वाहनों पर नजर रखी जा सके।

### दो चरणों में किया जाएगा अध्ययन

पूजा सिंह ने बताया कि अध्ययन दो चरण में किया जाएगा। पहले चरण में ऑर्ड-ईवन लगने से पहले के आंकड़े जमा किए जाएंगे और दूसरे चरण में ऑर्ड-ईवन के दौरान आंकड़े लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रभावी है या नहीं, इसका विश्लेषण करने के लिए हमें पूर्ववर्ती दिनों के आंकड़ों की भी जरूरत पड़ेगी, ताकि तुलना की जाए। इसलिए यह दो चरणों में होगा और हम देखेंगे कि हवा के गुणवत्ता में सुधार हुआ या नहीं और अगर हुआ तो कितने प्रतिशत हुआ।

### प्रदूषण कम करने के प्रयासों की जानकारी दुनिया को देंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के प्रदूषण को 25 प्रतिशत तक कम करने के लिए सरकार की ओर से किए गए सफल प्रयास की जानकारी दुनिया के सामने रखेंगे। इसके लिए अरविंद केजरीवाल 9-12 अक्टूबर के बीच डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित हो रहे सी 40 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े महानगरों में से एक होने के कारण मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री दुनिया को प्रभावित करने वाले जलवायु संकट पर विचार-विमर्श करने के लिए न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस, लॉस एंजिल्स और बर्लिन जैसे शहरों के नेताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे।

### यह भारत के लिए गर्व की बात है : गहलोत

पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का विषय है। भारत के एक नेता दुनिया के सामने दिल्ली की सफलता की कहानी पेश करेंगे।

## खबर संक्षेप



### वीर शहीद विक्रम सिंह की याद में निकाली रैली

**फरीदाबाद।** वर्ष 1965 में हुए भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर विक्रम सिंह की याद में रविवार को पृथला क्षेत्र के गांव सुनपेड़ में आर्यवीर दल द्वारा एक रैली निकाली गई। यह रैली वीर विक्रम सिंह सामुदायिक भवन सुनपेड़ से प्रारंभ हुई और सागरपुर तक निकाली गई। रैली में 105 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान वीर विक्रम सिंह की पत्नी श्रीमती बीरमति देवी ने सलामी दी। रैली के समापन पर वीर विक्रम सिंह पुत्र आलोक सिंह तथा उनके पौत्र अमर सिंह ने सभी को केले तथा बिस्कुट बांटते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता की शहादत पर गर्व है और वे बेशक हमारे बीच नहीं है, लेकिन हमारे दिलों में सदैव जिंदा रहेंगे। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत सुनपेड़ से मांग करते हुए कहा कि शहीद वीर विक्रम सिंह की याद में गांव में उनकी मूर्ति स्थापित की जाए।

### दामाद को बंधक बनाकर मारपीट

**फरीदाबाद।** सिटी थाना एरिया की भगत सिंह कॉलोनी में दुकान करने वाले व्यक्ति को उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर बंधक बना लिया है। इस बात की जानकारी दुकानदार के भाई ने पुलिस को दी है। पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दर्ज मामले के अनुसार पन्हैड़ा कलां निवासी रविंद्र ने दी शिकायत में बताया कि उसके भाई जितेंद्र की शादी करीब 11 साल पहले नंगला जोगियान गांव निवासी संगीता के साथ हुई थी। संगीता की पिछले कुछ समय से जितेंद्र के साथ अनबन चल रही है। जिस पर संगीता के पिता ने जितेंद्र को फोन कर संगीता को नंगला जोगियान छोड़कर जाने के लिए कहा था। 21 सितंबर की सुबह जितेंद्र अपनी पत्नी को लेकर भगत सिंह कॉलोनी स्थित दुकान के लिए कहकर आया था। रविंद्र का कहना है कि जब वह साढे.9 बजे दुकान पर पहुंचा, तो दुकान बंद मिली। पड़ोसियों ने बताया कि जितेंद्र को उसके ससुराल वाले मारपीट करने के बाद कार में ले गए। आरोप है कि जितेंद्र को उसके ससुराल वालों ने बंधक बना लिया है।

### यमुना नदी से अज्ञात महिला का शव मिला

**फरीदाबाद।** थाना छांयसा एरिया के मोहना गांव स्थित यमुना नदी में रविवार को बहे जा रहे 25 साल की महिला के शव को निकालकर पुलिस ने पहचान के लिए बीके अस्पताल में रखवाया है। आशंका है कि महिला की हत्या कर शव को यमुना में फेंका गया है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर मोहना गांव के निकट यमुना नदी में एक महिला का शव बहा जा रहा था। महिला के शव को देख यमुना पुल से गुजरने वाले लोगों की भीड़ लग गई। इस बारे में किसी ने पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाल लिया। जिसे पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

### जेल में दो बंदियों से फोन बरामद

**फरीदाबाद।** नीमका गांव स्थित जिला जेल में बंद दो कैदियों के कब्जे से जेल विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को चेकिंग के दौरान दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस मामले में थाना सदर पुलिस ने बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नीमका जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट सचिन कुमार ने दी शिकायत में बताया कि रोजाना की तरह शनिवार को भी जेल के सुरक्षा कर्मचारी अलग-अलग बैरेकों में जाकर कैदियों के सामान की तलाशी ले रहे थे। उसी दौरान एक बैरक में बंद पलवल के बिलोचपुर निवासी धन सिंह व रोहतक के मोखरा निवासी रोहित के कब्जे से एक-एक मोबाइल फोन मिला। कर्मचारियों के बताने पर उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से कर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में जमकर चले लाठी-डंडे

## नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं ने फाड़े पार्टी के बैनर-पोस्टर

**फरीदाबाद।** शहर की चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रविवार आयोजित बीएसपी के कार्यकर्ता सम्मेलन में वर्करों के बीच जमकर लठ्ठ चले। जिस पर पार्टी का सम्मेलन हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामे की सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। तब तक हंगामा करने वाले फरार हो गए। हंगामा होने पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा सम्मेलन को संबोधित किए बिना ही मंच को छोड़कर बैक डोर से निकल गए।

इस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पृथला विधानसभा क्षेत्र से बीएसपी की ओर से घोषित किए गए प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ की ओर से किया गया था। सम्मेलन में पृथला क्षेत्र के अलावा जिले से पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे थे। वशिष्ठ ने सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा को बुलाया था। जबकि अतिथि के तौर पर प्रदेश प्रभारी सीपी सिंह, डॉ. महेश, प्रदेश सचिव मनोज चौधरी व जिला अध्यक्ष रतिराम आमंत्रित किए गए।

*दोपहर करीब साढे 12 बजे आमंत्रित अतिथि मंच पर पहुंच गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा के मंच पर पहुंचते ही कुछ युवक पार्टी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए मंच के निकट पहुंच गए। मंच के पास पहुंचते ही इन युवकों के सुर बदल गए और उन्होंने मुर्दाबाद के नारे शुरू कर दिए। जिस पर सम्मेलन में हंगामा हो गया। हंगामा होने पर सम्मेलन में अफरा-तफरी फैल गई। तभी पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें बाहर करने लगे।*

## हंगामे के बीच चुपचाप खिसके सतीश मिश्र

### दो कार्यकर्ता जख्मी हुए

इस हमले में दो कार्यकर्ता भी जख्मी हो गए। उधर, सम्मेलन में हंगामा होने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा अपना संबोधन दिए बिना ही धर्मशाला के बैक डोर से गाड़ी में सवार होकर निकल गए।





बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ता लठ्ठ चलाते हुए।

### टिकट को लेकर हुआ विवाद

इसी बीच कुछ और युवक डंडे लेकर आए और पार्टी कार्यकर्ताओं को पीटना शुरू कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने झंडे लगे डंडों से बचाव शुरू किया। हंगामा करने वालों का आरोप था कि पार्टी ने पृथला विधानसभा चुनाव में टिकट को क्षेत्र के बाहरी व्यक्ति को बेच दिया है। जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें दरकिनार कर बाहरी व्यक्ति को टिकट दी गई है। करीब 6 मिनट तक डंडे चलते रहे। इसी बीच वहां पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देख युवक वहां से भाग खडे हो गए।

### रोजगार के नाम पर भाजपा ने युवाओं को ठगाः मिश्रा

**फरीदाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने भाजपा सरकार पर रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि साल में दो करोड़ रोजगार देने का वायदा केवल जुमला ही साबित हुआ। उन्होंने कहा कि पांच सालों में युवाओं को रोजगार तो नहीं मिला परंतु बेरोजगारी की लम्बी फेहरिस्त जरुर बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को 15-15 लाख रुपये देने की घोषणा की और लोगों के खाते भी खुलवा दिए, लेकिन उनके खातों में 15 रुपये तक नहीं डाले गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-भाजपा एक सिक्के के दो पहलु हैं, बहुजन समाज पार्टी सर्व समाज की पार्टी है और इस बार हरियाणा में बहुमत से सरकार बनाएगी। सतीश चंद्र मिश्रा रविवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में बसपा 50 से ज्यादा सीटें जीतेगी।

## छात्र से मारपीट का मामला...

# पुलिस ने दर्ज किया 15 युवकों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



शहर के मिल्क प्लांट रोड स्थित डीएवी स्कूल के सामने शुक्रवार को डीएवी कॉलेज के छात्र पर रॉड से हमला कर हाथ पैर तोड़ने वाले 15 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस हमले में घायल छात्र के दोनों कंधे, दोनों हाथ और दोनों पैर में फ्रैक्चर है। घायल छात्र का सवार्ेदय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सिटी थाना पुलिस के अनुसार अहीरवाड़ा निवासी दीपांशु डीएवी स्कूल बल्लभगढ़ में 12वीं का छात्र है। शुक्रवार दोपहर स्कूल में पढ़ने वाले अक्षत व आर्यन का स्कूल में दीपू और हिमांशु सहित अन्य छात्रों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। छुट्टी के बाद अक्षत और आर्यन ने बाहर से कुछ लड़के बुला लिए और उन्हें पीटने की तैयारी कर ली, लेकिन इसी बीच स्कूल के ही छात्र दीपांशु व अंकित बीच-बचाव को लेकर बोल पड़े। इस कारण बाहर से आए हुए लड़के गुस्से में आ गए और उन्होंने दीपांशु और अंकित की डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी।

इसके बाद किसी तरह दीपांशु और अंकित स्कूल में वापस चले गए और अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद उनके परिजन स्कूल पहुंचे। जहां अभी बातचीत चल ही रही थी, तभी दीपांशु का बड़ा भाई भूपेंद्र यादव जो डीएवी कॉलेज का छात्र है वह घटना की सूचना मिलने के बाद स्कूल की ओर चल पड़ा। जब वह स्कूल के पास पहुंचा तभी रॉड और पिस्टल लेकर कार और बाइक पर सवार होकर आए 15 युवकों ने भूपेंद्र यादव पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में भूपेंद्र के दोनों हाथए दोनों कंधे, दोनों पैर सहित शरीर के अन्य भागों की हड्डियां भी टूट गईं। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

जांच अधिकारी एएसआई संजीव कुमार ने बताया कि इस मामले में अक्षत, दीपक उर्फ तोता, आर्यन, मनीष कपासिया, विक्रांत उर्फ बकरा व संजीव कपासिया सहित अन्य 8-9 युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मगर अभी तक सभी युवक अपने अपने घर से फरार हैं।

# कैमरे लगाने वाले ही चुरा ले गए कंप्यूटर



**फरीदाबाद।** सरस्वती ग्लोबल स्कूल तिगांव की लैब से 15 सितंबर की रात 18 कंप्यूटर चोरी का मामला क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर पुलिस ने सुलझा लिया है। स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाने आए कर्मचारी ने दो साथियों संग मिलकर कंप्यूटर चोरी किए थे। आरोपियों की पहचान गांव सीकरी पलवल निवासी लोकेश, कौशलेंदर और लोनी गाजियाबाद निवासी राजीव के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर सभी कंप्यूटर बरामद कर लिए हैं। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि लोकेश सीसीटीवी कैमरे लगाने वाले एक ठेकेदार के पास कर्मचारी के तौर पर काम करता था। वह कंप्यूटर व सीसीटीवी कैमरे से संबंधित सामान लाने नेहरू प्लेस दिल्ली आता-जाता रहता है। वहीं पर उसकी पहचान कौशलेंदर और राजीव से हुई।

# करंट लगने पर युवती की मौत

**फरीदाबाद।** एनआईटी-3 राहुल कॉलोनी में बिजली की मोटर से करंट लगने पर युवती की मौत हो गई। युवती की पहचान 20 वर्षीय फिजा के रूप में हुई है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम न कराने की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया और पोस्टमॉर्टम कराकर शव सौंप दिया।

एनआईटी-3 चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फिजा सुबह घर पर पानी की मोटर चलाने का प्रयास कर रही थी, तभी उसे करंट लग गया। इससे वो अचेत हो गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे।

डॉक्टरों ने फिजा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# सीवर जाम होने पर सड़कों पर उतरे लोग



**फरीदाबाद।** एनआइटी स्थित पर्वतीय कॉलोनी पार्ट एक में कई दिनों से सीवर जाम से परेशान लोग रविवार को सड़कों पर उतर आए। बिष्ट स्कूल से लेकर पर्वतीय कालोनी डिस्पोजल के चारों तरफ सीवर का पानी जमा है। इस मुद्दे पर लोगों ने रोष प्रदर्शन किया। लोग नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डिस्पोजल चौक से होते हुए वार्ड की पार्षद ललिता यादव के निवास तक गए। कॉलोनी निवासी अर्जुन सिंह, शंकर पांडेय, आनंद सिंह बिष्ट, ध्रुव सिंह रावत तथा तिलक राज शर्मा ने रोष जताया कि उन्होंने पार्षद ललिता यादव को समस्या से अवगत कराया है, मगर वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। ललिता यादव ने माना कि समस्या गंभीर है। लोगों की शिकायत जायज है। उन्होंने कहा कि अभी नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। हड़ताल खत्म होते ही लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### 'सरकार पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा के हिस्से का अनुदान करे जमा'

**गुरुग्राम।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा को हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा के हिस्से का अनुदान न देने के कारण विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हरियाणा प्रदेश के छात्रों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पा रही हैं। इस प्रकार प्रदेश के छात्रों के साथ एक बड़ा धोखा हुआ है। उक्त बात भगवान श्री परशुराम सेवादल के अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा अधिवक्ता ने महावीरपुरा स्थित कार्यालय में आयोजित संस्था की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजनेताओं एवं पूर्व सरकारों की लापरवाही का नतीजा प्रदेश की युवा पीढ़ी भुगत रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि विश्वविद्यालय में हरियाणा अपनी हिस्सेदारी का अनुदान जमा करे, तभी विश्वविद्यालय में पढ़ रहे प्रदेश के छात्रों का भला हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी प्रदेश की जनता एसवाईएल के पानी के लिए तरस रही है।

### बैंकों में सात दिन कार्य रहेगा प्रभावित

**गुरुग्राम।** बैंक कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बैंक एम्पलाईज फेडरेशन ने आगामी 26 व 27 सितंबर को अपनी लंबित पड़ी मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की हुई है, जिसके कारण बैंक का कारोबार प्रभावित रहेगा और किसी प्रकार का कोई लेनदेन नहीं होगा। 28 सितंबर को माह का चौथा शनिवार व 29 सितंबर को रविवार का दिन होने के कारण बैंकों में अवकाश रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 सितंबर को बैंकों में हाफ ईयरली क्लॉजिंग रहेगी और कार्य नहीं हो सकेगा। पहली अक्टूबर को ही बैंक खुलेंगे, जिसमें अधिकांश कर्मचारी अवकाश पर रह सकते हैं। क्योंकि, वे लगातार अवकाश होने का लाभ उठा सकेंगे। दो अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बैंकों में अवकाश रहेगा। इस प्रकार 25 सितम्बर के बाद बैंकों में तीन अक्टूबर को ही कार्य शुरु हो पाएगा। जानकारों का कहना है कि 27 सितंबर के बाद एटीएम से भी लेन-देन प्रभावित हो सकता है। इतने लंबे समय तक बैंकों में कारोबार न होने के कारण लोगों को अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था कर लेनी चाहिए। अन्यथा उन्हें डिजिटल ट्रांजेक्शन करने के लिए सुपर मार्किट या मॉल्स आदि में जाना पड़ेगा।

### 'शीतला माता मंदिर के निर्माण कार्य में लाएं तेजी'

**गुरुग्राम।** माता शीतला की प्रतिमा को गर्भ ग्रह से बाहर निकालकर रख देने और नए मंदिर का निर्माण समय पर न होने की मांग को लेकर शिवसेना द्वारा शीतला माता मंदिर पर धरना दिया। जिसमें शिवसेना से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। शिवसेना के जिला प्रमुख रितुराज ने बताया कि गत सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी कि तीन साल पूर्व मां शीतला की प्रतिमा को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर परिसर में रख दिया गया था और पुराने मंदिर का जीणार्ेद्धार करने के लिए छह माह की समय-सीमा निश्चित की गई थी, लेकिन तीन साल बाद तक भी यह कार्य पूरा नहीं हो सका है और मां शीतला की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित नहीं किया जा सका है। उनका कहना है कि लाखों की संख्या में माता के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु देश के कई प्रदेशों से आते हैं, लेकिन मां शीतला की ये हालत देकर आहत होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शीतला साइन बोर्ड के चेयरमैन हैं, लेकिन इस सब के बावजूद भी नए मंदिर का निर्माण कार्य नहीं हो सका है। उन्होंने जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि धीमी गति से चल रहे मंदिर का निर्माण को कार्य तेजी से कराया जाए। अन्यथा शिवसैनिकों को आंदोलन करने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

### मौसम ने ली करवट, उमस भरी गर्मी से राहत

**गुरुग्राम।** साइबर सिटीवासी पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी से जूझ रहे थे, लेकिन शनिवार देर सायं आई वर्षा ने उमस से लोगों को राहत दिला दी है। जिला प्रशासन का कहना है कि साइबर सिटी में 22 मिलीमीटर वर्षा हुई। हालांकि रविवार की प्रातः भी साइबर सिटी के कुछ क्षेत्रों में हल्की-फुल्की बूंदाबांदी भी हुई। इससे मौसम और सुहावना हो गया, लेकिन दिन चढ़ते-चढ़ते धूप निकली और लोगों को उमस का एहसास नहीं हुआ। रविवार को साइबर सिटी का अधिकतम तापमान 35 व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का मानना है कि आने वाले दिनों में छुटपुट बारिश के बाद मौसम में परिवर्तन होगा। मानसून के आखिरी चरण तक सक्रिय रहने से मौसम ने करवट ले ली है, जिससे उच्चतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है और लोगों को रात्रि में सर्दी की दस्तक का एहसास होने लगा है। सितंबर माह के बचे दिनों में मानसून के सक्रिय रहने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है, जिससे तापमान और नीचे आ सकता है।

### एनआरसी व्यवस्था को हरियाणा प्रदेश में भी किया जाए लागू : विक्रम सिंह यादव

**गुरुग्राम।** हरियाणा प्रदेश में भी नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस (एनआरसी) की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। पड़ोसी देशों से घुसपैठ कर देश में घुस रहे तत्वों से देश की सुरक्षा को बहुत अधिक खतरा है। यदि समय रहते पूरे देश में एनआरसी को लागू नहीं किया गया तो इसके बहुत बुरे परिणाम होंगे। उक्त बात शिवसेना दक्षिण हरियाणा के अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव व जिलाध्यक्ष विजय यादव ने रविवार को मदनपुरी क्षेत्र स्थित चोटी पंचायत परिसर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिवसेना एनआरसी को लागू करने के लिए पिछले काफी समय से मांग करती आ रही है, लेकिन प्रदेश सरकार ने इस दिशा में कोई कठोर कार्यवाही नहीं की है। जिससे प्रदेशवासियों को अवैध रुप से प्रदेश में रह रहे विदेशी तत्वों से भय सताने लगा है। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून कठोरता से लागू किया जाना चाहिए। वर्ग विशेष की जनसंख्या लगातार बढ़ने से अन्य वर्गों में असमानता बढ़ती जा रही है, जोकि बड़ी ही चिंता का विषय है। कार्यक्रम में शिवसेना के पदाधिकारी और समाज के अन्य वर्गों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## बलिदानियों के लिए किया श्राद्ध आयोजित

# राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले ही हमारे वास्तविक नायकः सिन्हा




**गाजियाबाद।** देश की आन-बान शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देंने वाले सैनिकों के तर्पण के लिए श्राद्ध पक्ष के अंतिम रविवार को तर्पण -एक महाश्राद्ध का आयोजन किया गया जिसमें सनातनी बलिदानियों का महाश्राद्ध किया गया। मनोज सिन्हा ने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि हमने सनातन धर्म और भारत राष्ट्र में जन्म लिया। हम विश्व के सर्वाधिक प्रकाशवान इतिहास के उत्तराधिकारी हैं। सनातन धर्म की महान परंपराओं ने हमें सत्य और न्याय की रक्षा करना सिखाया है और भारतवर्ष की मिट्टी ने हमको धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए मर मिटने का जज्बा दिया है। करोड़ों हमारे सनातनधर्मी भाइयों ने आज तक हमारे लिए अपने प्राणों का बलिदान किया है और उन्ही के बलिदानों के कारण आज हम जीवित हैं और आजाद है।

## रेलवे स्टेशन पर सीबीआई का छापा

# रिश्वत लेते चीफ ऑफिस सुपरिटेंडेंट गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सीबीआई ने शनिवार की देर रात गाजियाबाद के रेलवे सटेशन पर छापा मारकर चीफ ऑफिस सुपरिटेंडेंट रफीक अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक उसे एक वेंडर से तीन हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मचा रहा।




सीबीआई व रेलवे विजिलेंसकी टीम ने संयुक्त रूप से शनिवार की शाम को रेलवे स्टेशन पर पहुंची पूरी प्लानिंग कर एक वेंडर से रिश्वत लेते हुए उसे दबोच लिया। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक उसे तीन हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। सीबीआई की टीम यहां करीब करीब छह घंटे रेलवे स्टेशन पर रही और जांच पड़ताल करती रही। सीबीआई टीम रफीक के घर पर भी पहुंच और जांच पड़ताल की। आरपीएफ के इंस्पेक्टर नायडू ने बताया कि रफीक को रात में 11बजे स्टेशन से गिरफ्तार करके ले गई।

## एजेंसी पर ठोका पांच लाख का जुर्माना

# पीएम आवास योजना में धांधली पर छह सर्वेयर समेत 10 पर केस दर्ज

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरकारी जमीन पर सहायता प्राप्त करने वाले चार व सात अपात्र लाभार्थियों, संबंधित एजेंसी के छह सर्वेयरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है इतना ही नहीं जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने एजेंसी पर पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है ।

अजय शंकर पांडेय ने सरकारी जमीन का सत्यापन कराने का अभियान चला रखा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जिलाधिकारी ने गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ करवाई के निर्देश दिए। अजय शंकर पांडेय ने बताया कि डासना में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) के अंतर्गत सरकारी जमीन पर सहायता ढाई लाख की सहायता हासिल करने वाले चार लाभार्थियों अनीसा, बाबू, मेहरबान व सलीम तथा अपात्र होने के बावजूद ढाई लाख की सहायता लेने वाले आरिफ अली, रियाजुद्दीन, संजीदा, सगीरन, शाहआलम, अखलाक व फिरदोस के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित एजेंसी रुद्राभिषेक एंटरप्राइजेज के सर्वेयर सर्वेश, नीरज, जयपाल, रोहित व आशु के खिलाफ भी रिपोर्ट कराई है और कम्पनी पर पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही आरोपियों से ली गई आर्थिक सहायता की रिकवरी के आदेश भी जिलाधिकारी ने दिए।

## अलसुबह ही लाव-लश्कर के साथ कूच कर जाते हैं नेता

# टिकट पाने के इच्छुक नेताओं की दिल्ली दौड़ शुरू

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा चुनाव

विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने दिल्ली दौड़ लगानी शुरू कर दी है। टिकट पाने के इच्छुक नेता अलसुबह ही दिल्ली कूच कर जाते है और दिन भर अपने आकाओं के दर पर चक्कर लगाते रहते है। टिकट के लिए सबसे ज्यादा मारामारी भाजपा में देखी जा रही है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने टिकट हासिल करने के लिए वैसे तो महीनों पूर्व ही बिसात बिछानी शुरू कर दी थी किन्तु विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होने के साथ ही टिकट पाने के लिए दौड़ धूप तेज कर दी है। टिकट के लिए सबसे ज्यादा मारामारी भारतीय जनता पार्टी में देखी जा रही है। भाजपा की टिकट पाने के लिए हाड़तोड़ मेहनत कर रहे नेताओं का मानना है कि इस बार भाजपा की टिकट नहीं बल्कि टिकट के रूप में जीत का सर्टिफिकेट मिलेगा। फरीदाबाद जिले के अन्तर्गत आने वाली छह विधानसभा सीटों की अगर बात की जाए तो दो सीटें ऐसी है जहां पर की आला कमान के समक्ष टिकट वितरण के समय कोई ज्यादा दिक्कत पेश नहीं आएगी। अगर बात की जाए फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की तो उद्योग मंत्री विपुल गोयल ले-देकर सिंगल नाम सामने आ रहा है। वैसे इस सीट पर चेयरमैन अजय गौड़ ने भी दावेदारी पेश की हुई है किन्तु बल्लभगढ़ विधानसभा सीट से निर्वतमान विधायक पं. मूलचंद शर्मा को टिकट मिलने के बनते प्रबल आसारों के चलते अजय गौड़ की दावेदारी कमजोर होती नजर आ रही है। भाजपा की टिकट के लिए सबसे बड़ा पेंच बड़खल, तिगांव, पृथला व एनआईटी विधानसभा क्षेत्रों में फंस सकता है और हो यह भी सकता है कि इन चारों ही विधानसभा क्षेत्रों में टिकट का फैसला अंतिम क्षणों में किया जाए। जहां तक बात तिगांव विधानसभा क्षेत्र की है तो इस विधानसभा क्षेत्र पर मजबूत दावेदारी पूर्व में विधानसभा चुनाव लड़ चुके राजेश नागर की बनती है किन्तु केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर इस सीट से अपने वरिष्ठ उपमहापौर पुत्र देवेन्द्र चौधरी को चुनाव लड़वाना चाहते है और इसके लिए उन्होंने अपने धुर विरोधी उद्योग मंत्री विपुल गोयल से भी एका कर लिया है क्योंकि गुर्जर को यह बात अच्छी तरह पता है कि राजेश नागर की पैरवी उद्योग मंत्री विपुल गोयल ही मजबूती से कर रहे है।

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट हासिल करने के लिए पूर्व में विधानसभा चुनाव लड़ चुके यशबीर डागर, निर्वतमान विधायक नगेन्द्र भड़ाना व प्रदेश उपाध्यक्ष नीरा तोमर ऐड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। इस सीट पर किस को टिकट मिलेगी इसका फैसला पृथला विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही हो सकता है। क्योंकि अगर भाजपा ने पृथला से सुरेन्द्र तेवतिया को प्रत्याशी बना दिया तो इस सीट पर नगेन्द्र भड़ाना या नीरा तोमर की लाटरी लग सकती है और अगर कही पूर्व में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके नयनपाल रावत को प्रत्याशी से बनाया गया तो यशबीर डागर एनआईटी से प्रत्याशी हो सकते है। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में भी टिकट पाने के इच्छुक नेताओं की भरमार है। वैसे तो इस विधानसभा क्षेत्र से निर्वतमान विधायक सीमा त्रिखा का स्थानीय कार्यकर्ता जमकर विरोध कर रहे है किन्तु कोई मजबूत नेता न होने के चलते पार्टी सीमा त्रिखा को ही अंतिम क्षणों में चुनावी समर में उतार सकती है।

अब देखना यह होगा कि भाजपा किस को अपना प्रत्याशी बनाती है किन्तु इस सबसे अलग हटकर पार्टी का टिकट पाने वाले नेताओं ने टिकट हासिल करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रखी है।

### चुनावी रणभेरी के बाद वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने की मीडिया से बातचीत, बोले

# लोगों ने सत्ता बदली, हमने व्यवस्था

**ये भी कहा**

- प्रदेश से क्षेत्रवाद, जातिवाद और भाई-भतीजावाद की सियासत का हमारी सरकार में अंत
- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सैलजा और सीएलपी लीडर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बनाने का कोई खास फायदा नहीं होने वाला



**चंडीगढ़।** अपने आवास पर मीडिया से रूबरू होते वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। *फोटो : हरिभूमि*

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2019 का बिगुल बज चुका है। हरियाणा के वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु मनोहर सरकार में अहम विभागों की जिम्मेदारी बखूबी संभाल रहे हैं, सरकार के 5 साल पूरे होने को हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से तारीखों का एलान कर दिया गया जिसके साथ ही आचार संहिता प्रभाव में आ गई है। इस तरह से सियासी दिग्गजों का एक बार फिर जनता के बीच में जाने का समय आ गया है। नामांकन की बारी चुनावी माहौल के बीच मंत्री भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में एक बार फिर से वोटरों के बीच वोट की अपील करने के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ अर्सा पहले ही लोकसभा चुनाव 2019 में चंडीगढ़ और पंजाब प्रभारी रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता कैप्टन अभिमन्यु ने चुनावी माहौल में वर्तमान चुनावों को लेकर विस्तार से सवालों के जवाब दिए। वित्त मंत्री के साथ में हुई बातचीत के पेश हैं अंश। वित्त मंत्री ने लोकदल और कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वायन कर रहे नेताओं को लेकर कहा कि ये सभी नेता समझ चुके हैं कि प्रदेश से भाई- भतीजावाद, क्षेत्रवाद और जातिवाद के युग का समापन हो चुका है। वितमंत्री ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सैलजा और सीएलपी लीडर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बनाने का कोई खास खास फायदा नहीं होगा। लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद भी पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के 10 साल के शासनकाल में तमाम भ्रष्टाचार क्षेत्रवाद, भाई-भतीजावाद के आरोप, इतना ही नहीं भ्रष्टाचार के आरोपों में आए दिन सीबीआई अदालतों के चक्कर लगा रहे हैं। वित्त मंत्री ने परिवारवाद पर हमला बोला वह कहा कि झूठ, लूट और कूट वाली राजनीति का प्रदेश से अंत हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस हाईकमान पर दबाव बनाने के लिए अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. अशोक तंवर के साथ मारपीट की और इस तरह की राजनीति पर उन्होंने जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि जाट आंदोलन में शामिल लोगों को पकड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि 2014 में जनता ने कांग्रेस के नेताओं को सबक सिखा दिया था, इस इस बार प्रदेश की जनता मर्ज को पूरी तरह से समाप्त कर देगी। उन्होंने भाजपा में परिवारवाद की बात को पूरी तरह से नकारा व कहा कि यहां पर पार्टी संगठन, पार्टी बडी है, कांग्रेस की तरह से व्यक्ति विशेष नहीं। उन्होंने किसी भी मंत्री और विधायक के टिकट पक्का होने के प्रश्न पर कहा कि ये सब हाईकमान पर निर्भर करेगा, इसीलिए हम भाजपा, कमल के फूल के लिए वोट मांगते हैं, अपने लिए नहीं। भाजपा की लीडरशिप को सारा फैसला करना है कि किसको कहां इस्तेमाल करेगी यह उनको फैसला करना है।

### 46 लाख के नाम पर गटक रहे थे पेंशन, चली कैंची

हरियाणा के वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु नेने बताया कि प्रदेश के अंदर विभिन्न योजनाओं में सामाजिक पेंशन के नाम पर फर्जीवाड़ा कर बड़ी संख्या में पेंशन हड़पी जा रही थी। इस फर्जीवाड़े पर रोक लगाकर पात्र और गरीब लोगों को उनका हक देने के लिए सीधे बैंकों में जा रही पेंशन। हरियाणा के वित्त मंत्री ने बताया कि काफी लंबे समय से राज्य में अस्थायी और स्थाई कर्मियों के वेतन को लेकर कर्मचारियों द्वारा कुछ मांगे की जा रही थी। इस संबंध में बनाई गई माधवन कमेटी की ओर से काफी सिफारिशें की गई थी। माधवन कमेटी की रिपोर्ट को लेकर राज्य सरकार ने गंभीरता से काम किया और स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों को वेतन विसंगतियां दूर कर उनके वेतन मानदेय में वृद्धि की है।

### पारदर्शी काम और गुड गवर्नेंस पर मांगेंगे वोट

वित्तमंत्री मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहां की भाजपा के नेता विधान सभा चुनावों में वोटरों के बीच राज्य में दी गुड-गवर्नेंस, पारदर्शी साफ सुथरी व्यवस्था, विकास को रफ्तार, समान विकास, भाई भतीजावाद, क्षेत्रवाद की समाप्ति जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने एक नया नारा दिया- लोगों ने सत्ता बदली, हमने व्यवस्था बदली। भाजपा के अंदर लीडरशिप को लेकर किसी तरह का कोई विषय नहीं है। बेदाग छवि और प्रदेश में समान विकास कराने वाले मुख्यमंत्री मनोहरलाल हमारे नेता हैं। उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जितेगी और सरकार बनाएगी।

### आंकड़ों के साथ रखी प्रदेश की वित्तीय हालत

वित्त मंत्री ने प्रदेश की वित्तीय हालत को लेकर आंकड़ों के साथ अपनी बात रखी। वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा बार-बार लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। हरियाणा प्रदेश देश के श्रेष्ठ राज्यों में है, जो एक आदर्श वित्तीय हालात में है। वित्त मंत्री ने आंकड़ों में समझाया की कांग्रेस शासनकाल 2014 -15 दौरान प्रदेश में वेतन और डीए पर 13296 करोड़ खर्च होता था, वर्तमान में वर्ष 2019-20 की बात करें, तो इसमें 65 फ़ीसदी वृद्धि हुई है, जो बढ़कर 21902 करोड़ हो गया है। इस समय वेतन और पेंशन बढ़कर 30 हजार करोड़ से ज्यादा हो गया है। 2014-15 में समाज कल्याण पर 1753 करोड़ खर्च होता था, अब यह बढ़कर 6187 करोड़ हो गया है, अर्थात 253 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्री ने बताया कि हमने बीच में बिचौलिए और फर्जीवाड़ा खत्म करने का काम किया है। जिसके कारण 1178 करोड़ की राशि बचा चुके हैं, डीबीटी अर्थात सीधा लाभ लोगों को उनके खातों में दिए जानेके कारण फर्जीवाड़ा कर पैसा जेबों में भरने वालों के काम पर रोक लगी है।

### युवा पीढ़ी वंशवाद और क्षेत्रवाद के खिलाफ

वित्त मंत्री ने कहा कि एक ओर मनोहरलाल हैं, तो दूसरी तरफ कुछ इस तरह के चेहरे, जो अपना परिवार नहीं संभाल सकते। इस तरह के लोग सत्ता संभालने के लिए निकले हैं। इस तरह के लोगों को जनता कभी भी काम करने का मौका नहीं देगी। क्षेत्रवाद जातिवाद और भाई भतीजावाद के लिए उन्होंने लोकदल कांग्रेस इनेलो तीनों दलों को कोसा और कहा कि अब युवा पीढ़ी वंशवाद और क्षेत्रवाद के खिलाफ है, कई क्षेत्रीय दल वर्तमान में भी परिवारवाद, क्षेत्रवाद की राजनीति को हवा देने का काम किया है, बदलाव नहीं होने के कारण ही लगातार गिरावट की ओर हैं। वित्त मंत्री ने तंज कसा और कहा जिन पार्टियों के पास उम्मीदवार नहीं है।

### लंगर सामग्री पर जीएसटी मामला

## अमरिंदर सिंह ने हरसिमरत को "आदतन झूठ" बताया





**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल को रविवार को "आदतन झूठा" बताया। वह इन आरोपों पर प्रतिक्रिया जता रहे थे कि राज्य सरकार एसजीपीसी द्वारा लंगर के लिए सामग्री की खरीद पर जीएसटी की अपनी हिस्सेदारी वापस करने के अपने वादे पर मुकर गई। सिंह ने यहां एक बयान में कहा, वह आदतन झूठी हैं और अपने क्षुद्र राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें धर्म को बीच में लाने में भी शर्म नहीं आती।

मुख्यमंत्री ने शिरोमणि अकाली दल नेता द्वारा लगाये गए आरोपों को खारिज किया और कहा कि ये "झूठ का एक और पुलिंदा जो उनकी विकृत मानसिकता को दिखाता है, और ऐसा लगता है कि लोगों को मूर्ख बनाकर और उन्हें भ्रमित करके सुख मिलता है।" उन्होंने कहा, "राज्य में (चार सीटों के लिए) आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए कोई अर्थपूर्ण राजनीतिक मुद्दे के अभाव में, हरसिमरत और अकाली का शेष नेतृत्व लोगों को झांसा देने के लिए पूरी तरह से झूठ का सहारा ले रहा है।" बठिंडा से शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत ने शनिवार को राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया था कि वह एसजीपीसी द्वारा लंगर के लिए की गई खरीद पर वसूली गई जीएसटी में अपनी हिस्सेदारी वापस नहीं कर रही है। सिंह ने कहा, "तथ्य यह है कि राज्य सरकार ने स्वर्ण मंदिर, श्री दुर्ग्याणा मंदिर और श्री वाल्मीकि स्थल, राम तीरथ के संबंध में पंजाब के हिस्से के 100 प्रतिशत जीएसटी रिफंड को न केवल अधिसूचित किया है, बल्कि अमृतसर के उपायुक्त को इस वर्ष मई में चार करोड़ रुपये आवंटित भी किए थे।

**खबर संक्षेप**

### नारनौल: जोहड़ में डूबने से महिला की जान गई

**नारनौल।** गांव थाना में जोहड़ डूबने से एक महिला की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव थाना निवासी 52 वर्षीय सुशीला देवी शनिवार को करीब साढ़े तीन बजे भैंस को पानी पिलाने जोहड़ पर लेकर गए थी। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और जोहड़ में डूब गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व उसके परिजनों को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से सुशीला देवी को जोहड़ से निकालकर नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### भगत सिंह जयंती पर 28 को होगा राष्ट्रीय स्तर का समारोह

**चंडीगढ़।** 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर चंडीगढ़ के जाट भवन में राष्ट्रीय स्तर का समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें शहीदों के परिवारों, खिलाड़ियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों की महान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर, फतेहगढ़ साहिब से सांसद मनीष तिवारी के अलावा कई वीआईपी अतिथि होंगे। इस दौरान हरियाणा उर्दू साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा तथा सुप्रसिद्ध लेखक प्रो. हरबंस सिंह का शहीद भगत सिंह के जीवन पर मुख्य वक्तव्य होगा। चंडीगढ़ के सेक्टर-27 में स्थित जाट भवन में जाट सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी डॉ. महेंद्र मलिक ने यह जानकारी दी। इस दौरान शहीद सम्मान अभियान संयोजक हरपाल राणा भी उपस्थित थे।

### संदिग्ध हालत में महिला व युवक हुए लापता

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला व युवक संदिग्ध हालत में अपने घरों से लापता हो गए। जानकारी के मुताबिक गांव खुंडेवाला निवासी रवि कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 18 सितंबर को सुबह 11 बजे के करीब उसकी पत्नी संध्या अचानक घर से लापता हो गई। उन्होंने उसकी कई दिन तक तलाश की। मगर उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। परेशान होकर उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत करवाया।

### चूरापोस्त के साथ पकड़ा युवक रिमांड पर

**अंबाला।** सीआईए टू ने मुलाना क्षेत्र में कालपी रोड पर हमीदपुर के पास एक युवक को 1 किलो 800 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

## हरियाणा के बाढडा़ में एयरमैन का पेपर सॉल्व कर रहा था गिरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढडा

**फर्जीवाड़ा**

- बाढड़ा तोता की ढाणी के मकान में लेपटॉप, मोबाइल और वाईफाई की मदद से करवाए जा रहे थे ऑनलाइन पेपर

बाढड़ा में एयरफोर्स द्वारा एयरमैन के पद के लिए आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में धांधली का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मकान पर छापेमारी कर लेपटॉप, मोबाइल, रजिस्टर समेत वाईफाई बरामद किए हैं। गिरोह के सदस्य पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। कई आरोपितों के नामों का भी खुलासा हुआ है। गिरोह छात्रों से ढाई से तीन लाख रुपये लेकर परीक्षा करवा रहा था। पुलिस का दावा है कि आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले के अनुसार एएसआई राकेश कुमार अपनी टीम के साथ ढाणी फाटक दादरी में गस्त के दौरान मौजूद थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि एयरफोर्स में एयरमैन पद के लिए आनलाइन परीक्षा चल रही है। रमेश निवासी बाढड़ा तोता की ढाणी का मकान खेतों में बना हुआ है। उस मकान के एक कमरे में रमेश के लड़के रविन्द्र का साला सनी निवासी डोहकी अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर वाईफाई से अपने 15 लेपटॉप व मोबाइल कनेक्ट करके एयरफोर्स का पेपर आनलाइन हाईक कर रहा है और फिर पेपर हल करके छात्रों का पेपर करवा रहे हैं। इसके बदले प्रत्येक छात्र से ढाई तीन लाख रुपये लिए जा रहे हैं। उनके तार परीक्षा केंद्रों से भी जुड़े हुए हैं। छापेमारी की जाए तो आरोपित गिरफ्तार किए जा सकते हैं। पुलिस ने टीम तैयार कर रमेश के मकान पर छापेमारी की। पुलिस को आता देखकर मकान से तीन गाड़ियों में मौजूद करीब 8 युवक खेतों के कच्चे रास्ते से भाग गए। मकान की छत पर बने कमरे की तलाशी ली गई तो कमरे के अन्दर 4 लेपटॉप, एक मोबाइल फोन व दो रजिस्टर बरामद हुए। कमरे के साथ लगी लोहे की पाइप पर लगा वाईफाई एंटिना लीड सहित बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि छात्रों के नाम सामने आए हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जमीनी विवाद में वारदात**

### नरवाना में ताऊ ने भतीजे को मारी गोली, पीजीआई रेफर

**नरवाना।** गांव डूमरखा कलां में जमीनी विवाद को लेकर ताऊ ने अपने ही भतीजे पर अवैध असलहा से फायर कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों पर तीन फायर किए। जिसमें भतीजे सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। गांव डूमरखा कलां जिले सिंह उर्फ प्रेमी ने जमीन विवाद को लेकर अपने ही भतीजे 28 वर्षीय प्रदीप पर फायर कर दिया।

इस दौरान बीच बचाव में आए 55 वर्षीय भरत सिंह पर भी जिले सिंह ने तीन फायर किए गए। जिनमें एक गोली भरत सिंह के पेट में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं प्रदीप को गोली पीठ में कंधे के पास जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी वहां पहुंचे और घायल प्रदीप व भरत सिंह को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना में पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया है।

**पंद्रह लाख ठगने का आरोप**

### कांग्रेस का टिकट दिलवाने को प्रशांत किशोर के नाम पर ठगी

**रोहतक।** बेरी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे एडवोकेट अजय अहलावत ने 15 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार कांग्रेस का टिकट दिलवाने के लिए प्रशांत किशोर के नाम पर ठगी की गई है। वकील ने अर्बन अस्टेट थाना में केस दर्ज करवाया है। ऐसे ही एक मामले में ऐसे ही मामले में हांसी में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से पूछताछ करने के लिए अर्बन अस्टेट पुलिस हांसी रवाना हो गई है। गिरफ्तार व्यक्ति पर प्रशांत किशोर के नाम पर भाजपा नेता से भी ठगी करने का आरोप है। ध्यान देने योग्य है कि प्रशांत किशोर फिलहाल कांग्रेस के लिए काम ही नहीं कर रहे हैं। पुलिस को शिकायत में अजय अहलावत ने बताया कि वह मूलरूप से गांव डीघल के रहने वाले हैं। इस समय वह सेक्टर चार में रहते हैं। करीब 26 साल से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और बेरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान 20 सितंबर की शाम करीब चार बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को प्रशांत किशोर बताया।

### पंजाब में 18 निजी नशा मुक्ति केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

**चंडीगढ़।** पंजाब में 18 निजी नशा मुक्ति केंद्रों के लाइसेंस मानक के अनुरूप दवाएं इस्तेमाल नहीं करने पर निलंबित कर दिये गए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य में मादक द्रव्य की निगरानी से जुड़ी इकाई के प्रवक्ता ने कहा कि अमृतसर, लुधियाना, मोगा, फजिल्का, बठिंडा, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, श्री मुक्तसर साहिब, तरन तारन और पठानकोट समेत केंद्रों से जुटाए गए नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। उन्होंने कहा कि यह केंद्रों की जिम्मेदारी है कि वहां रहने वाले लोगों तक गुणवत्ता युक्त दवा की पहुंच सुनिश्चित करें। प्रवक्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए यह भी पूछा गया है कि उनके द्वारा वितरित दवा मानक के अनुरूप क्यों नहीं थी। इन केंद्रों से 15 दिनों के अंदर जवाब दाखिल करने को कहा गया है और ऐसा नहीं करने पर उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में भाई और बहन की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- कुरुक्षेत्र-सहारनपुर मार्ग पर ट्रक-ट्राला ने मारी बाइक को टक्कर

कुरुक्षेत्र-सहारनपुर मार्ग पर कलानौर पुल के नजदीक रविवार दोपहर ट्रक-ट्राला की टक्कर से बाइक सवार भाई व बहन की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर गांव लापरा निवासी यामीन दो बच्चों गुलफाम (16) व रजिया (6) के साथ बाइक पर यूपी की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में कलानौर पुल के नजदीक ट्रक-ट्राला की टक्कर लगने से गुलफाम व राजिया की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि यामीन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपित ट्रक-ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित ट्रक-ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### अचानक ब्रेक लगाने से ट्रक के अंदर घुसी बस

- दिल्ली-जयपुर हाईवे पर हादसा, आधा दर्जन यात्री घायल

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पर जयपुर की तरफ जा रही पंजाब रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रैक लगा देने से उसमें जा घुसी। हादसे में बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार दोपहर पंजाब रोडवेज की एक बस यात्रियों को बैठाकर जयपुर की तरफ जा रही थी। बस के आगे एक ट्रक चल रहा था। बस जैसे ही जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर के पास पहुंची। आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रैक लगा दिए। इससे पहले बस का चालक कुछ समझ पाता, बस ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। लोगों ने यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में जयपुर निवासी सूरज, शीला के अलावा आधा दर्जन यात्री घायल हुए है। बावल थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर जांच शुरू कर दी है।

## जल त्यागने के बाद नशे के खिलाफ धरने पर बैठे प्रवीन की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अस्पताल में प्रवीन का हालचाल जानते सिटी एसएचओ यादविंद्र सिंह।

- प्रशासन ने अस्पताल में करवाया भर्ती
- काशी ने ड्रिप लगवाने से किया इनकार

नशे के विरुद्ध अनशन कर रहे तथा नशा पीड़ितों के लिए विशेष जोन घोषित न करने पर अन्न के बाद जल त्याग करने पर शनिवार देर रात प्रवीन काशी की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन ने एम्बुलेंस व चिकित्सकों को धरना स्थल पर बुलाकर काशी को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां प्रवीन का ब्लड प्रेशर कम मिला व शुगर भी कम पाई गई। चिकित्सकों ने ग्लूकोज की ड्रिप लगाने का प्रयास किया लेकिन काशी के मना करने पर ओआरएस व पानी के घोल देकर स्वास्थ्य में सुधार लाया गया। रविवार को प्रवीन काशी अस्पताल में एडमिट रहे। गौरतलब है कि पिछले दिनों प्रवीन काशी ने एडीसी के समक्ष ऐलान किया था कि आचार संहिता लगने से पहले अगर सिरसा व फतेहाबाद को विशेष जोन घोषित नहीं किया तो वह अन्न के बाद जल भी त्याग देंगे। शनिवार को आचार संहिता लगी तो प्रवीन काशी ने जल त्यागने की घोषणा कर दी।

दोपहर करीब अढ़ाई बजे चिकित्सकों की टीम धरना स्थल पर पहुंची। प्रवीन काशी ने मौके पर ही डॉक्टर अमित चुघ को लिखित में दे दिया कि वह जल त्याग चुके हैं, अगर उन्हें कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। जल त्यागने के बाद रात साढ़े 10 बजे प्रवीन काशी में जल की मात्रा कम हो गई तथा नब्ज भी कम चलने लगी। इस पर सूचना प्रशासन के पास पहुंची तो टोहाना के एसडीएम अनुभव मेहता, सिटी एसएचओ यादविंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और प्रवीन को मनाने का प्रयास किया। प्रवीन को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका ब्लड प्रैशर कम था व कीटोन की मात्रा कम थी। डॉक्टरों ने ड्रिप लगाने का प्रयास किया तो प्रवीन ने मना कर दिया। इस पर उन्हें ओआरएस का घोल मिलाकर पिलाया, जिस पर उनके स्वास्थ्य में सुधार आया।

## त्योहारी मौसम में खाद्य गुणवत्ता जांचने के लिए टीम गठित करें

### पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ने दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों को खाने की गुणवत्ता जांचने के लिए जिला स्तरीय टीमें गठित करने का निर्देश दिया है ताकि आगामी त्योहारी मौसम के दौरान बिना मिलावट के दूध के उत्पाद, मिठाइयां और बेकरी उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। स्वास्थ्य मंत्री ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार राज्य के लोगों को पोषक, साफ, शुद्ध एवं बिना मिलावट का खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि किसी व्यापारी या उत्पादक के अनैतिक गतिविधि में लिप्त पाये जाने पर उसके खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। सिद्धू ने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जांच का मकसद किसी को परेशान करना नहीं बल्कि साफ एवं उत्तम भोजन उपलब्ध कराना है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त कहन सिंह पन्नू ने खाद्य सुरक्षा दलों की राज्य भर की गतिविधियों का ब्योरा देते हुए बताया कि पिछले महीने राज्य के विभिन्न हिस्सों से कुल 849 नमूने एकत्रित किए गए। पन्नू ने बताया, "करीब 690 नमूने सुरक्षित पाए गए जबकि 159 नमूने घटिया निकले। अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष कुल 340 मामले दायर किए गए जबकि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर मामलों की संख्या आठ है।" उन्होंने बताया कि उल्लंघन करने वालों पर 24.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## एसएचओ से मारपीट कर रिवाल्वर छीन ले गए युवक

### घायल एसएचओ को रोहतक पीजीआई ले जाया गया, गोहाना व रोहतक पुलिस ने कई जगह दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



एसएचओ कप्तान सिंह

सदर थाना के एसएचओ कप्तान सिंह से दो युवकों ने मारपीट कर दी। एक युवक ने एसएचओ पर पिस्तौल के बट्ट से भी हमला किया और बाद में उन पर पिस्तौल तान दी। दोनों युवक एसएचओ से उनके सर्विस रिवाल्वर छीन कर फरार हो गए। मारपीट की घायल एसएचओ को पीजीआई रोहतक ले जाया गया। उधर गोहाना और रोहतक पुलिस ने युवकों को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश दी। फिलहाल युवक पुलिस के हाथ नहीं लगे लेकिन एक की पहचान हो गई है। क्षेत्र में कई दिनों से दो युवक लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दोनों चेहरे ढक कर मोटरसाइकिल पर आते हैं और घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। युवकों ने बीते 4 सितंबर को गांव सिकंदरपुर माजरा में घर में घुस कर पिस्तौल के बल पर एक महिला से आभूषण लूट लिए थे। उसी दिन युवकों ने गांव कथूरा में शराब के ठेके पर भी लूट की कोशिश की थी। करीब एक सप्ताह पहले गांव मुंडलाना में खेत में घूमने गई एक महिला से सोने की बालियां लूट ली थी। रविवार को सदर थाना के एसएचओ कप्तान सिंह को सूचना मिली कि लूट की घटनाओं में संलिप्त बाइक पर महम रोड की तरफ गए हैं। एसएचओ महम की तरफ से आ रहे थे। एसएचओ युवकों की तलाश में रोहतक जिले के लाखनमाजरा गांव में पहुंच गए। वहां टायर पंचर की एक दुकान पर उसी तरह की बाइक खड़ी मिली, जिसे गांव सिकंदरपुर माजरा में लूट की घटना में प्रयोग किया गया था। एसएचओ बाइक के पास गए तो एक युवक भाग गया जबकि दूसरे युवक को एसएचओ ने पकड़ लिया। कुछ दूरी से युवक वापस आया व बैग से पिस्तौल निकालकर एसएचओ पर तान दी। एसएचओ ने दोनों को पकड़ने की कोशिश की तो युवकों ने उन पर हमला बोल दिया। एक युवक ने पिस्तौल के बट से एसएचओ पर हमला कर दिया। एसएचओ घायल हो गए और युवक बाइक पर फरार हो गए। युवक एसएचओ से उनकी सर्विस रिवाल्वर भी छीन ले गए। सूचना मिलने पर गोहाना के एएसपी उदय सिंह मीणा व विभिन्न थानों की पुलिस और रोहतक क्षेत्र की टीमें मौके पर पहुंची। घायलावस्था में एसएचओ कप्तान सिंह को पहले गांव चिड़ी स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस चौकी में करंट से प्रभारी के बेटे की मौत

**बरेली।** बरेली की बिहारीपुर पुलिस चौकी में बारिश के दौरान उतरे करंट की चपेट में आने से चौकी प्रभारी के बेटे की मौत हो गई। एसपी (नगर) अभिनंदन सिंह ने बताया कि रविवार सुबह बारिश के दौरान बिहारीपुर पुलिस चौकी में प्रभारी देवेन्द्र सिंह के बेटे सौरभ (20) ने जब 'डोर बेल' दबाई तो उसे जोरदार करंट लगा। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के वक्त बारिश की वजह से पुलिस चौकी में पानी भर गया था। बाद में दमकलकर्मियों को बुलाकर पानी निकाला गया। चौकी में करंट उतरने की जांच कराई जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### फर्जी दस्तावेज पर नौकरी पाने वाले तीन शिक्षक बर्खास्त

**बलिया।** बलिया जिले के सरकारी स्कूल में फर्जी प्रमाण पत्र के जरिये पिछले 10 वर्ष से नौकरी करने के आरोप में तीन शिक्षकों को बर्खास्त कर उनसे अब तक किये गये वेतन भुगतान की वसूली के आदेश दिये गये हैं। बलिया जिले के मुरली छपरा शिक्षा क्षेत्र के लक्ष्मीपुर प्राथमिक विद्यालय में नवनीता यादव की तीन अक्टूबर 2009 को, पूनम यादव की 31 जुलाई 2010 को और फूलचंद की शिक्षा क्षेत्र बांसडीह के प्राथमिक विद्यालय टी एस बांध में 31 जुलाई 2010 को सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति की गई थी।

### बच्ची से दुष्कर्म, हत्या मामले में दोषी को मौत की सजा

**गिरिडीह (झारखंड)।** गिरिडीह की विशेष पोक्सो अदालत ने चार साल की बच्ची से रेप करने, उसकी हत्या के मामले में व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है जबकि दोषी के पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। अदालत ने शनिवार को पोक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 27 वर्षीय रामचंद्र ठाकुर को मौत की सजा सुनाई, उसके पिता मधु ठाकुर को उम्र कैद की सजा सुनाई।

## मदरसे में रहकर जिहाद के लिए युवाओं को कर रहा था तैयार

# अलकायदा का आतंकी कलीमुद्दीन गिरफ्तार

**एजेंसी ⏭ रांची**

झारखंड एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार ओसामा बिन लादेन के वैश्विक आतंकी संगठन अलकायदा के एक कुख्यात आतंकी को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आतंकी स्लीपर सेल की सहायता से देश को दहलाने की साजिश रच रहा था। झारखंड एटीएस उस गिरफ्तार कर अज्ञात स्थान ले गई है जहां उससे कड़ाई से पूछताछ जारी है। कुख्यात आतंकवादी का नाम मो. कलीमुद्दीन मुजाहिर है जिसे एटीएस ने जमशेदपुर से दबोचा है। आतंकी जमशेदपुर के मानगो इलाके के आजादनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। खबरों की मानें तो यह लंबे वक्त से आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़ा हुआ है। देश भर की सुरक्षा एजेंसियां साल 2016 से ही अलकायदा के इस कुख्यात आतंकी की तलाश में थी। गिरफ्तार आतंकी भारत में अलकायदा के लिए काम करने में जुटा हुआ था।

- आतंकी स्लीपर सेल की मदद से देश को दहलाने की साजिश रच रहा था
- झारखंड एटीएस अज्ञात स्थान पर ले जाकर आरोपी से कर रही पूछताछ
- सुरक्षा एजेंसियां साल 2016 से कुख्यात आतंकी की खोज में थी



### पकड़े गए आतंकी का झारखंड में स्लीपर सेल तैयार करना था काम

एटीएस के एडीजी अभियान मुरारी लाल मीणा ने अलकायदा के आतंकी मोहम्मद कलीमुद्दीन की गिरफ्तारी की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गये आतंकी का काम झारखंड में स्लीपर सेल तैयार करना था। यही नहीं वह जिहाद के लिए लोगों का ब्रेन वॉश करता था और उन्हें तैयार करता था। मीणा ने बताया कि वह आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने की वजह से वांछित था और 3 साल से फरार था। एटीएस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार किया। वह एक मदरसे में रह रहा था और जिहाद के लिए युवाओं को तैयार करता था।

### कलीमुद्दीन मूल रूप से रांची का ही रहने वाला है

बताया जा रहा है कि कलीमुद्दीन मूल रूप से रांची के चान्हो ब्लॉक के राड़गांव का गांव का रहने वाला है जो वर्तमान में जमशेदपुर के आजाद नगर में रहता था। आतंकवादी अब्दुल रहमान उर्फ कटकी, अब्दुल सामी सहित अन्य इसके सहयोगी हैं जो अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## बाढ़ ने बढ़ाई दिक्कतें...



**मिर्जापुर (यूपी)।** भारी बारिश के बाद लोग बाढ़ से घिरे मिर्जापुर - प्रयागराज राजमार्ग से गुजरते लोग।

### कर में कटौती से भारत, उप्र निवेश के आर्कषक केंद्र बनेंगे: योगी

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने केन्द्र सरकार द्वारा उद्योग जगत को कर रियायत देने के फैसले को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध से उत्पन्न नई संभावनाओं के बीच लिये गये फैसले से देश, यूपी निवेश के सबसे आकर्षक केंद्र बन जाएंगे। पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी का दौर चल रहा है। इससे उबरने के लिए वित्त मंत्रालय ने कर कटौती का साहसिक, ऐतिहासिक फैसला लिया। इससे भारतीय अर्थ जगत को नई ताकत मिलेगी। आर्थिक सुस्ती झेल रहे उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें न सिर्फ निवेश के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि जिन निवेशकों ने पूंजी लगाई है, उनको इसका लाभ मिलेगा। अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध से चीन के निर्यात में भारी कमी आई है। इससे चीन में उत्पादन कम हुआ है, जिन कम्पनियों ने चीन में निवेश किया था अब वे निवेश के लिए दूसरे गंतव्य की तलाश करेंगी।



### उप-चुनाव: केवल कांग्रेस भाजपा को टक्कर दे सकती है: राज बब्बर

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर ने कहा है कि राज्य की 12 विधानसभा सीटों के लिए होने जा रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी सत्तारूढ़ भाजपा को अकेले टक्कर दे सकती है क्योंकि अन्य विपक्षी पार्टियां डरी हुई हैं। बब्बर ने रविवार कहा कि ईमानदारी से देखें तो अगर कोई पार्टी भाजपा से उपचुनाव में लड़ सकती है तो वह केवल कांग्रेस है। बाकी पार्टियां तो घबराई नजर आ रही हैं। कांग्रेस पूरी गंभीरता से संघर्ष कर रही है व जमीन से जुड़े लोग अब धीरे-धीरे कांग्रेस की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान हमीरपुर तथा प्रदेश की 11 अन्य विस सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर दिया है। हमीरपुर में 23 सितम्बर को जबकि बाकी 11 सीटों पर 21 अक्टूबर को उपचुनाव होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार के झूठे वादों, प्रदेश की खराब कानून-व्यवस्था, महिलाओं में असुरक्षा की भावना तथा बच्चों के प्रति हो रहे अपराधों को उपचुनाव में मुद्दा बनाएगी। लोग 'पागल' नहीं हैं, वह भी सब कुछ देख रहे हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी की पौत्री ने किया पिंडदान

**कानपुर।** गंगा नदी किनारे रविवार की सुबह सरसैया घाट पर युग दधीचि देहदान संस्थान के तत्वावधान में अजन्मी कन्याओं, अमर शहीदों व दिवंगत देह रानियों की आत्मशांति के लिए महा तर्पण का आयोजन किया गया।

यहां पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की पौत्री ने भी बाबा का पिंडदान किया।

## राजद विधायक विजय की भतीजी के हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी दानिश अरेस्ट, तीन की तलाश

# रेप के प्रयास के दौरान दोस्तों ने की रिया व आसिफ की हत्या

**एजेंसी ⏭ मुंगेर**

मुंगेर पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर रिया व आसिफ हत्याकांड का खुलासा कर दिया है व मामले में मुख्य आरोपित दानिश को गिरफ्तार कर लिया है। मुंगेर के राजद विधायक विजय कुमार विजय की 25 वर्षीया भतीजी रिया उर्फ ट्विंकल एवं उसके प्रेमी आसिफ की हत्या उसके दोस्तों ने ही मिलकर कर दी।

मुंगेर सदर प्रखंड परिसर के पीछे आसिफ के दोस्तों ने पहले शराब पी व फिर जब शराब का नशा चढ़ा तो उन्होंने अपने दोस्त की प्रेमिका रिया के साथ दुष्कर्म करना चाहा पर आसिफ ने इसका विरोध किया। फलतः दानिश व अन्य तीन दोस्तों ने मिलकर रिया व आसिफ की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में शनिवार को दिनभर डीआइजी से लेकर पुलिस अधीक्षक व एसएफएल की टीम पड़ताल करती रही व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इस बात का खुलासा हुआ कि आसिफ के दोस्तों ने ही प्रेमी युगल की हत्या की है। सदर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित राज्य खाद्य निगम का गोदाम के पीछे दीवार तोड़ कर एक रास्ता बना हुआ है। उसी के पीछे बगीचा है, जहां प्रेमी युगल का शव बरामद किया गया। लड़की के बाएं कनपट्टी में गोली मारी गई थी, जबकि उसके प्रेमी को दांयी कनपट्टी में गोली लगी थी। एक हाथ की दूरी पर दोनों का शव पड़ा हथा। मामले का पता तब चला जब कुछ स्थानीय लोगों ने देखा कि स्कूटी घंटों से बगीचे में दीवार के समीप खड़ी है। उस समय रात के 10:40 बज रहे थे। रात काफी होने के कारण लोगों को संदेह हुआ और ग्रामीणों का जुटान होने लगा। जब ग्रामीण स्कूटी के पास पहुंचे व इधर-उधर टार्च जला कर देखने लगे तो स्कूटी से कुछ ही दूरी पर आम के पेड़ के नीचे युवक-युवती का शव पड़ा हुआ था। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों शवों को अपने कब्जे में कर मुंगेर सदर अस्पताल लाई। घटनास्थल से मात्र स्कूटी बरामद हुआ। वहां न तो खोखा मिला और न ही पिस्टल बरामद हुआ।



- आसिफ के दोस्तों ने नशे में रिया के साथ दुष्कर्म करना चाहा पर आसिफ ने विरोध किया तो चारों ने मिलकर दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी

### घटनास्थल से बरामद हुए शराब के पाउच व ग्लास

घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल की टीम ने जब पड़ताल शुरू की तो कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। जहां से दोनों का शव पुलिस ने बरामद किया था वहां चार ईंट लगे हुए हैं। इनके बीच में एक कागज का टुकड़ा था, जिस पर कुछ खाने-पीने के सामान का अंश मिला। कुछ ही दूरी पर एक यूज कंडोम व प्लास्टिक का ग्लास मिला, जिसमें शराब का अंश था। साथ ही दीवार की दूसरी तरफ एक शराब का पैकेट भी मिला, जो यह दर्शाता है कि वहां पहले शराब पार्टी चली होगी।

### मेडिकल बोर्ड ने किया रिया व आसिफ का पोस्टमार्टम

मुंगेर मृतक प्रेमी युगल का मेडिकल बोर्ड गठित कर पोस्टमार्टम किया गया। इसमें सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुधीर कुमार, डॉ के रंजन, डॉ राजीव कुमार, डॉ निर्मला गुप्ता एवं डॉ मंजूला रानी शामिल थे। लड़की की स्थिति को देखने से पता चलता है कि उसे घसीटा गया थ। पोस्टमार्टम में भी पाया गया कि मौत से पहले उसके साथ मारपीट की गई थी। गले में और गाल पर मारपीट के निशान पाये गये, जबकि लड़के के आंख के पास भी मारपीट के निशान थे। डीआईजी मनु महाराज, एसपी गौरव मंगला एवं एएसपी हरिशंकर कुमार दिनभर इस मामले में उद्भेदन में लगे रहे, जबकि इससे पहले पुलिस केंद्र मुंगेर से स्वान दस्ते की टीम पहुंची व घंटों जांच पड़ताल की। उसके बाद एसएफएल की टीम वहां पहुंची और ब्लड का सेंपल उठाया।

# रेप आरोपी राजद विधायक की संपत्ति कुर्क करने पहुंची पुलिस, समर्थक आए आड़े

**एजेंसी ⏭ आरा**

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फंसे राजद विधायक अरुण यादव के खिलाफ शनिवार को आरा कोर्ट से कुर्की वारंट निकलने के बाद पुलिस विधायक के घर की कुर्की करने अगिआंव पहुंची। अगिआंव बाजार स्थित उनके घर पुलिस के पहुंचने से पहले भारी संख्या में विधायक समर्थक मौके पर मौजूद थे। जैसे पुलिस विधायक के अगिआंव स्थित घर पहुंची विधायक के परिजनों, समर्थकों ने पुलिस को अगिआंव का घर विधायक की पत्नी किरण देवी के नाम होने का हवाला देते हुए नियम के हिसाब से कुर्की करने की बात कही। परिजनों ने पुलिस को विधायक के नाम चल संपत्ति की कुर्की करने की बात कही जिससे पुलिस भी थोड़ी देर के लिए कार्रवाई करने से रुक गई। फिलहाल विधायक के घरवालों व पुलिस में वार्ता हुई जिसके बाद पुलिस विधायक अरुण यादव के नाम पर मौजूद संपत्ति की कुर्की के विधायक के अगिआंव के लसाढ़ी के लिए रवाना हो गई।

- अगिआंव का घर विधायक की पत्नी किरण के नाम पर
- समर्थक बोले- नियम के हिसाब से कुर्की हो



#### दो जगहों पर इश्तेहार चिपकाए

बता दें कि कोर्ट के आदेश के बाद इश्तेहार चस्पा करने गए पुलिस को भी विधायक के परिजनों ने अगिआंव स्थित घर को विधायक की पत्नी के नाम पर होने की बात कहते हुए इश्तेहार चस्पा करने से रोका था बावजूद इसके पुलिस ने वहां इश्तेहार चिपकाया था। बाद में पुलिस विधायक के गांव लसाढ़ी भी पहुंची थी व विधायक के नाम की संपत्ति पर इश्तेहार चिपकाया था।

#### समर्थकों में आक्रोश

कोर्ट के कुर्की-जब्ती के आदेश का तामिला करने रविवार को आरा सदर एसडीपीओ, एएसपी अभियान, पीरो एसडीपीओ के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची है जहां फिलहाल परिजनों के साथ पुलिस की वार्ता चल रही है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में विधायक के समर्थक मौजूद है।

## लोगों ने की शिकायत तो गिरिराज ने मौके पर पहुंचकर एसडीओ को लगाई फटकार

**एजेंसी ⏭ बेगूसराय**



केंद्रीय मंत्री व बेगूसराय से बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह का वीडियो सामने आया है, जिसमें वो सब-डिविजनल अफसर पर बरसते नजर आ रहे हैं। दरअसल, बेगूसराय के बाढ़ प्रभावित स्थानीय लोगों ने एसडीओ पर राहत, बचाव काम में भेदभाव करने की शिकायत की थी, जिसके बाद गिरिराज सिंह मौके पर पहुंचे थे व एसडीओ को फटकार लगाई थी। सिंह ने एसडीओ पर तंज कसते हुए कहा कि एसडीओ बड़े आदमी हैं। ये बाबू हैं। ये गली में उतरेंगे कैसे। केंद्रीय मंत्री ने एसडीओ को नसीहत देते हुए कहा कि एक चीज सुन लीजिए, जो आपकी हम रास्ते भर तारीफ सुने हैं, ये दोबारा न सुनने को मिले। आप सरकारी अधिकारी हैं। लिहाजा आप कतई भेदभाव न करें। आपके लिए सभी लोग बराबर हैं। यहां पर साल 2016 में कैंप लगा था। अगर यहां अब कैंप नहीं लगेगा तो मैं आपके घर के बाहर धरना दूंगा। गिरिराज ने कहा कि हम जन प्रतिनिधि हैं व आप जनसेवक हैं। हमसे ज्यादा आपका दायित्व बनता है। अगर कोई दिक्कत है तो डीएम और हमको बताइए। हम सीएम से बात करेंगे, मुख्य सचिव से भी बात करेंगे। जब गिरिराज एसडीओ के नसीहत दे रहे थे, तभी वहां मौजूद भीड़ से कुछ लोगों ने बोलने की कोशिश की तो गिरिराज ने उनसे भी साफ कह दिया कि अगर आप लोगों को बोलना है, तो हम न बोलें। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर बेगूसराय संसदीय क्षेत्र के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया था।

## हमीरपुर विस उपचुनाव के लिए मतदान आज

**लखनऊ।** यूपी की हमीरपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए सोमवार को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक मतदान सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा व नतीजों की घोषणा 27 सितंबर को की जाएगी। हमीरपुर सीट भाजपा विधायक अशोक कुमार सिंह चंदेल को हत्या के मामले में अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता रद होने के कारण रिक्त हुई है। उपचुनाव में कुल 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के युवराज सिंह, कांग्रेस के हर दीपक निषाद, सपा के मनोज कुमार प्रजापति, बसपा के नौशाद अली और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आलम मंसूरी मुख्य रूप से शामिल हैं। उपचुनाव के लिए कुल 257 मतदान केंद्र व 476 मतदान स्थल बनाए गए हैं। मतदान में 401497 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। मतदान के लिए 572 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा 619 वीवीपैट मशीनें लगाई गई हैं। मतदान को स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 4 जोनल मजिस्ट्रेट और 35 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। मतदान भयमुक्त माहौल में कराने के लिए पर्याप्त बल तैनात किया गया है।

- 27 को घोषित होगा नतीजा

## रघुवर दास ने शिबू, हेमंत और बाबूलाल पर साधा निशाना

# 'सरकार बनी तो राज्य, साहिबगंज बनेगा नंबर वन'

**एजेंसी ⏭ साहिबगंज**

जोहार जनआशीर्वाद यात्रा पर निकले सीएम रघुवर दास रविवार को साहिबगंज पहुंचे। उन्होंने विवेकानंद चौक (बाटा चौक) पर जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड की भाजपा सरकार के काम-काज का हिसाब दिया। कहा, डबल इंजन की सरकार की वजह से पिछले पांच वर्षों में राज्य का सर्वांगीण विकास हुआ है।

इसके बदले में सीएम ने जनता का आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि अगले पांच साल के लिए फिर से झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनावाएं। डबल इंजन की सरकार बनने पर देश में झारखंड नंबर वन राज्य, साहिबगंज झारखंड में नंबर वन जिला बनेगा। झारखंड विस चुनाव में भाजपा से मुकाबला के लिए विपक्षी की कवायद पर सीएम ने तंज कसते हुए कहा चोर-लुटेरे फिर से महागठबंधन बना रहे हैं। जनता को चोर-लुटेरो से बचकर रहने की जरूरत है। कमजोर सरकारें राज्य का विकास नहीं कर सकतीं। उन्होंने झामुमो प्रमुख पूर्व सीएम शिबू सोरेन, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और झाविमो प्रमुख पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को निशाने पर लेते हुए कहा कि संताल परगना से तीन-तीन सीएम हुए पर यह प्रमंडल झारखंड का सबसे पिछड़ा का पिछड़ा ही रह गया।



- संताल परगना से तीन-तीन सीएम बने, यह प्रमंडल झारखंड का सबसे पिछड़ा का पिछड़ा ही रह गया

### अनुच्छेद 370 को उठाकर जनता का ध्यान बांट रहे: हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रदेश विस चुनाव के तहत भाजपा का अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का मुद्दा उठाना दास सरकार की 'बड़ी विफलताओं' से जनता का ध्यान भटकाने का हथकंडा है। हेमंत ने हमला पीएम मोदी, अमित शाह के राज्य में जनसभा को संबोधित करने के दौरान उपलब्धियां गिनाते वक्त एनडीए के दूसरे कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त करने का उल्लेख करने के बाद किया है।

## राशिफल 23 सितंबर 2019



**डॉ. प्रेम कुमार शर्मा**
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : परिवार के किसी छोटे सदस्य की सफलता पर गर्व करेंगे। किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हैं। प्रॉप्रर्टी से जुड़ा कोई मामला आपके पक्ष में जाएगा। पढ़ाई में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 18, **रंग** : लाल।

**वृष:** व्यापार में कोई भी डील करते समय सतर्क रहें। परिवार में सब कुछ अच्छा रहेगा। किसी यात्रा पर अकेले जाकर बोर हो सकते हैं। अपने आसपास आंख और कान खुले रखें। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** सफेद।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र पर चीजों को लेकर लापरवाही ना बरतें। परिवार के सदस्य पर गर्व महसूस करेंगे। मकान मालिक को घर के लिए किराएदार मिल सकता है। **शुभ अंक** : 3, **रंग:** क्रीमसन।

**कर्क:** कार्यक्षेत्र पर चीजों को सतर्क रहें। घर के लिए किसी बड़ी चीज को खरीदने में समय लगेगा। विदेश जाने का मौका मिल सकता है। प्रॉप्रर्टी में निवेश करना फायदेमंद साबित होगा। **शुभ अंक:** 9, **रंग:** केसरिया।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र पर समस्याओं का सामना आसानी से कर लेंगे। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होगा। किसी प्रॉप्रर्टी की खरीददारी के लिए दिन शुभ है। **शुभ अंक:** 22, **रंग:** इंडिगो।

**कन्या:** कार्यक्षेत्र पर अधूरा पड़ा कोई काम पूरा करने की कोशिश करेंगे। परिवार में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा सकते हैं। कहीं छुट्टियों पर जाकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक:** 4, **रंग:** इलेक्ट्रिक ब्लू।

**तुला:** कार्यक्षेत्र पर आपके प्रयास रंग लाएंगे। परिवार के किसी सदस्य से बातचीत बंद कर सकते हैं। व्यवसाय में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सोच समझकर ही कुछ बोलें। **शुभ अंक:** 1, **रंग** : लेमन।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। किसी के साथ यात्रा पर जाकर अच्छा महसूस करेंगे। प्रॉप्रर्टी से जुड़ी कोई खुशखबरी मिल सकती है। कोई आपकी तारीफ करेगा। **शुभ अंक:** 8, **रंग** : लाइट ग्रे।

**धनु:** कार्यक्षेत्र पर आपके द्वारा शुरु किया कोई काम सफल होगा। काम से ब्रेक लेकर छुट्टियों पर जाना फायदेमंद रहेगा। प्रॉप्रर्टी से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 11, **रंग:** सिल्वर।

**मकर:** कार्यक्षेत्र पर किसी बात को लेकर सीनियर्स से नाराज हो सकते हैं। पढ़ाई में परिवार का सहयोग मिलेगा। सड़क मार्ग द्वारा यात्रा करने वाले लोग जल्दी घर से निकलें। **शुभ अंक** : 2, **रंग:** सफेद।

**कुंभ** : नई जॉब पर जल्दी ही चीजें सीख लेंगे। घर पर तनाव का माहौल हो सकता है। किसी प्रॉप्रर्टी के कारण घर पर तनाव हो सकता है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। **शुभ अंक** : 7, **रंग:** पीला।

**मीन:** कार्यक्षेत्र पर किसी के साथ विवाद के चलते मूड खराब होगा। किसी मेहमान के आने से परेशानी हो सकती है। किसी लकी ड्रॉ में प्रॉप्रर्टी मिल सकती है। **शुभ अंक** : 17, रंग : हरा।

**:टिप्स:**

1. बिस्तर के अंदर का हिस्सा भी अच्छी तरह से साफ करते रहें। यह ची का स्थान होता है, यदि यहां धूल जमेगा तो ची के सुचारु रुप से प्रवाह में वाधा उत्पन्न होगी और आप पर इसका बुरा असर पड़ेगा।
2. आप चाहते हैं कि घर या कार्यालय में हवा का प्रवाह सहजता से बना रहे तो कमरे का विभाजन में लकड़ी की सामग्री का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। अर्थिक स्थिति में सुधार के अच्छे परिणाम लाने में सहायक साबित होगा।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# छत्तीसगढ़ के पावर प्लांटों में मंडरा रहा कोयले का संकट, उत्पादन प्रभावित

*केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के नियमानुसार प्लांट में कम से कम 15 दिन का कोयला स्टॉक रहना चाहिए, लेकिन हालत यह है कि खदान से प्रतिदिन जो कोयला प्लांट तक पहुंच रहा, उसी से प्लांटों का संचालन हो रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

विद्युत कंपनी के पावर प्लांट में कोयला की आपूर्ति नियमित नहीं होने की वजह से बिजली उत्पादन कम हो गया है। मड़वा की 500 मेगावॉट इकाई दो दिन से बंद है। यहां केवल एक ही दिन का स्टॉक बचा है। डीएसपीएम पावर प्लांट में भी केवल दो दिन का कोयला शेष है। ऐसे में यदि एक दिन भी आपूर्ति प्रभावित होती है, तो इसका असर प्लांट के परिचालन में पड़ने से इन्कार नहीं किया जा सकता। कोयला खदानों में 23 सितंबर से प्रस्तावित हड़ताल के कारण आपूर्ति बाधित होने की चिंता पावर प्लांट प्रबंधन को सता रही है। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के नियमानुसार पावर प्लांट में कम से कम 15 दिन का कोयला स्टॉक रहना चाहिए, पर यह किसी भी प्लांट में संभव नहीं हो पा रहा। आलम यह है कि खदान से प्रतिदिन जो कोयला प्लांट तक पहुंच रहा, उस पर ही प्लांटों का संचालन हो रहा। जानकारों का कहना है कि एक दिन भी कोयला आपूर्ति बाधित हुई तो कई प्लांट की धड़कनें रुक सकती है। कोयले की कमी से मड़वा की 500 मेगावाट की दो नंबर यूनिट को बंद कर दिया गया है। इधर पूर्व संयंत्र में 120 मेगावाट की एक यूनिट वार्षिक रखरखाव के लिए बंद है। इस वजह से यहां कोयला का संकट कम है। करीब एक सप्ताह का स्टॉक प्लांट में उपलब्ध है। प्रबंधन का कहना है कि नियमित कोयला आपूर्ति आवश्यक है। वर्तमान में सिर्फ एचटीपीपी संयंत्र में ही लगभग 20 दिन का कोयला स्टॉक है।

### हड़ताल से बढ़ी चिंता

डीएसपीएम प्लांट में दो दिन, मड़वा में एक दिन, लैंको में तीन दिन, एनटीपीसी में दो दिन का कोयला स्टॉक है। विषम परिस्थिति में प्लांट संचालित कर रहे प्रबंधन को अब कोयला उद्योग में होने वाली हड़ताल को लेकर चिंता सताने लगी है। बीएमएस व एसईकेएमसी इंटक ने पांच व शेष यूनियन ने एक दिन की हड़ताल में जाने का ऐलान किया है। इस दौरान कोयले का उत्पादन के साथ डिस्पैच भी बंद रखा जाएगा। ऐसे में कोयला संकट की स्थिति और गहरा सकती है। कोयला आपूर्ति बढ़ाने प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है, पर सफलता नहीं मिल सकी है।



### कम लोड पर चला रहे इकाई

प्लांट की इकाइयों को कम लोड पर चलाया जा रहा है। पीक आवर्स शाम छह से रात नौ बजे तक ही यूनिट पूरी क्षमता के साथ चलाई जा रही है। इसके बाद यूनिट से उत्पादन कम कर दिया जाता है। डीएसपीएम प्लांट की दोनों इकाई 167 एवं 165 मेगावॉट में चल रही है।

### डिमांड बढ़ी, ले रहे सेंट्रल से 2051 मेगावॉट

बारिश नहीं होने से गर्मी ने पुनः अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इससे राज्य में बिजली की मांग एक बार फिर बढ़ गई है। शनिवार को बिजली की डिमांड 4242 मेगावॉट के करीब थी, जबकि उपलब्धता 4154 मेगावॉट रही। विद्युत कंपनी के सभी प्लांट मिलाकर 1995 मेगावॉट बिजली उत्पादन कर रहे थे। आइपीपी व सीपीपी से बिजली मिलने पर कुल उपलब्धता 2191 मेगावॉट रही है। उत्पादन और डिमांड में अंतर आने पर सेंट्रल सेक्टर से 2051 मेगावॉट बिजली लेकर उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही है।

**हाइड्रल प्लांट की तीन यूनिट चालू:** उत्पादन कंपनी के बांगो स्थित 120 मेगावाट जल विद्युत संयंत्र की इकाइयों को पूरी क्षमता के साथ चलाया जा रहा है। 40-40 मेगावाट की तीनों इकाई से बिजली उत्पादन किया जा रहा है। बांगो डैम से हाइड्रल प्लांट के माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे बिजली उत्पादित की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौत, पिता को आया हार्ट अटैक

**भिलाई।** कुम्हारी कपड़ा मार्केट के पास के एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला और बच्चों को चपेट में लिया। हादसे में 11 वर्षीय बच्ची की मौके पर मौत। वार्ड 12 गैंग खोली निवासी जया राव अपनी बेटी ज्योति (11) और बेटे ओमी (6) के साथ स्कूटी से रायपुर जा रही थीं। इसी दौरान यह हादसा हुआ। वहीं घटना की जानकारी लगते ही परिवार के मुखिया भास्कर राव को भी हार्ट अटैक आ गया है। दोनों घायलों व भास्कर राव को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने फोरलेन पर चक्का जाम कर दिया।

## राजनेता, सीनियर नौकरशाह और बड़े व्यापारी दुश्मनों के पास भेजते थे

# हनीट्रैप: दोस्ती निभाने... दुश्मन को मिटाने महिलाओं का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/भोपाल

इंदौर और भोपाल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बाद प्रदेश में हड़कंप मचाने वाली हनीट्रैप में शामिल महिलाओं का उपयोग दोस्ती और दुश्मनी निभाने में भी किया जाता था। राजनेता, सीनियर नौकरशाह और बड़े व्यापारी इन महिलाओं को अपने दुश्मनों के पास भेजते थे। यह बात खुद पकड़ी गई महिलाओं से पूछताछ के बाद सामने आई है। वहीं इस मामले में एक आरोपी आरती दयाल ने सिटी इंजीनियर हरभजन का नाम लिया है। पुलिस ने आरोपियों का रिमांड 27 सितंबर तक बढ़ा दिया है। वहीं ड्राइवर ओमप्रकाश को जेल भेज दिया गया है।

हनी ट्रैप मामले में नाम आने के बाद निगम इंजीनियर हरभजन सिंह पर से वापस लिए गये सभी विभागों के प्रभार। महापौर मालिनी गौड़ ने नगरीय प्रशासन मंत्री से फ़ोन पर हरभजन सिंह की सेवाएं समाप्त करने को लेकर बात की है।

*एक आरोपी आरती दयाल ने इंदौर सिटी इंजीनियर हरभजन का नाम लिया*



### रकम लेकर वीडियो डिलीट करने का नाटक करती थीं

एटीएस ने इंदौर और भोपाल पुलिस के सामने हनीट्रैप की आरोपी श्वेता जैन, श्वेता विजय जैन और बरखा सोनी से लंबी पूछताछ की तो सामने आया कि शिकार के फंसने के बाद आरोपी महिलाएं उनसे मोटी रकम ऐंठकर उनके सामने ही उनका आपत्तिजनक वीडियो डिलीट करने का नाटक भी करती थीं। जबकि, असल में महिलाएं वीडियो क्लिप संबंधित अफसरों को दे देती थीं। जो उन्हें अपने दुश्मनों के पास भेजते थे। साथ ही महिलाएं भी अपने पास वीडियो क्लिप सुरक्षित रखती थीं। उसके बाद दोबारा उस वीडियो क्लिप का उपयोग कोई काम निकालने के लिए करती थीं। संबंधित अफसर अपने दोस्तों को भी इनसे मिलवाते थे। एटीएस की पूछताछ में कई नेता, बिल्डर और वरिष्ठ नौकरशाहों के बारे में खुलासा हुआ कि ये लोग दोस्ती और दुश्मनी के लिए इनका उपयोग करते थे।

### 200 नंबरों की चल रही जांच, एक महिला पहले भी पकड़ा चुकी है

इंदौर पुलिस हनीट्रैप में शामिल महिलाओं से बरामद हुए मोबाइलों के कॉल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस करीब 200 मोबाइल नंबरों की पहचान कर उनकी जांच कर रही है। इन नंबरों की जानकारी निकाली जा रही है। वहीं जांच के दौरान हनीट्रैप में शामिल एक महिला एक आईएएस अफसर के साथ भोपाल में लालघाटी स्थित होटल में पकड़ गई थी। उस समय एक राष्ट्रीय स्तर के नेता भोपाल आए थे। पुलिस सभी होटलो की चेकिंग कर रही थी। तभी यह मामला सामने आया था।

### कलेक्टरों की पोस्टिंग तक करवाती थी

पूर्व परिवहन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा पुलिस ने ऐसे गिरोह को पकड़ा है, जो व्यवस्था को भ्रष्ट बनाने में जुटा था। उस गिरोह के कहने पर कलेक्टरों की पोस्टिंग तक होती थी। कई राजनेताओं और ब्यूरोक्रेट के नाम जुड़े हैं। ऐसा लग रहा है कि पुलिस को इस मामले की निष्पक्षता से जांच कराने में कठिनाई आ रही है। उस पर राजनीतिक दबाव है। सरकार को हनीट्रैप की जांच सीबीआई से करानी चाहिए।

### कई के सपने चकनाचूर

हनी ट्रैप मामले में कुछ दिनों से सरकार गिराने की बात हो रही है, जो बिलकुल गलत है। कई लोगों के सपने चकनाचूर हो चुके हैं। हनीट्रैप मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होगी। (इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी ने कहा )

### सरकार के खिलाफ साजिश

महिलाओं के माध्यम से कमलनाथ सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मंत्रियों, विधायकों व बड़े अधिकारियों के पीछे महिलाओं को छोड़ा है।
**सज्जनसिंह वर्मा**
मंत्री उज्जैन में जिले प्रभारी

## मंदसौर में शिवराज के सामने भिड़ गए भाजपा विधायक व जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

भाजपा की जन अदालत के समापन के बाद मंच के बाहर शिवराजसिंह चौहान के सामने ही विधायक यशपालसिंह सिसोदिया और जिला पंचायत सदस्य अंशुल बैरागी के बीच जमकर बहस हो गई। दोनों भाजपा नेताओं में जमकर विवाद हुआ। दरअसल बैरागी कुछ महिलाओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से मिलने गए थे। तब मंदसौर विधायक यशपालसिंह सिसोदिया से उनकी तीखी बहस हो गई।



- स्व सहायता समूहों के लोन भी माफ करने की मांग उठी

### तत्काल सहायता नहीं तो अक्टूबर में आंदोलन

मंदसौर में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का 24 घंटे का धरना रविवार सुबह 11 बजे समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो अक्टूबर में पूरे प्रदेश में सड़क पर आंदोलन करेंगे। साथ ही ऐलान किया कि पूरे मध्यप्रदेश में बिजली बिलो को जमा नहीं करेंगे। इसके लिए संघर्ष समिति का होगा गठन। मंदसोर से इसकी शुरुआत करेंगे। साथ ही स्वसहायता समूह लोन को भी माफ करने हेतु संघर्ष होगा।

## शशांक मध्यप्रदेश महाधिवक्ता बने

*पिछले दिनों शशांक को अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर स्टेट बार कौंसिल का कार्यभार संभालने की मांग की थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल, जबलपुर

शशांक शेखर को मध्यप्रदेश का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है। राज्यपाल ने यह नियुक्ति की है। शशांक शेखर इससे पहले प्रभारी महाधिवक्ता का पद संभाल रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शशांक शेखर को अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा था। इसके जरिए स्टेट बार कौंसिल का कार्यभार अपने हाथों में लेने की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि महाधिवक्ता की निगरानी में स्टेट बार की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न होना चाहिए। ऐसा इसलिए भी क्योंकि स्टेट बार के निर्वाचित 25 सदस्यों के साथ-साथ महाधिवक्ता भी स्टेट बार के पदेन सदस्य होते हैं लिहाजा, आपातकाल में उन्हें स्टेट बार की चेयरमैनशिप अपने हाथों में लेने का पूरा अधिकार है। चूंकि स्टेट बार की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल



समाप्त होने के बाद 6 माह की अतिरिक्त कार्यकाल वृद्धि का लाभ लिया जा चुका है, अतः अब जबकि चुनाव घोषित हो गए हैं, तब महाधिवक्ता को स्टेट बार की बागडोर अपने हाथों में ले लेनी चाहिए। इससे चुनाव अपेक्षाकृत अधिक निष्पक्षता व पारदर्शिता से सम्पन्न होंगे। इसके अलावा 23 से 28 सितम्बर तक की हड़ताल का एलान भी अनुचित था। इसके पीछे चुनाव में फायदा लेने की भावना निहित थी। वकीलों का एक बड़ा वर्ग इसीलिए हड़ताल के खिलाफ था।

## संगीनों के साए में रवाना हुए मतदान दल नजदीकी थाना और कैंपों में रात बिताएंगे

*छग में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच होंगे दंतेवाड़ा उपचुनाव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

उपचुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारी पूरी होने के साथ ही रविवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। संवेदनशील इलाका होने से सभी दलों को सुरक्षा के साए में भेजा गया। दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों के दलों को पहले रवाना किया गया। सभी 273 दल शाम तक अपने मतदान केंद्र और नजदीकी कैंप-थानों में सुरक्षित पहुंचने की ओके रिपोर्ट भी मुख्यालय में मिल चुकी है। ये दल सोमवार को मतदान करवाकर तीन बजे के बाद मुख्यालय लौटेंगे। जिला मुख्यालय के डाइट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम से दलों को इवीएम सहित अन्य उपकरण और सामग्री दी गई। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स ने सभी दलों को एक बार फिर मतदान प्रक्रिया, इवीएम और वीवीपेट उपयोग संबंधी जानकारी दी। मॉकपोल, सीलिंग प्रक्रिया, प्रपत्रों को प्रतिपूरित के दौरान सतर्कता की समझाइश दी।



### भूसारास और नदी तट की टीम पहले रवाना

*मतदान दलों की रवानगी की प्रक्रिया में सबसे पहले संवेदनशील और दूरस्थ केंद्र भटपाल, समलवार, अरनपुर, हिरोली, भूसारास, जंगमपाल, दूधीरास, एड़पाल, चिंगावरम, टेटम, तेलम, सूरनार, पोटाली के आश्रित गांव किकरीपारा के साथ इंद्रावती नदी तट आदि थे। जिन्हें बेस्ट ऑफ लक कहते अधिकारियों ने रवाना किया। इसके बाद अन्य टीम भी अपने- अपने रुट और वाहनों से मतदान सामग्री के साथ रवाना हुए।*

### गश्ती दल बढ़ा दिए गए

चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान दलों के साथ ही जवानों की तैनाती की गई है वहीं सड़कों पर आरओपी भी लगाई गई है। विधानसभा में सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 60 कंपनियां यहां पदस्थ किया गया। सभी दलों को सड़क मार्ग से भेजा गया है। अधिकारियों के मुताबिक मतदान केंद्रों के आसपास पहले ही गश्ती बढाने के साथ जवानों की तैनाती है।

### ड्रोन कैमरे का हो रहा उपयोग

अंदरूनी इलाकों में नक्सली मुवमेंट और अन्य गतिविधियों पर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा के लिए वर्दी और सादे वर्दी में उनके लोग तैनात किए गए हैं। साथ ही मतदान दल, केंद्रों पर ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार से ड्रोन जिले के चिन्हित इलाकों में उड़ान भर रहे हैं। हालांकि रविवार शाम तक इन कैमरों से खास इनपुट नहीं मिली है। बावजूद प्राप्त फुटेज की समीक्षा अधिकारी लगातार कर रहे हैं।

## कोर्ट में केस, रावण ज्ञानी थे, दहन पर लगाएं रोक

*याचिका में कहा है कि रावण दहन करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के आदेश दें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

रावण महाज्ञानी थे, उन्हें बुराई का प्रतीक बताकर सदियों से हर साल दशहरे पर उनका पुतला दहन किया जा रहा है। इससे न सिर्फ वायु प्रदूषण होता है बल्कि ब्राह्मण समाज का अपमान भी हो रहा है। रावण दहन पर रोक लगाई जाए। यह मजमून है उस दीवानी केस (याचिका) का जो जिला कोर्ट में दायर हुआ है। केस में अंतरिम राहत मांगते हुए वादी ने रावण दहन पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है।

कोर्ट में यह केस धर्मेंद्र शुक्ला, प्रहलाद शर्मा और महेश गौहर ने एडवोकेट हरीश शर्मा के माध्यम से दायर की है। कहा है कि रावण महाज्ञानी और परम शिवभक्त ब्राह्मण थे। कई लोगों के लिए वे आस्था के प्रतीक हैं। बड़ी संख्या में लोग उन्हें पूजते भी हैं। इतना बड़ा ज्ञानी होने के बावजूद उन्हें बुराई का प्रतीक बना दिया गया है। हर साल दशहरे पर उनका पुतला बनाकर दहन किया जाता है, इसे तुरंत रोका जाए।



### सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुकी है याचिका

रावण दहन को लेकर पूर्व में दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुकी है। एडवोकेट शर्मा ने बताया कि यही वजह है कि उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर करने के बजाय जिला कोर्ट में दीवानी केस दायर किया है। वे इस केस में मामले से जुड़े सभी दस्तावेज पेश कर सकेंगे।

## मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की 10वीं के छात्र की हत्या

बीजापुर जिले के तररेम में रमेश कुंजाम का अहपरण कर 16 सितंबर को हत्या कर दी थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के तररेम में नक्सलियों द्वारा मुखबिरी के शक में 10वीं के छात्र रमेश कुंजाम की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने रमेश कुंजाम का अपहरण करने के बाद 16 सितंबर को उसकी हत्या कर दी थी। नक्सलियों के भय से ग्रामीणों ने शव का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया और पुलिस को इस बात की सूचना नहीं दी। पुलिस को अब इस घटना की सूचना मिली है, जिसके बाद जांच शुरू की गई। ग्रामीण बहुत दहशत में हैं और कुछ भी कहने से बच रहे हैं। बीजापुर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि छात्र की हत्या की सूचना मिली है और इस मामले की जांच की जा रही है।

## वाधवानी-अग्रवाल ग्रुप ने 100 करोड़ रु. की आय सरेंडर की

### टीम ने देश भर में करीब 50 ठिकानों पर दी थी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो बड़े कारोबारी वाधवानी और अग्रवाल ग्रुप ने आयकर टीम की कार्रवाई के बाद 100 करोड़ की अघोषित आय सरेंडर की है। आयकर विभाग के आला अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात तक सभी ठिकानों पर जांच पूरी हो गई है। टीम ने छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र, झारखंड और कोलकाता में करीब 50 ठिकनों पर दबिश दी थी। जांच के दौरान नौ और स्थानों को शामिल किया गया था। इसमें विशाखापट्टनम में एक स्थान और रायपुर में तीन कमीशन एजेंट के कार्यालय शामिल हैं।



स्टॉक वेरिफिकेशन और रॉ मटेरियल के मूल्यांकन और बिल-बुक के मिलान में भारी गड़बड़ी पकड़ी है। दोनों कारोबारी समूह के आठ लॉकर मिले हैं, जिसकी जांच अगले सप्ताह की जाएगी। छह करोड़ रुपये से अधिक नगद और साढ़े पांच करोड़ रुपए के गहने बरामद हुए थे। वहीं, शेल (फर्जी) कंपनियों में 50 करोड़ से अधिक के निवेश का खुलासा भी हुआ है।

## सोलह दिवसीय पर्व में बालिकाएं दीवारों पर उकेरती हैं लोकचित्र

# संजाफूली पर्व से जीवंत हुई निमाड़ की लोककला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

छोटी सी गाड़ी लुढ़कती जाए वो म बठी संजा बाई, तमारा सासरा से हत्थी भी आयो, घोड़ो भी आयो, पालकी भी अई, संजा तू थारे घर जा... ऐसे ही लोकगीतों से गूंजता हुआ पर्व है संजाफूली। आधुनिकता और भागदौड़ के इस दौर में भी संजाफूली ने निमाड़ी लोककला और गीतों को जीवंत रखा है। श्राद्धपक्ष के दौरान सोलह दिन तक मनाए जाने वाले इस पर्व में बालिकाएं और अविवाहित युवतियां दीवारों पर लोकचित्र के माध्यम से संजा बनाती हैं। नियमित पूजा व आरती भी की जाती है। खंडवा सहित निमाड़-मालवा अंचल के कई क्षेत्रों में संजा का उत्सव मनाया जा रहा है।

शहर के मोहल्ले हो या गांव, संजा का पर्व उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। मान्यता है कि संजा गीत गाने के दौरान कन्याएं अपने मन की बात संजा माता से कहती हैं और वे मनोकामनाओं को पूरा करती हैं। पितृमोक्ष अमावस्या पर संजा का विजर्सन किया जाता है। इस दौरान बालिकाएं दूल्हा और दुल्हन बनती हैं और भजन करते हुए घाटों पर संजा का विसर्जन करने पहुंचती हैं।



### पर्व को सहेजने के लिए हो रहे प्रयास

*आधुनिकता के बीच पर्व को सहेजने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। गत वर्षों से शहर के शासकीय कॉलेजों और संगठनों ने सामूहिक संजा बनाने के आयोजन शुरू किए हैं। इनमें खंडवा के संगीत व ललित कला कॉलेज और गर्ल्स डिग्री कॉलेज सहित अन्य लोककला संस्थाएं शामिल हैं।*

### गाय के गोबर से बनाते हैं संजा

संजा दीवारों पर गाय के गोबर से बनाई जाती है। पहले गोबर से आकृतियां बनाई जाती हैं, फिर विभिन्ना रंग के फूल- पत्तियों से सजाकर शाम के समय पूजनआरती की जाती है। बालिकाएं और अविवाहित युवतियां संजा बनाती और आरती करती हैं। विवाह होने के बाद युवतियां संजा पर्व का उद्यापन करने मायके भी आती हैं।

### संजा पर्व के दौरान गाए जाने वाले गीत

- संजा तू थारा घर जा कि थारी मां मारेगी के कूटेगी
- संजा की जी संजा के भेजो तो करां
- संजा की आरती रई रमजो, रई रमजो
- अब तो जाओ संजा बई सासरे, हम तो नी जावा दादाजी सासरे
- छोटी सी गाड़ी लुढ़कती जाए वो म बठी संजा बाई, चूड़लो चमकाता जाय, बिछिया झमकाता जाय, नथनी झलकाता जाय।

## चिंतन

# हाउडी मोदी से विश्व में बढ़ा भारत का कद

हाउडी मोदी कार्यक्रम से भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय रिश्ते को नई गरमाहट मिली है। अमेरिकी शहर ह्यूस्टन में पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समुदाय, कश्मीरी पंडित और बोहरा समुदाय से मिलकर भारतीय एकजुटता का संदेश दिया। अनुच्छेद 370 में बदलाव के बाद नया कश्मीर बनाने की बात पीएम ने कही है। निश्चित ही पीएम विश्व में बसे भारतीयों व विश्व समुदाय को आश्वस्त करने चाहते हैं कि कश्मीर में सबकुछ ठीक है और सरकार वहां विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। अमेरिकी 17 वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के सीईओ से मिलकर पीएम ने उन्हें भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। भारत अपनी अधिकांश ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। भारत सौर ऊर्जा समेत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। भारत पेट्रो पर अपनी निर्भरता कम करने की सोच के तहत ऊर्जा के नए विकल्पों को बढ़ावा देने की दिशा में नीतिगत स्तर पर बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा की पर्याप्त आपूर्ति जरूरी है। इस हिसाब से अमेरिकी सीईओ संग पीएम की बैठक महत्वपूर्ण है। हाउडी मोदी कार्यक्रम का कूटनीतिक महत्व बहुत अधिक है। अनुच्छेद 370 में बड़े बदलाव के बाद से जिस तरह पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और वैश्विक मंच पर भारत को बदनाम करने की असफल कोशिश में जुटा हुआ है, उसको देखते हुए भारत का कूटनीतिक किलेबंदी करना भी जरूरी है। दो-तीन दिन बाद संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन शुरू हो रहा है, जिसमें पाक पीएम इमरान खान भी शिरकत कर रहे हैं। वे वहां कश्मीर मुददे पर ही बात करेंगे। हालांकि कश्मीर पर भारत को यूएन समेत वैश्विक समर्थन मिला है, इसलिए इमरान को भाव नहीं मिलने वाला है। अमेरिका पहुंचने पर पाक पीएम का फीका स्वागत संकेत दे दिया है। चूंकि ट्रंप अपनी नीति पर अटल नहीं रहते हैं, इसलिए उन्हें बांधकर रखना भी भारत के लिए जरूरी है। यूएन सममेलन में सबकुछ भारत के मुताबिक हो जाए तो कश्मीर पर पाक के रोते रहने का अर्थ नहीं रह जाएगा। हाल में ट्रंप के एकतरफा फैसले से भारत व यूएस के ट्रेड प्रभावित हुए हैं। भारत को मिले जीएसपी दर्जे को यूएस ने खत्म किया, एच-1बी वीजा को लेकर यूएस सख्त है, जिससे भारतीयों पर असर पड़ा है। यूएस ने भारत से इस्पात व एल्युमिनियम के आयात पर ड्यूटी बढ़ा दी। जवाब में भारत ने भी बादाम समेत कई अमेरिकी सामान पर शुल्क में इजाफा कर दिया। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध के बाद तेहरान से नई दिल्ली के कच्चे तेल नहीं खरीदने का अमेरिकी दबाव भी भारत को रास नहीं आया। भारत चाहता था कि ईरान से तेल आपूर्ति होती रहे, लेकिन अमेरिकी हठ के चलते भारत को ईरान से तेल आयात बंद करना पड़ा। यूएस राष्ट्रपति की ओर से कश्मीर पर मध्यस्थता की पेशकश करना और पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर झूठ बोलना भी भारत को रास नहीं आया था। इन सब कारणों के चलते भारत और अमेरिका के रिश्तों में खटास बढ़ने लगी थी। हालांकि पीएम मोदी अमेरिका यात्रा कर और एक सप्ताह में दो बार ट्रंप से मिलकर दोनों मुल्कों की खटास का मिटा दी। अब ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम से दोनों मुल्क और करीब आएंगे। ऐसा पहली बार हुआ कि इतने बड़े किसी सार्वजनिक इवेंट को दो देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने संबोधित किया। ट्रंप भी इसका राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। अमेरिका में बसे भारतीयों का झुकाव डेमोक्रेट की तरफ है, ट्रंप रिपब्लिकन से आते हैं, इसलिए वे भारतीयों को रिझाना चाहते हैं। अगले साल अमेरिका में चुनाव है। ट्रंप व मोदी के मंच साझा करने से भारत का वैश्विक कद और बढ़ेगा और हम कूटनीतिक रूप से और प्रखर होंगे। पीएम इसके बाद चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं, वहां चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ शिखर बैठक की तैयारी शुरू है। मोदी हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिले हैं। भारत अमेरिका, रूस व चीन के साथ संतुलन बना कर चल रहा है। आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक भूमिका और बढ़ेगी।

## सारा संसार



**संजय वन-** वसंत कुंज और महरौली के नजदीक यह हरी पट्टी दिन में घनी हरियाली और पंछियों की चहचहाचट से गूंजती है, मगर यहां की रातें बच्चों की चीख-पुकार (माना जाता है कि ये छिपकर रहे पृथ्वीराज चौहान के बच्चे थे), भूतों के पैरों की छाप और जानवरों के अजीबो-गरीब बर्ताव के साथ वाबस्ता हैं।

## पर्यावरण

बाल मुकुंद ओझा

# जलवायु परिवर्तन से बजी खतरे की घंटी

ब्रिटेन की इंटरनेशनल रिसर्च एंड एनालिटिक्स फर्म यूगोव द्वारा 28 देशों में किए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण में सामने आया है कि 71 फीसद भारतीय जलवायु परिवर्तन के लिए मुख्य रूप से इंसानों को जिम्मेदार मानते हैं। वहीं भारत के विपरीत, अमेरिका, स्वीडन, सऊदी अरब और नॉर्वे जैसे देशों में 40 फीसदी से कम लोग इस बात पर सहमत हैं। 30 हजार लोगों पर किए गए सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि अमेरिका में छह फीसदी लोग इस बात को मानते ही नहीं हैं कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। वहीं, नौ फीसदी लोगों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन तो हो रहा है, लेकिन इसके लिए इंसान जिम्मेदार नहीं है। सर्वेक्षण में 22 फीसदी भारतीयों का मानना है कि अब जलवायु परिवर्तन को नहीं रोका जा सकता। वहीं, 60 फीसद भारतीयों को विश्वास है कि भारत जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में बेहतर काम कर रहा है। न्यूयॉर्क में 23 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन से पहले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को भारत सहित दुनियाभर में हजारों जगह प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों में 50 लाख युवाओं ने सड़कों पर उतरकर न केवल अपनी एकजुटता प्रदर्शित की अपितु जलवायु परिवर्तन तुरंत रोकने की मांग की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दुनिया के 139 देशों में लगभग पांच हजार स्थानों पर हुई बड़ी रैलियों के माध्यम से लोगों ने 23 सितम्बर के संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मलेन में ठोस निर्णय लेकर पृथ्वी पर बढ़ते तापमान को रोक कर जन जीवन को बचाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों का कहना है जलवायु परिवर्तन से रोजगार और जीवन पर बुरा असर पड़ा हैं। ये हमारी बुनियादी सुविधाओं को तहस नहस कर देते हैं और संचार और व्यापार को अवरुद्ध करते हैं। बड़े देशों की उदासीनता के चलते दुनियाभर में जलवायु खतरे की घंटी बज उठी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह हाल के दशकों में होने वाले सबसे बड़े जलवायु सम्मेलनों में माना जा रहा है। भारत के जलवायु वैज्ञानिकों का मानना है कि पिछले एक दशक में बहुत तेजी से भारत में जलवायु परिवर्तन हो रहा है। ऐसी तेजी पिछले 100 वर्षों में नहीं देखी गई। देश में कार्बन उत्सर्जन की दर को देखते हुए वैज्ञानिकों ने चेताया है कि वर्ष 2030 तक भारत का औसत तापमान लगभग एक डिग्री बढ़ जाएगा। यदि जलवायु परिवर्तन यूं ही होता रहा तो गर्मियों में कश्मीर व उत्तराखंड में बर्फ दिखाई नहीं देगी। साथ ही कार्बन-डाइऑक्साइड की मात्रा को कम करने के लिए समय रहते कारगर कदम नहीं उठाए गए तो यहां की नदियों का जल स्तर बढ़ेगा। भयंकर आंधी तूफान, बाढ़ के साथ-साथ भीषण गर्मी का सामना करना होगा। जलवायु में असामान्य परिवर्तन वैज्ञानिकों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है और अगर समय रहते इस दिशा में ठोस कार्य नहीं हुआ तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन यानी ग्लोबल वार्मिंग धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होना है।

# गंगा में जीवाणुओं की खोज



**हालात**

प्रमोद भार्गव

गंगौत्री से गंगा सागर तक जीवाणुओं की खोज होगी। ताकि यह पता लग सके कि मानव जीवन व नदी के स्वास्थ्य पर इन जीवाणुओं के क्या प्रभाव पड़ता है। गंगा का पानी मानव स्वास्थ्य से भी जुड़ा है, इसलिए इसकी सूक्ष्म जीवाणु संबंधी विविधता को समझने के लिए जीआइएस मैपिंग की जा रही है। 9 .33 करोड़ की लागत का यह अध्ययन 24 माह में पूरा होगा। इसमें मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आंकलन किया जाएगा।

जीवनदायी गंगा नदी में उसके उद्गम स्थल गंगौत्री से गंगा सागर तक जीवाणुओं की खोज होगी, जिससे प्रदूषणकारी तत्वों, नदी के स्वास्थ्य पर इन जीवाणुओं के क्या प्रभाव पड़ते हैं, इसका पता चल सके। गंगा का पानी मानव स्वास्थ्य से भी जुड़ा है, इसलिए इसकी सूक्ष्म जीवाणु संबंधी विविधता को समझने के लिए जीआइएस मैपिंग की जा रही है। 9.33 करोड़ की लागत का यह अध्ययन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत 24 माह में पूरा किया जाएगा। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि गंगा नदी के कई क्षेत्रों में जीवाणुओं के संबंध में टुकड़ों में अनेक अध्ययन किए गए हैं, लेकिन पूरी नदी में जीवाणुओं का कोई अध्ययन अब तक नहीं हुआ है। इस अध्ययन में नदी के स्वास्थ्य एवं पुनर्जीवन क्षमता को पारिभाषित करने एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आंकलन किया जाएगा।

यह पड़ताल ऐसे समय की जा रही है, जब नदी में जैव विविधता की कमी संबंधी रिपोर्ट सामने आई है। इसमें एक अहम आयाम नदी-जल में मौजूद बैक्टीरियोफेज नामक जीवाणु की उपस्थिति हो सकता है, जो गंदगी और बीमारी फैलाने वाले जीवाणुओं को नष्ट कर देते हैं। गंगा में वनस्पति एवं जंतुओं की 2000 प्रजातियां उपलब्ध हैं। इनमें से कई प्रजातियां क्षेत्र विशेष में पाई जाती हैं। गंगा डॉल्फिन, घड़ियाल और मुलायम कवच वाले कछुए इसके विशिष्ट उदाहरण हैं। पाली कीट, सीप एवं घोंघों की कई प्रजातियां समुद्र और गंगा दोनों में पाई जाती हैं। हिलसा मछली पाई तो समुद्र में जाती है, लेकिन प्रजनन के लिए गंगा में आती है।

गंगा में जीवाणुओं की तलाश एवं उनकी उपलब्धि नई बात नहीं है। सुपरबग नामक जीवाणु गंगा में पहले ही खोज लिया गया है। इसे मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। एंटीबायोटिक रोधी जीन सुपरबग एक प्रकार का जीवाणु है, जो कई बीमारियों के जन्म का कारक है। सुपरबग ने गंगा किनारे बसे शहरों और कस्बों को अपनी चपेट में भी ले लिया है। यह जीवाणु इसलिए ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि यह दो जीन के संयोग से बना है। हालांकि एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर लेने वाले सुपरबग के अस्तित्व को लेकर भ्रम की स्थिति है, लेकिन हाल ही में ब्रिटेन के न्यूकैसल विश्वविद्यालय और दिल्ली के वैज्ञानिकों ने गंगा जल पर जो ताजा शोध किए हैं, उनमें दिए ब्योरे गंगा में सुपरबग की उपस्थिति का दावा करने वाले हैं। तय है, गंगा को कचरे के नाले में बदलने वाले उपाय आखिर इसे कब तक निर्मल बनाए रख पाएंगे?

गंगा के निर्मलीकरण की महत्वाकांक्षी योजनाएं अब तक थोथी ही साबित हुई हैं, किंतु ताजा सर्वे ने तय किया है कि गंगा कानपुर, इलाहबाद, वाराणसी जैसे नगरों से कहीं ज्यादा ऋषिकेश और हरिद्वार में दूषित हो चुकी है। मसलन गंगा इसके उद्गम स्थल गोमुख से लेकर समापन स्थल गंगासागर तक लगभग सभी जगह मैली हो चुकी है। यही मैल जीवाणु की उत्पत्ति और उसकी वंश वृद्धि के लिए सुविधाजनक आवास सिद्ध हो रहा है। गंगा में मिले सुपरबग की अलग पहचान बनाए रखने की दृष्टि से इसे बीएलएएनडीएम-1 का नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह भविष्य में नए अवतार में भी सामने आ सकता है। इस पर नियंत्रण का एक ही तरीका है कि गंगा में गंदे नालों के बहने और कचरा डालने पर सख्ती से रोक लगाई जाए।



सुपरबग के वजूद को लेकर भारत में भ्रम की स्थिति रही है। जब दिल्ली में पहली बार वैज्ञानिकों ने इसकी मौजूदगी जताई थी, तब दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने इस हकीकत को नकारते हुए दावा किया था कि दिल्ली का पानी शुद्ध व स्वच्छ है और ऐसा महज दहशत फैलाने के मकसद से किया जा रहा है।

शोध-पत्र में दावा किया गया था कि कार्बपीनिम दवा से मुठभेड़ करने में सक्षम इस सुपरबग का बहुत छोटे समय विकसित हो जाना आश्चर्यजनक है। कार्बोपीनिम एक एंटीबायोटिक है, जो मल्टी डग प्रतिरोधी दवाओं के संक्रमण के इलाज में प्रयोग की जाती है। हालांकि सुपरबग का भारत या गंगा नदी में पाया जाना कोई अपवाद नहीं है, ये सूक्ष्म जीव दुनिया में कहीं भी मिल सकते हैं। गोमुख से गंगासागर तक गंगा पांच राज्यों से होकर बहती है। इसके किनारे 29 शहर 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले बसे हैं। 23 नगर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 50 हजार से एक लाख के बीच है। कानपुर के आसपास मौजूद 350 चमड़ा कारखाने हैं, जो इसे सबसे ज्यादा दूषित करते हैं। 20 प्रतिशत औद्योगिक नाले और 80 प्रतिशत मल विर्सजन से जुड़े परनालों के मुंह इसी गंगा में खुले हैं। यही कारण है कि गंगा का जल जीवन के लिए खतरा बन रहा है। गंगा की गिनती आज दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में हो रही है। साफ है कि गंगा जल परीक्षण के नमूने किसी भी नगर से लिए जाएं, उनके नतीजे भयावह ही आ रहे हैं।

1985 में राजीव गांधी की सरकार ने गंगा को स्वच्छ बनाने की पहल की थी। यह कार्यक्रम दो चरणों में चला और इन 33 सालों में इस अभियान पर अब तक डेढ़ हजार करोड़ से भी ज्यादा रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन गंगा है कि और ज्यादा मैली होती जा रही है। 2500 किलोमीटर लंबी इस नदी में पुराणों जैसी पवित्रता व शुद्धता कहीं भी नहीं बची है। जबकि केंद्र की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार गंगा को राष्ट्रीय नदी का दर्जा दे चुकी है। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही गंगा सफाई का संकल्प लिया, किंतु परिणाम अनुकूल नहीं आए। गंगा हमारे देश में न केवल पेयजल और सिंचाई आदि की जरुरत की पूर्ति का बड़ा जरिया है, बल्कि यह करोड़ों लोगों की आस्था को केंद्र भी है। फिर भी यह दिनोंदिन प्रदूषित होती गई। हमने विकास के नाम पर इस बात की परवाह नहीं की कि हमारे प्राकृतिक संसाधनों का क्या हश्र होने वाला है? गोमुख से उत्तरकाशी तक 130 किमी के दायरे में पनबिजली परियोजाएं शुरू करके, इसके उद्गम स्थल को ही दूषित कर दिया। इसी का परिणाम उत्तराखंड-त्रासदी था। जाहिर है, प्रकृति के तरल स्नेह का संसाधन के रुप में दोहन करना गलत है। उपभोग की इस वृत्ति पर अंकुश लगना चाहिए, क्योंकि एक नदी की सांस्कृतिक विरासत में वन, पर्वत, पशु-पक्षी और मानव समुदाय शामिल हैं, इसलिए कचरा बहाकर नदी के निर्मल स्वास्थ्य को खराब किया जाएगा तो उसमें महाजीवाणुओं के पनपने की आशंकाएं बढ़ेगी हीं? लिहाजा गंगा जल में मौजूद जीवाणुओं की खोज व पहचान करके जो मानचित्र सामने आएगा, उससे गंगा सफाई अभियान को कोई गति मिलने वाली नहीं है।

## शास्त्रों की बातें सही राह दिखाती हैं



संकलित

**दर्शन**

शास्त्रों में लिखा है कि जिस पल मनुष्य अपनी तुलना किसी और से करता है, उसी पल से उसका पतन शुरू हो जाता है। किसी से तुलना के करने पर वह केवल उसकी उपलब्धियों या तौर-तरीकों पर ही ज्यादा गौर करता है। हालांकि तुलना करते समय अक्सर व्यक्ति इस बात को भूल जाता है कि उस स्थान तक पहुंचने के लिए उसने कितनी मेहनत की होगी। जब व्यक्ति मेहनत की बजाय होड़ करना शुरू कर देता है तो वह स्वयं ही अपने नाश को निमंत्रण देना शुरु कर देता है। इस होड़ के कारण उसका बौद्धिक विकास प्रभावित होता है और उसे समाज में कई बार हंसी का पात्र बनते हुए अपमान भी सहना पड़ता है। वक्त कितना भी बदल जाए लेकिन कुछ चीजें हैं, जो मनुष्य के जीवन को हमेशा प्रभावित करती हैं। मसलन, शास्त्रों में कही गई ज्ञान की बातें आज भी इंसान को सही राह दिखाती हैं। हर मनुष्य अपने जीवन में ऊंचाईयों को पाना चाहता है, लेकिन जाने-अनजाने उससे कुछ गलतियां हो जाती हैं, जो उसके अपमान का कारण बनती हैं। वाणी पर संयम न रखना- मनुष्य के जीवन में वाणी का बहुत बड़ा महत्व है। शास्त्रों में ऐसा वर्णन है कि वाणी में अमृत और विष दोनों का वास होता है। यदि मनुष्य की वाणी पर विष का प्रभाव है, तो सामने वाला सुनते ही आग बबूला हो जाता है और यदि वाणी में अमृत का वास है तो आप अपने दुश्मन को भी अपना प्रशंसक बना सकते हैं। ऐसे में वाणी पर संयम रखना अत्यंत जरूरी है।

## जवानी, जाति व कुलधर्म पर घमंड न करें



संकलित

**प्रेरणा**

गुरु गोबिंद सिंह सिखों के 10वें और अंतिम गुरु थे। गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म बिहार राज्य की राजधानी पटना में हुआ था। सिख धर्म के नौवें गुरु तेग बहादुर साहब की इकलौती संतान थी। साल 1699 में इन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोबिंद सिंह के कुछ अनमोल वचन आज भी मानव जीवन के लिए प्रासंगिक हैं। गुरु गोबिंदजी ने कहा है कि अपनी जीविका ईमानदारी पूर्वक काम करते हुए चलाएं। अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान करें। काम में खूब मेहनत करें और काम को लेकर किसी तरह की आलस्यपन न करें। अपनी जवानी, जाति और कुल धर्म को लेकर घमंडी होने से बचें। दुश्मन का सामना करने से पहले साम, दाम, दंड और भेद का सहारा लें, और अंत में ही आमने-सामने के युद्ध में पड़ें। किसी की चुगली-निंदा से बचें और किसी से ईर्ष्या करने के बजाय मेहनत करें। हमेशा जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद जरूर करें। खुद को सुरक्षित रखने के लिए नियमित व्यायाम और घुड़सवारी की अभ्यास जरूर करें। किसी भी तरह के नशे और तंबाकू का सेवन न करें। किसी की मजबूरी का कभी भी फायदा न उठाएं। किसी की मदद को अपना कर्तव्य समझें न कि उसे एहसान मानें। धन की लालसा- धन प्राप्त करने के लिए कुछ लोग सही-गलत का चुनाव नहीं कर पाते हैं वहीं कुछ लोग दूसरों के धन को हड़पने की कोशिश करते हैं। दूसरों के पैसे को हड़पना पाप है। हमें अपनी मेहनत से कमाना चाहिए।

## भव्यता ...



फोटो न्यूज

मैसूर। दशहरे को भव्यतम बनाने मैसूर पैलेस को सजाया गया।

## आज की पाती

### सड़क पर आवारा जानवरों का आतंक, ननि मौन

शहर की हर सड़क में इन दिनों आवारा जानवरों की फौज विचरण करते हुए देखी जा सकती है। अनेक स्थानों पर इनका मल्ल युद्ध कई बार वहां के रहवासियों, राहगीरों व दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बन चुका है। आवारा घूमते मवेशी आए दिन लोगों के व्यापार को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन सभी समस्याओं का मुख्य कारण नगर निगम के हांका गैंग व आवारा कुत्तों को पकड़ने के अभियान में सुस्ती बरती जाना है। नागरिकों की अपेक्षा है कि जानवरों को पकड़ा जाए तथा उनके मालिकों पर कार्रवाई की जाए ताकि वे उन्हें खुला न छोड़ें। जब तक जानवरों के मालिकों पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक इनसे निजात पाना नामुमकिन ही है।

*-भारती वर्मा, टेकारी, अभनपुर*

## ट्रेंड

### बातचीत संभव नहीं



जब सीमा पार से आतंकवाद किया जा रहा है तो बातचीत नहीं हो सकती। पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी शुरू हो सकती है जब वह आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद कर दे। पड़ोसी को ध्यान रखना चाहिए कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

-राजनाथ सिंह

### हर समस्या का समाधान



हमारे सामने अनेक समस्याएं हैं, लेकिन हमारे पास एक धड़कता हुआ दिल भी है जो सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान कर सकता है। कावेरी कॉलिंग हमारी बिगड़ती मिट्टी और जल संसाधनों के समाधान का हिस्सा बनने के बारे में है।

-सदगुरु

### सवाल करने का अधिकार



प्रधानमंत्री जब भारत के प्रतिनिधि के तौर पर विदेश यात्रा करते हैं, उस वक्त वह सम्मान पाने के हकदार होते हैं लेकिन जब वह (प्रधानमंत्री) देश में होते हैं, तब लोगों को उनसे सवाल करने का अधिकार है।

-शशि थरूर

### उद्योग धंधे हो रहे ठप



देश में आर्थिक संकट का दौर चल रहा है। आज ज्यादातर उद्योग क्षेत्र मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। युवाओं को नौकरियां मिलना तो दूर की बात है, नौकरियां जा रही हैं और उद्योग धंधे ठप हो रहे हैं।

-अशोक गहलोत

## करंट अफेयर

# विश्व शांति रैंकिंग में पाक अफगान, सीरिया हिंसक


दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया। इस मौके पर यह पता चला कि पाकिस्तान शांति के मोर्चे पर ज्यादा सुधार नहीं कर पाया है। एक अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, शांति पर वार्षिक वैश्विक सूचकांक में पाकिस्तान दो पायदान खिसककर 163 देशों में 153वें स्थान पर पहुंच गया है। आइसलैंड दुनिया की सबसे शांतिपूर्ण जगह के रूप में सूची में शीर्ष पर बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर सबसे हिंसक स्थानों में अफगानिस्तान और सीरिया शामिल हैं। इस सूची में हालांकि भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। इसमें भारत चार स्थान लुढ़ककर 163 देशों में 141वें स्थान पर पहुंच गया है। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में शांति, इसके आर्थिक मूल्य व रुझान और शांतिपूर्ण समाज कैसे विकसित किया जाए, इस पर एक व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया है। भारत, फिलीपींस, जापान, बांग्लादेश, म्यांमार, चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और पाकिस्तान सहित कुल नौ देश ऐसे बताए गए हैं, जिनमें जलवायु से जुड़े कई तरह के खतरे हैं। भारत में दुनिया का सातवां सबसे बड़ा प्राकृतिक खतरा बताया गया है। दुनियाभर के अन्य महाद्वीपों के मुकाबले सबसे शांतिपूर्ण क्षेत्र यूरोप को बताया गया है।



## ऑफ बीट

# सेना की आस्था का केंद्र नाडेश्वरी माता का मंदिर

नाडेश्वरी माता का मंदिर गुजरात के बनासकांठा के बॉर्डर पर बना है। नाडेश्वरी माता का मंदिर आम लोगों के साथ-साथ बीएसएफ के जवानों के लिए आस्था का केंद्र है। मंदिर के निर्माण की कहानी भी बेहद दिलचस्प है। 1971 में पाकिस्तान के साथ लड़ाई के वक्त भारतीय सेना की एक टुकड़ी पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर गई और इसके बाद वह रास्ता भटक गई क्योंकि रन का इलाका होने की वजह से उन्हें रास्ता भी नहीं मिल रहा था। कहा जाता है कि खुद कमान्डेंट ने मां नाडेश्वरी से मदद की गुहार लगाई और सकुशल सही जगह पहुंचाने की विनती की तो खुद मां ने दिये की रोशनी के जरिये भारतीय सेना की टुकड़ी की मदद की और उन्हें वापस अपने बेस कैंप तक लेकर आई। इस दौरान किसी भी जवान को खरोंच तक नहीं आई। यह मंदिर उसी कमांडेंट ने बनवाया था। वहां ऐसी मान्यता है कि जब तक इस बॉर्डर पर मां नाडेश्वरी देवी विराजमान हैं किसी भी जवान को कुछ नहीं हो सकता। बनासकांठा बॉर्डर पर जब भी किसी जवान की ड्यूटी लगती है तो वह ड्यूटी देने से पहले मंदिर में माथा टेक कर ही जाता है। ऐसी मान्यता है कि मां नाडेश्वरी खुद यहां जवानों की जिंदगी की रक्षा करती हैं। इस मंदिर कि खास बात यह भी है कि बीएसएफ का एक जवान यहां पुजारी के तौर पर ही अपनी ड्यूटी करता है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### श्रीनगर में साप्ताहिक बाजार में विक्रेताओं ने स्टॉल लगाये

**श्रीनगर।** यहां साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में विक्रेताओं ने स्टॉल लगाये जबकि कश्मीर में लगातार 49वें दिन मुख्य बाजार और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। केन्द्र ने गत पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का निर्णय लिया था। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के ज्यादातर हिस्सों से सरकारी वाहन नदारद रहे लेकिन अंतर-जिला मार्गों पर निजी कार और कुछ यात्री कैब को चलते हुए देखा जा सकता था। स्कूलों को फिर से खोले जाने के राज्य सरकार के प्रयास अब तक सफल नहीं हुए है। घाटी में लैंडलाइन टेलीफोन सेवाएं बहाल हो गई है जबकि कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों में मोबाइल टेलीफोन सेवाएं और इंटरनेट सेवाएं गत पांच अगस्त से ही स्थगित है।

### नंदनकानन चिड़ियाघर में चार हाथियों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नंदनकानन चिड़ियाघर में एक वायरस की वजह से चार हाथियों की मौत हो गई। ओडिशा सरकार ने इस वायरस से निपटने के लिए असम और केरल के विशेषज्ञों से सहायता मांगी है। इन हाथियों के बच्चों की मौत एंडोथेलियोट्रोफिक हर्प्स वायरस (ईईएचवी) की वजह से एक महीने के भीतर हुई है। ईईएचवी वायरस ज्यादातर हाथियों के 15 साल तक के बच्चों को प्रभावित करता है। ओडिशा के वन एवं पर्यावरण मंत्री बी कारूखा ने शनिवार को बताया कि राज्य सरकार ने असम और केरल के विशेषज्ञों से संपर्क किया है। वहां भी इसी तरह के वायरस ने हाथियों की जान ली थी। इस तरह के वायरस को फैलने को रोकने के लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं है, इसलिए राज्य सरकार ने विशेषज्ञों से सहायता मांगी है।

### 'धार्मिक सद्भाव के लिए अहिंसा, प्रेम, करुणा और सहिष्णुता जरूरी'



**मथुरा।** दुनिया में तेजी से बढ़ रही हिंसा पर दुख जताते हुए हुए तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा है कि ऐसे समय में अहिंसा, प्रेम, करुणा और सहिष्णुता का प्रचार करना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है ताकि लोगों के बीच धार्मिक सद्भाव बना रहे। धर्म गुरू ने कहा कि आज के दौर में हर तरफ हिंसा और हथियारों का बोलबाला है तथा सब एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हुए हैं। दलाई लामा रविवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद के महावन क्षेत्र में यमुना किनारे स्थित श्री उदासीन कार्ष्णि आश्रम में गुरुकुल के वेदपाल बालकों तथा आश्रम के अनुयायियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर रमणरेती आश्रम के महामण्डलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानन्द भी मौके पर मौजूद थे। दलाई लामा जब आश्रम में पहुंचे तो वहां उपस्थित गुरुकुल के सैकड़ों वेदपाठी बालकों ने संस्कृत भाषा के श्लोकों व मंत्रों के बीच उनका स्वागत किया।

### झील में डूबकर एक व्यक्ति की मौत

**नागपुर।** नागपुर की अम्भाजारी झील में डूबने से मुंबई के एक निवासी की रविवार सुबह मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई के माटुंगा में रहने वाले आनंद द्विवेदी यहां एक आईटी कंपनी में काम करते थे। अम्भाजारी थाने के प्रभारी ने बताया कि वह 6-7 दोस्तों के साथ झील पर गए थे। उन्हें तैरना नहीं आता था। झील में उतरने के कुछ ही देर बाद वह डूब गए। घटना सुबह करीब सात बजे की है। उन्होंने बताया कि द्विवेदी का शव आसपास तैर रहे लोगों ने बाहर निकाला।

# राजनाथ सिंह की दो टूक : 1965 व 1971 की गलतियां न दोहराए पाक

एजेंसी ▶▶| पटना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1965 और 1971 की गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए रविवार को कहा कि जिस तरह से वहां मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है और आतंकवाद पनप रहा है, उससे इस मुल्क को खंड खंड होने से कोई नहीं रोक सकता। भाजपा द्वारा यहां आयोजित /जन जागरण सभा/ को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को /नासूर/ की संज्ञा देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद इसी के कारण पनपा और इस राज्य को /लहू-लुहान/ किया । उन्होंने कहा कि वास्तव में जम्मू कश्मीर की आबादी के तीन चौथाई से अधिक लोग इस प्रावधान को निरस्त करने के पक्षधर थे। राजनाथ ने कहा, भाजपा जो वादे करती है उन्हें पूरा करती है। हमारे इरादे अच्छे थे और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे गठबंधन सहयोगियों ने भी हमारे इस कदम का पूरे दिल से समर्थन किया।

*रक्षा मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर का नजारा बदल जाएगा और वह धरती का फिर से स्वर्ग होगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहने वालों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहे जाने पर राजनाथ ने कहा कि जो आतंकवादी हैं वह विशुद्ध रूप से आतंकवादी हैं उन्हें स्वतंत्रता सेनानी नहीं कहा जा सकता है।*

## पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर का नजारा बदल जाएगा




रविवार को पटना में संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**पीओके पर विचार करे पड़ोसी देश**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देखते हैं कि वे यहां (भारत में) कितने आतंकवादी भेज सकते हैं। उनमें से कोई भी वापस नहीं लौट पाएगा। राजनाथ ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि 1965 और 1971 को दोहराने की गलती नहीं होनी चाहिए नहीं तो खमियाजा भुगतना पडेगा और अगर इसे दोहराया गया तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का क्या होगा यह विचार पड़ोसी देश को कर लेना चाहिए।

### पाकिस्तान को खंड-खंड होने से कोई नहीं रोक सकता

सिंह ने कहा कि अगर यही सिलसिला चलता रहा, जैसा कि बलोच और पख्तून समुदाय के लोगों के मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है और वहां आतंकवाद पनप रहा है, तो इससे पाकिस्तान को खंड-खंड होने से कोई नहीं रोक सकता । सिंह ने कहा कि वह अपने आप खंड-खंड हो जाएगा। उसे किसी और को तोड़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने पड़ोसी देश को जम्मू-कश्मीर के घटनाक्रम के मद्देनजर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के खिलाफ आगाह किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी शुरू होगी जब वह आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि उसे यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बारे में बातचीत हो सकती है। सभा को केंद्रीय मंत्रियों रविशंकर प्रसाद और नित्यानंद राय तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित भाजपा के कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

# पूर्वोत्तर को जल्द मिलेगी वृहद दूरसंचार विकास नीति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वोत्तर क्षेत्र में ई-गवर्नेंस में सुधार और नागरिकों को सशक्त करने के लिए जल्द एक वृहद दूरसंचार विकास योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य विशेष रूप से समाज के सीमान्त तबके को सशक्त करना है।

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के अतिरिक्त सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिये लोगों के जीवन में सुधार लाना है। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें जन सुविधाएं आसानी से सुलभ हो सकें। श्रीनिवास ने पीटीआई भाषा से कहा, ''हमारी इस पहल का लक्ष्य कृत्रिम मेधा (एआई), भारतीय उपक्रम ढांचे, इंटर आपरेबिलिटी ढांचे, ई-गवर्नेंस प्रणाली और डिजिटल सेवा मानक हैं।

राजस्थान कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्रीनिवास ने पिछले महीने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रशासनिक सुधारों पर ई-गवर्नेंस सम्मेलन का शिलॉन्ग, मेघालय में सफलतापूर्वक आयोजन किया था। इस सम्मेलन की अगुवाई कार्मिक एवं पेंशन राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने की थी। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन का आयोजन 19-20 अगस्त को किया गया। इसमें 28 राज्यों-संघ शासित प्रदेशों के 545 प्रतिनिधि शामिल हुए।

## बिहार से गोद ली बच्ची गई अमेरिका जांच में पता चला बच्ची का हुआ रेप

**गया।** बिहार में गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखीबाग मुहल्ले में एनजीओ इकोविक द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक केन्द्र से अमेरिकी दंपति ने पांच वर्षीया बच्ची को गोद लिया था। इस मामले में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। बाल संरक्षण इकाई गया के सहायक निदेशक राजन कुमार के लिखित आवेदन पर दत्तक केन्द्र के की महिलाएं समेत पांच लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा किया गया है। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार शनिवार को जेल भेज दिया। इसमें विनोद कुमार,पूनम कुमारी, खुश्बू राय,पवन कुमार और सुरेन्द्र कुमार शामिल हैं। प्राथमिकी के अनुसार, अमेरिकी दंपति ने जिस पांच वर्षीया बच्ची को गोद लिया और उसे लेकर अमेरिका गये, तब वहां बच्ची की तबीयत खराब हो गई। मेडिकल जांच में पता चला कि मासूम बच्चे के गुप्तांग में सुजन है। उसके साथ दुष्कर्म किया गया है।

# गिरफ्तार हो सकती है चिन्मयानंद पर रेप का आरोप लगाने वाली छात्रा

एजेंसी ▶▶| शाहजहांपुर



यूपी के शाहजहांपुर जेल भेजे गए पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी चिन्मयानंद पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाने वाली कानून की छात्रा को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है। इस पूरे मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पीड़िता पर भी जबरन धन वसूली करने की साजिश में शामिल होने का आरोप है। सूत्रों ने कहा कि चिन्मयानंद से जबरन धन वसूलने के लिए पीड़िति के दोस्त संजय सिंह, सचिन और विक्रम ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को फोन किया था और इस रंगदारी की साजिश में पीड़िता भी शामिल थी। शुक्रवार को चिन्मयानंद को गिरफ्तार किए जाने और जेल भेजे जाने के कुछ ही घंटों के बाद तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने कहा कि चूंकि जांच के सभी आदेश शीर्ष अदालत ने दिए थे, इसलिए एसआईटी पीड़िता को गिरफ्तार करने से पहले कोर्ट को सूचित कर सकती है।

### 'जबरन वसूली मामले में पीड़िता सक्रिय थी'

एसआईटी के एक अधिकारी ने कहा कि जबरन वसूली मामले में पीड़िता सक्रिय थी और हम उस पर नजर रखे हुए हैं। हम उचित समय पर कार्रवाई करेंगे।' बता दें कि कानून की छात्रा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पर दुष्कर्म और शारीरिक शोषण के आरोप लगाए हैं। उसने दावा किया है कि उसका शोषण एक साल तक चला। इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी की जांच रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आरोप लगाने वाली छात्रा और चिन्मयानंद के बीच जनवरी 2019 से अगस्त महीने के बीच 200 बार फोन पर बातचीत हुई थी।

उधर, इन्हीं 8 महीनों के दौरान छात्रा और उसके साथ संजय के बीच 4200 से ज्यादा बार फोन पर बात हुई थी।

### आधी रात बाद पिता के साथ प्रयागराज गई छात्रा, हाईकोर्ट में लगा सकती गुहार

**शाहजहांपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली छात्रा आधी रात बाद प्रयागराज रवाना हो गई। एसआइटी ने छात्रा को रंगदारी मांगने का आरोपित बनाया है। ऐसे में उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। माना जा रहा है कि हाईकोर्ट की शरण लेकर वह कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकती है। शनिवार रात करीब एक बजे छात्रा, उसके पिता व भाई घर से बाहर निकले। उनके साथ हाईकोर्ट की महिला वकील शुभांगी सिंह और अंशुल भी थे।

### हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार

एसआईटी ने तीनों युवकों के अलावा छात्रा को चिन्मयांनद से रंगदारी मांगने का आरोपित बनाया है। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी भी तय मानी जा रही है, लेकिन छात्रा व उसके पिता ने एसआईटी पर शासन के दबाव में नाम शामिल करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से एसआईटी ने इस मामले में गेंद हाईकोर्ट के पाले में डालने की तैयारी की है। दरअसल सोमवार को हाईकोर्ट में एसआईटी टीम को मामले में अपनी स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी है।

## भारतीय स्टार्टअप को नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी के लिए बीजिंग में मिला पुरस्कार

**तिरुवनंतपुरम।** देश के एक स्टार्टअप को बीजिंग में हुई एक वैश्विक प्रतियोगिता 'शी लव्स टेक ग्लोबल स्टार्टअप कॉम्पटिशन-2019' में तीसरा पुरस्कार मिला है। इस स्टार्टअप को आगे बढ़ाने में केरल स्टार्टअप मिशन की अहम भूमिका है। ओडिशा की शोधार्थी एवं उद्यमी डॉ. नुसरत जेएम संघमित्रा ने साइका ऑनको सॉल्यूशंस की स्थापना की। उनकी कंपनी ने शरीर में कैंसर की दवा आपूर्ति करने वाला एक दूरगामी उपकरण तैयार किया है और इसी के लिए उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में सम्मानित किया गया।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक यह एक 'मॉलिक्यूलर ड्रिलिंग' उपकरण है जिसे सीधे इंजेक्शन की तरह लगाया जा सकता है। यह सीधे प्रभावित कोशिका तक कैंसर-रोधी दवा पहुंचाता है। प्रतिस्पर्धा में इस उपकरण को कैंसर के इलाज में अभूतपूर्व नवोन्मेष के तौर पर पहचाना गया। 'शी लव्स टेक' एक वैश्विक मंच है जो महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और नवोन्मेष का माहौल तैयार करने और अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महाराष्ट्र में सीट बंटवारे में फंसा नया पेंच हर जिले में प्रतिनिधित्व चाहती है राकांपा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महाराष्ट्र में कांग्रेस और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भले ही 125-125 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जता दी है, लेकिन शरद पवार की पार्टी की राज्य के सभी 36 जिलों में प्रतिनिधित्व की मांग से दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे में नया पेंच फंस गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जल्द ही इस बारे में फैसला कर लिया जाएगा कि दोनों पार्टियों एवं छोटे सहयोगी दलों के खाते में कौन-कौन सी सीटें जाएंगी।

दोनों पार्टियों की राज्य इकाई के नेता अपने और छोटे दलों के हिस्से की सीटें तय करने के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। राज्य की सभी 288 सीटों के लिए 21 अक्टूबर को मतदान और 24 अक्टूबर को मतगणना है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की तरफ से हर जिले में कम से कम एक या दो सीट की मांग रखी गयी है।

यह हमारे लिए थोड़ा व्यवहारिक नहीं है क्योंकि राज्य में कई इलाके हैं जहां उसका कुछ खास असर नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों में लगातार बातचीत चल रही है। कुछ दिनों के भीतर ही हम अपने हिस्से और छोटे दलों के लिए सीटों को तय कर लेंगे।

### गुजरात में दो और विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुजरात में दो और विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा की, जिससे देश भर में इसके लिये लिए सीटों की संख्या बढ़ कर 66 हो गई है। चुनाव आयोग की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक गुजरात के राधनपुर और बायड विधानसभा सीटों पर तथा बिहार में समस्तीपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव 21 अक्टूबर को होंगे। महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान इसी दिन होगा। गुजरात में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा शनिवार को की गई थी। जिन राज्यों में उपचुनाव होंगे, उनमें अरूणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा और पुडुचेरी शामिल हैं।

## रंगोली...



**पटना।** रविवार को ओणम समारोह के दौरान एक मंदिर में महिलाओं ने एक फूलों की रंगोली बनाई।

एनआरसी मुद्दा...

## सूची के प्रकाशन में 19.6 लाख लोगों के नाम गायब

**कोलकाता।** एनआरसी की परछाई बंगाल को तेजी से राजनीतिक युद्ध क्षेत्र में परिवर्तित करती जा रही है जहां तृणमूल कांग्रेस को भाजपा पर बढ़त दिख रही है। भाजपा शासित असम में पंजी से काफी संख्या में बंगाली हिंदुओं का नाम गायब रहने का लाभ टीएमसी उठा सकती है।

राज्य में पिछले वर्ष से घुसपैठियों को निकाल बाहर करने के लिए एनआरसी लागू करने की मांग बढ़ती जा रही है। राज्य की 2000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा बांग्लादेश के साथ लगती है। अबहरहाल असम में अंतिम एनआरसी सूची के प्रकाशन में 19.6 लाख लोगों के नाम गायब रहे जिसमें करीब 12 लाख हिंदू और बंगाली हिंदू हैं। इससे राज्य में राजनीतिक विमर्श काफी बदल गया है।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के मुद्दे पर आक्रामक है और इसे भगवा दल का ''बंगाल विरोधी'' कदम बता रही है। टीएमसी के महासचिव पार्थ चटर्जी ने कहा कि असम एनआरसी से 12 लाख बंगालियों और हिंदुओं का नाम गायब होना क्या दर्शाता है?

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बताया

# तीन महीनों में बाल अधिकार हनन की आई थी छह हजार शिकायतें: कानूनगो

**नीति आयोग द्वारा देश में कुल 115 आकांक्षी जिलों की शिनाख्त की गई**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कहा है कि देश के कई 'आकांक्षी जिलों' से उसे तीन महीनों में बाल अधिकारों के हनन की करीब छह हजार शिकायतें मिलीं हैं जिनमें ज्यादातर का निस्तारण कर दिया गया है। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के मुताबिक आयोग आकांक्षी जिलों में पीठ लगाकर बाल अधिकारों के उल्लंघन के मामलों की सुनवाई कर रहा है जिसमें बच्चों के अधिकारों के हनन से जुड़ी शिकायतें बड़ी संख्या में आ रही हैं। इसकी शुरुआत 21 जून को तमिलनाडु के रामेश्वरम जिले से हुई है और अब तक 25 से अधिक जिलों में पीठ लगाई जा चुकी है। सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और गैर सरकारी संगठनों के लोग भी होते हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी, 2018 में आकांक्षी जिलों के बदलाव कार्यक्रम की शुरुआत की थी जिसका उद्देश्य देश के कम विकसित जिलों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से बदलना है। इसी प्रयास के तहत नीति आयोग द्वारा देश में कुल 115 आकांक्षी जिलों की शिनाख्त की गई है। स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास और बुनियादी ढांचे के पांच विकास क्षेत्रों में 49 संकेतकों के आधार पर इन जिलों की सूची तैयार हुई है। कानूनगो ने बताया कि जिन मानकों के आधार पर आकांक्षी जिलों का चयन हुआ है उनमें से कई एनसीपीसीआर के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। मसलन, पोषण और शिक्षा। ऐसे में हम इन जिलों में बाल अधिकारों की स्थिति और बच्चों से जुड़ी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं कानूनों की समीक्षा के लिए यह सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में करीब छह हजार शिकायतें हमारे पास आईं। ज्यादातर मामलों का निस्तारण कर दिया गया है और शेष मामलों को सबंधित विभागों एवं एजेंसियों के पास भेजा गया है। कानूनगो ने कहा कि अगले साल के मध्य तक सभी 115 आकांक्षी जिलों में पीठ लगाकर सुनवाई करने का काम पूरा हो जाएगा। एनसीपीसीआर के मुताबिक अलग अलग क्षेत्रों में सुनवाई के दौरान शिकायतें भी भिन्न प्रकार की आती हैं। मसलन, नक्सल प्रभावित बस्तर में गत 13 सितंबर को आयोजित सुनवाई में 390 शिकायतें आईं जिनमें शिक्षा के अधिकार, दिव्यांगता से जुड़ी योजनाओं, आंगनबाड़ी और कई अन्य विषयों की शिकायतें शामिल थीं। इसी तरह, सितंबर के पहले सप्ताह में अल्पसंख्यक बहुल मेवात में लगाई गई आयोग की पीठ के समक्ष लगभग 300 शिकायतें दर्ज हुई जिनमें से 110 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया तथा शेष शिकायतों को आयोग के माध्यम से संबधित अधिकारियों को निपटान के लिए भेजा गया।

सरकार जल्द तय करे मानक : भूरे लाल

## समय की मांग है सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक ही बार प्रयोग में आने वाले (सिंगल यूज) प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिये मोदी सरकार ने आगामी दो अक्तूबर से देशव्यापी जनांदोलन शुरू करने की घोषणा कर दी है। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण के अध्यक्ष भूरे लाल ने सरकार की इस मुहिम को समय की तात्कालिक और अनिवार्य मांग बताते हुए नसीहत दी है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की श्रेणी में कौन से उत्पाद आते हैं, इनके विकल्प क्या हैं और इनका प्रयोग किस प्रकार बंद हो, इस बारे में अविलंब मानक एवं दिशानिर्देश तय करे। इस मुद्दे पर भूरे लाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक भारत में 51 माइक्रोन से अधिक मानक वाले प्लास्टिक कैरी बैग के इस्तेमाल की छूट है, क्योंकि यह बायोडिग्रेडेबिल है। हालांकि भारत सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में अभी तक मानक तय नहीं किये हैं, लेकिन इतना तय है कि रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल हो रहा प्लास्टिक पर्यावरण के लिये अत्यधिक घातक हैं, इसलिये सरकार ने इन्हें रोकने की मुहिम, माकूल समय पर शुरु की है। अगर हम दिल्ली की ही बात करें तो बवाना, नरेला, नांगलोई, हिरणकूदना सहित दिल्ली के अन्य इलाकों से अभी हमने लगभग 70 हजार टन प्लास्टिक कचरा बवाना स्थित शोधन संयंत्र भेजा है। दो दिन पहले ही हमने बाढ़ नियंत्रण विभाग से 8000 टन प्लास्टिक कचरा आनंद विहार से उठवाया।



# सनी के बेटे निकले आगे

**मुंबई।** इस शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर तीन फिल्में एक साथ रिलीज हुईं। पहली फिल्म बीटाउन की फैशनिस्टा सोनम कपूर की 'द जोया फैक्टर' थी, दूसरी संजय दत्त की 'प्रस्थानम' और तीसरी फिल्म सनी देओल के बेटे करण देओल की 'पल पल दिल के पास' थी। इन तीनों के पहले दिन का बिजनस चौंकाने वाला है क्योंकि कमाई के मामले में करण की फिल्म ने सोनम और संजय जैसे नामी स्टार्स की मूवीज को पीछे छोड़ दिया है। बॉक्सऑफिसइंडिया.कॉम के मुताबिक, 'पल पल दिल के पास' ने पहले दिन 1.1-1.2 करोड़ रुपए की कमाई की है, वहीं 'प्रस्थानम' ने 75-80 लाख रुपये कमाए हैं। सबसे बुरी कमाई सोनम की फिल्म की रही जिसने 65-70 लाख का बिजनेस किया।


## लाइफ Style

# श्रद्धा
## सीता का रोल ऑफर

एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की हाल में रिलीज हुई फिल्में 'साहो' और 'छिछोरे' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई हैं और फैन्स ने भी इन्हें काफी पसंद किया है। ऐसा लगता है कि अब श्रद्धा काफी सावधानी से अपनी फिल्मों का चुनाव करती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल में ऐसी खबर आई थी कि श्रद्धा कपूर को डायरेक्टर लव रंजन के डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म भी ऑफर की गई है जिसमें रणबीर कपूर और अजय देवगन लीड रोल में होंगे। अब हाल में एक ऑनलाइन पोर्टल के हवाले से खबर सामने आ रही है कि श्रद्धा कपूर ने लव रंजन की इस फिल्म को न करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने यह फिल्म नितेश तिवारी की 'रामायण' के लिए छोड़ी है। रिपोर्ट की मानें तो श्रद्धा कपूर को इस मल्टी-स्टारर फिल्म में 'सीता' का रोल ऑफर किया गया है। यह फिल्म 600 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बनेगी। बताया जा रहा है श्रद्धा ने भी इस फिल्म में काफी इंट्रेस्ट जताया है। वैसे बता दें कि श्रद्धा की हालिया हिट फिल्म 'छिछोरे' का डायरेक्शन भी नितेश तिवारी ने किया है। श्रद्धा ने कुछ दिन पहले ही अपनी अगली फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3डी' की शूटिंग पूरी की है जिसमें वह वरुण धवन के ऑपोजिट दिखाई देंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन रेमो डिसूजा कर रहे हैं और इसमें प्रभुदेवा, नोरा फतेही, अपारशक्ति खुराना और शक्ति मोहन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यह फिल्म 24 जनवरी 2020 को रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# 'फ्रेंड्स के यादगार' 25 साल

**लॉस एंजलिस।** मार्टा कॉफमैन और डेविड क्रेन द्वारा 22 सितंबर 1994 को एक टीवी शो शुरू किया गया था। शो का नाम है- 'फ्रेंड्स', इस टीवी शो ने सफलता के नए आयाम रच दिए और उसके बाद इस शो के कुल दस सीजन रिलीज हुए। इस शो को इस साल 25 वर्ष पूरे होने वाले हैं। ऐसे में गूगल ने भी इस शो को खास तरीके से ही याद किया है। दरअसल गूगल पर जब आप इस शो के किसी भी मुख्य किरदार के बारे में सर्च करेंगे तो न सिर्फ आपको उसकी जानकारी बल्कि साथ ही साथ उस किरदार की खासियत से भी रूबरू करवाया जाएगा।



# नहीं सुलझी जेसिका की 'गुत्थी'...

**लॉस एंजलिस।** एडल्ट फिल्म स्टार जेसिका जयम्स के निधन की खबर सामने आई है। जेसिका अडल्ट फिल्मों के अलावा 'वीड्स इज डेड' शो में भी नजर आ चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेसिका कैलिफोर्निया में अपने घर पर अचेत अवस्था में मिलीं। वहीं उनकी मौत की वजह अभी तक सामने नहीं आ पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं। बता दें कि जेसिका माइकल रेडिंग को जेसिका जयम्स के नाम से जाना जाता है। रिपोर्ट्स में बताया गया कि जेसिका कैलिफोर्निया की सैन फर्नांडो घाटी स्थित हेवेनहस्ट एवेन्यू 900 ब्लॉक के अपने घर पर मंगलवार को अचेत अवस्था में मिलीं। जिसके बाद डाक्टर्स ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जेसिका का जन्म अलास्का के एंकोरेज में हुआ।



# कृति ने कहा- जरूरी था मीटू मूवमेंट

**मुंबई।** एक टीवी शो में एक्ट्रेस कृति सेनन ने कहा कि मीटू मूवमेंट की वजह से बॉलीवुड में बदलाव आया है। कृति सेनन ने इस अभियान पर कहा- मुझे खुशी है कि इसके बारे में बात हुई। दुनिया के सामने ये बातें रखने के लिए बड़ी हिम्मत चाहिए। अब लोग बोल रहे हैं ये अच्छी बात है। मुझे नहीं पता कि इंडस्ट्री अब सेफ है या नहीं लेकिन इतना जरूर है कि अब लोगों में डर पैदा हो गया है। कोई भी इंडस्ट्री हो, लोगों में ये डर है कि कुछ गलत करेंगे तो नौकरी से जा सकते हैं। लोगों में पैदा हुआ वो डर बहुत जरूरी था। ये मूवमेंट बहुत जरूरी था। मालूम हो इंडस्ट्री में पिछले साल मीटू मूवमेंट ने तब जोर पकड़ा जब तनुश्री दत्ता ने एक्टर नाना पाटेकर पर गंभीर आरोप लगाए।



# शाहरुख ने दी बेटी को सलाह ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह बेटी सुहाना को सलाह देते नजर आ रहे हैं। वह अपनी बेटी को चेतावनी दे रहे हैं कि वह ऐसे लड़कों से दूर रहें जो उनके पॉप्युलर कैरक्टर्स 'राज' और 'राहुल' की तरह व्यवहार करते हैं। ऐक्टर ने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर वे कैरक्टर्स नहीं पसंद हैं जिन्हें वह पर्दे पर निभाते हैं। शाहरुख के मुताबिक, अगर वह कभी भी अपनी पत्नी के सामने बांहें फैलाते हैं या उनके सामने गाना गाते हैं तो शायद वह उन्हें घर से बाहर कर देंगी। शाहरुख ने यह भी साफ किया कि फिल्म में रोल के लिए वह इनोसेंस का एलिमेंट ऐक्टिवेट करते हैं और उसे अट्रैक्टिव बनाते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहरुख आखिरी बार डायरेक्टर आनंद एल राय की फिल्म 'जीरो' में नजर आए थे।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

### टॉवर

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

### लोन

☞ मुथूट फाइनेंस प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत होम लोन पर्सनल मार्कशीट मुर्गीपालन महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन करवाये ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित, महिलाओं को विशेष छूट, 8278296938

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनैंस जनधन योजना के अन्तर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 9499166862

### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

### फायनेंस

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### टावर


☞ INDUS कम्पनी द्वारा घर बैठे अपनी खाली जमीन, छत, खेत, प्लाट पर सभी कम्पनी के 4जी/5जी, डिजिटल टावर लगवायें, एडवांस 70,00,000/- किराया 40,000/- + 2 नौकरी, सैलरी 20,000/- #082784-84548


# करीना का नया वीडियो...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसे फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। इस वीडियो में करीना योग और एक्सरसाइज करती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो के जरिए करीना एक बार फिर अपने फैन्स को फिटनेस गोल्स दे रही हैं। वीडियो को देखकर पता चलता है कि करीना अपनी फिटनेस का कितना ख्याल रखती हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना अब अपनी अगली फिल्म 'गुड न्यूज' के रिलीज होने का इंतजार कर रही है। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ दिखाई देंगे। इसके अलावा करीना ने करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म 'तख्त' भी साइन की है।



# 'द स्काई इज पिंक' का पहला गीत रिलीज



**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर के लीड रोल वाली फिल्म 'द स्काई इज पिंक' का ट्रेलर रिलीज किए जाने के बाद अब इसका पहला सॉन्ग रिलीज कर दिया गया है। गाने का टाइटल है 'दिल ही तो है' और इसमें फरहान-प्रियंका की लव केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। कुल 2 मिनट 23 सेकंड का यह सॉन्ग काफी रोमांटिक है। गाने में प्रियंका और फरहान के किरदारों की लव स्टोरी का सफर भी देखने को मिलेगा। गाने का संगीत प्रीतम ने दिया है और इसे अरिजीत सिंह, निखिल डिसूजा और अंतरा मित्रा ने अपनी आवाज दी है। फिल्म में एक कपल के 25 साल के सफर की कहानी है जो उनकी टीनएज बच्ची की नजर से दिखाई जाएगी। यह फिल्म मोटिवेशनल स्पीकर आयशा चौधरी की जिंदगी पर बनी है जिन्हें पल्मोनरी फाइब्रोसिस की लाइलाज बीमारी थी। फिल्म में प्रियंका और फरहान के अलावा जायरा वसीम और रोहित सराफ भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। 'द स्काई इज पिंक' का डायरेक्शन शोनाली बोस ने किया है।

## एकता की प्रोफेशनल लाइफ ...



**मुंबई।** एकता कपूर को टीवी की दुनिया की क्वीन कहना गलत नहीं होगा। वो लंबे अरसे से टीवी पर राज कर रही हैं। टीवी के साथ ही एकता कपूर अब फिल्मों और डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए भी कंटेंट प्रोड्यूस कर रही हैं। एकता अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बहुत बिजी रहती हैं। हाल में एकता ने अपने बिजी शेड्यूल और काम के बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया कि वो एक दिन में 9 स्क्रिप्ट पढ़ती हैं। उनके साथ 1000 से ज्यादा लोग काम करते हैं।

## बिजी लाइफस्टाइल में लोगों की रूटीन में आया बदलाव

# खाने के बाद नहाने के हैं बहुत ज्यादा नुकसान

जब बात खाने की आती है तो इसका सीधा कनेक्शन आपकी हेल्थ से होता है। अगर आपकी खान-पान की आदतें अच्छी हैं तो आपकी हेल्थ भी ठीक रहेगी वहीं बुरी आदतों से आप बीमार पड़ सकते हैं। हम यहां बात करेंगे एक ऐसी आदत की जिसके बारे में हमें पता नहीं होता और इसकी कीमत चुकानी पड़ जाती है।

**नई दिल्ली।** हमारी लाइफस्टाइल बिजी होने की वजह से हमारा रूटीन गड़बड़ होना आम बात है। इसमें रोजाना की एक्टिविटीज भी डिस्टर्ब हो जाती हैं जैसे कि सही समय पर नहाना। कुछ लोग व्यस्त दिनचर्या के चलते खाने के बाद नहाते हैं। लेकिन ऐसा करना ठीक नहीं है।अगर आप स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो सिर्फ आपकी डायट का बैलेंस्ड होना जरूरी नहीं बल्कि हमारे जीवन की हर एक्टिविटी में बैलेंस होना जरूरी है। आइए, जानते हैं आयुर्वेद के अनुसार, खाने के बाद नहाना क्यों वर्जित है...



### शरीर का तापमान बदलता

आयुर्वेद के मुताबिक, हर काम के लिए एक निर्धारित वक्त होता है और इसको बदलने से शरीर को नुकसान हो सकता है। अगर खाना खाने के बाद नहाने की बात करें तो कहा जाता है कि खाना खाने के 2 घंटे बाद तक नहाना नहीं चाहिए। खाना पचाने के लिए शरीर का फायर एलिमेंट जिम्मेदार होता है, जैसे ही आप खाना खाते हैं तो फायर एलिमेंट ऐक्टिवेट हो जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। यह डाइजेशन के लिए अच्छा होता है।

### आधुनिक विज्ञान भी करता मना

आयुर्वेद की तरह ही मॉडर्न मेडिकल साइंस कहता है कि नहाने से शरीर का तापमान कम हो जाता है और ब्लड सर्कुलेशन डायवर्ट होता है। इसका नतीजा यह होता है कि जो ब्लड डाइजेशन में मदद करने वाला होता है वह त्वचा की तरफ तापमान मेंटेन करने के लिए फ्लो होने लगता है। लिहाजा खाने के बाद नहाना नुकसानदेह साबित होता है।

### मोटापा का बनता कारण

एक्सपर्ट का कहना है, खाने के बाद नहाने से अक्सर उलझन होने लगती है, इससे ऐसिडिटी, उल्टी और यहां तक कि मोटापा तक हो सकता है। नेचर के हिसाब से भी इंसान को खाने से पहले नहाना चाहिए, क्योंकि जब हम नहाते हैं तो बॉडी की हर सेल री-एनर्जाइज्ड हो जाती है और हमें तरोताजा महसू होने लगता है। इससे हमारे शरीर को भूखे होने के सिग्नल मिलने लगते हैं। वह सलाह देती हैं कि खाना खाने के 35-40 मिनट बाद ही नहाना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### बिजली गिरने से मालदा में तीन की मौत, दो घायल

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक आलोक रजोरिया ने कहा कि परानपुर उपरटोला गांव के हुसैन आलिया (33), चुनाखली परमपुर गांव के अनारुल हक (34) और चांदपुर कर्बला गांव के एस के हुसैन (17) पर खेत में काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि बिजली गिरने की एक अन्य घटना में चांदपुर गांव के दो लोग घायल हो गए।

### ओडिशा ने दी पहली महिला आदिवासी पायलट

**नई दिल्ली।** ओडिशा के आदिवासी बहुल जिले मलकानगिरी तक जाने का तरीका खोजें तो पता चलता है कि वह इलाका हवाई संपर्क तो बहुत दूर की बात है, रेल मार्ग तक से नहीं जुड़ा है और ऐसे में अगर वहां की किसी आदिवासी लड़की के हौंसलों की उड़ान उसे कमर्शियल पायलट बना दे तो बात हैरानी की हदों से कहीं आगे निकल जाती है। मलकानगिरी का इलाका माओवाद से प्रभावित है और पुलिस कांस्टेबल की बेटी अनुप्रिया लाकड़ा इस क्षेत्र की पहली आदिवासी महिला पायलट हैं। 2012 में भुवनेश्वर के एक प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान को छोड़कर पायलट प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ाई करने वाली अनुप्रिया जल्दी ही अपनी पहली कमर्शियल उड़ान के लिए तैयार हैं और अपने समुदाय की बहुत सी लड़कियों के सपनों को पंख देने वाली हैं।

### उपराष्ट्रपति ने कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार का आह्वान किया



**हैदराबाद।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कृषि को लाभदायक और टिकाऊ बनाने के लिए संरचनात्मक सुधारों की जरूरत पर रविवार को जोर दिया। नायडू ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान रयतू नेस्थम पुरस्कार देने के बाद कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि 60 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए कृषि को बढ़ावा देने और इसे व्यावहारिक तथा लाभदायक बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान करोड़ों लोगों के पेट भरने का पवित्र कार्य कर रहे हैं, जबकि कृषि उपज के लिए उन्हें कम धनराशि मिलती है और व्यापारी अधिक पाते हैं। नायडू ने कहा, उपभोक्ता अधिक कीमत क्यों दे रहे हैं, जबकि उत्पादकों को कम कीमत मिल रही है।

### वे लोग 'हाउस गेस्ट' हैं, पसंदीदा फिल्मों की सीडी दे रहे हैं: जितेन्द्र

# 'जम्मू-कश्मीर के नेताओं को 18 महीने से ज्यादा हिरासत में नहीं रखा जाएगा'

एजेंसी ⏭ जम्मू

केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने रविवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद हिरासत में लिए गए कश्मीरी नेताओं को 18 महीने से ज्यादा हिरासत बनाकर नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताओं को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वे लोग ''हाउस गेस्ट'' हैं और उन्हें उनकी पसंद की हॉलीवुड सिनेमा की सीडी और भोजन दिया जा रहा है। सिंह ने एक रैली में कहा कि नेताओं को वीआईपी बंगलों में रखा गया है। हम उन्हें हॉलीवुड सिनेमा की सीडी दे रहे हैं। जिम की सुविधा भी दे रहे हैं। वे लोग नजरबंद नहीं किए गए हैं। वे लोग हाउस गेस्ट हैं।'' प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर के नेताओं को 18 महीने से ज्यादा वक्त के लिए हिरासत में नहीं रखा जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को पांच अगस्त को निरस्त किए जाने और राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों... लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में बांटे जाने के बाद कई



नेताओं, अलगाववादियों, कार्यकर्ताओं और वकीलों को हिरासत में लिया गया है। उस वक्त से हिरासत में लिए गए लोगों में पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तानी कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का है तथा केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर की सीमा को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संसद इस संबंध में 1999 में प्रस्ताव पारित कर चुकी है।

### भाजपा ने शुरू किया अनुच्छेद 370 पर केन्द्र के फैसले के लिए समर्थन हासिल करने का अभियान

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और केन्द्रीय मंत्री अनुच्छेद 370 को लेकर केन्द्र के फैसले पर समर्थन हासिल करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न बुद्धिजीवियों और दिग्गज हस्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। केन्द्र सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख दो केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की घोषणा की थी। इस फैसले के लिए लोगों का समर्थन हासिल करने के लिए भाजपा ने फिल्म, खेल और अकादमी क्षेत्र की 200 शख्सियतों से मुलाकात करने का निर्णय किया है। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं शहर में अभियान के प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य बुद्धिजीवियों, पेशेवरों और अन्य क्षेत्र के दिग्गजों से मिलना तथा उन्हें अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटाने की आवश्यकता और जम्मू-कश्मीर के लोगों को इससे होने वाले फायदा से अवगत कराना है।'' इस अभियान का नाम 'व्यापक जनसम्पर्क और जन जागरण अभियान' है।

### जम्मू कश्मीर के लोगों को अब देश की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी : नड्डा

**बेंगलुरु।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू- कश्मीर के लोगों को देश की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह न केवल भारत के लोगों के लिए खुशी का पल है बल्कि जम्मू- कश्मीर के लोगों के लिए भी आनंद की बात है क्योंकि वे दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा जीवन व्यतीत कर रहे थे। नड्डा ने यहां पैलेस मैदान में ''एक देश, एक संविधान' विषय पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वे राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में संसद ने सूचना का अधिकार अधिनियम और एससी/एसटी कानून समेत कई महत्वपूर्ण कानूनों को पारित किया और अब उन्हें लागू किया जायेगा। नड्डा ने कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त किये जाने से दलितों को न्यायिक और प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होने का भी अधिकार मिलेगा। पहले उनके पास ये अधिकार नहीं थे। उन्होंने कहा, ''इस तरह के प्रावधान थे कि पंजाब से जम्मू-कश्मीर गए दलित वहां सफाई कार्यों के लिए कोई अन्य काम नहीं करेंगे। उनके साथ अन्याय हो रहा था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाये जाने के निर्णय पर विश्व भारत के साथ खड़ा है। पाकिस्तान (कश्मीर मुद्दे पर) आज विश्व में अलग-थलग पड़ गया है।



### सर्दियों में सीआरपीएफ कर्मियों के ठहरने के लिए होगी बेहतर व्यवस्था

**श्रीनगर।** सर्दियों का मौसम शुरू होने से पहले केंद्र सरकार ने कश्मीर घाटी में अर्द्धसैनिक बलों के लिये 40 से अधिक बने बनाए कमरे स्थापित करने के अलावा पहले से मौजूद निजी आवासों और होटलों में बुनियादी ढांचा में सुधार करने को मंजूरी दी है ताकि सैनिक बर्फबारी के दौरान उनमें आराम से ठहर सकें। सरकार का यह कदम अर्द्धसैनिक बलों को घाटी में लंबी अवधि तक रखने का संकेत देता है। इस काम को अगले कुछ हफ्तों में अमली जामा पहनाए जाने की संभावना है क्योंकि कश्मीर में अगले महीने के अंत तक सर्दियों का मौसम शुरू हो जाने की उम्मीद है। पहले से बने बनाये कमरों के ढांचों में पोली यूरीथेन फोम (पीयूएफ) लगाया जाएगा और इनमें ठहराने के लिए वैसे इलाकों में तैनात सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां अधिक बर्फबारी होती है। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों--जम्मू कश्मीर और लद्दाख-- में विभाजित करने के केंद्र के पांच अगस्त के फैसले से पहले सीआरपीएफ की कई कंपनियों को यहां लाया गया था।

## कांग्रेस ने गोवा में रोजगार पंजीकरण से आधार को जोड़ने के कदम का किया विरोध


**पणजी।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि गोवा के रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए 'आधार' को अनिवार्य बनाने का राज्य की भाजपा नीत सरकार का कदम उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है। गोवा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर ने यहां पत्रकारों से बातचीत में राज्य श्रम विभाग के इस कदम पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि आधार को अनिवार्य कैसे बनाया जा सकता है, जबकि उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि उन चीजों से आधार को जोड़ना अनिवार्य नहीं किया जा सकता है, जहां कोई प्रत्यक्ष मौद्रिक लाभ नहीं मिलता है। चोडनकर ने कहा कि अगर किसी ने रोजगार कार्यालय में पंजीकरण कराया है तो वह इस पर अदालत का रुख कर सकता है। इससे फरवरी में आधार को अनिवार्य बनाने वाली अधिसूचना के बाद हुई भर्तियां रद्द हो सकती हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा रोजगार कार्ड की (पूर्व में) तीन साल की वैधता के बजाय उसे स्थायी बनाने पर भी आपत्ति जताई।



## इस्लामिक देशों के मुकाबले भारत में मुसलमान अधिक भाग्यशाली हैं : मार्क

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जानेमाने पत्रकार मार्क टुली ने कहा है कि इस्लामिक देशों के मुकाबले भारत में मुसलमान अधिक भाग्यशाली हैं, क्योंकि यहां वे किसी भी इस्लामिक परंपरा की उपासना कर सकते हैं। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली के निजामुद्दीन क्षेत्र में जहां वे रहते हैं, वहां तब्लीगी जमात का मुख्यालय है और वे बेहद "सख्त और रूढ़िवादी हैं। उनके ठीक बगल में सूफी परंपरा का केंद्र है, जहां लोग निजामुद्दीन औलिया के मकबरे की पूजा करते हैं और कव्वालियां गाते हैं। इक्वेटर लाइन पत्रिका के ताजा अंक में टुली के हवाले से लिखा गया है, भारत की सहिष्णुता की



■ टुली के मुताबिक भारत अनूठा है और ये सभी धर्मों का घर है

भावना उसकी ताकत है, जिससे विभिन्न धर्मों के लिए साथ-साथ मिलजुल कर रहने का सद्भावपूर्ण माहौल बनता है।" इस अंक का शीर्षक है - "होम एंड दि वर्ल्ड।" टुली के मुताबिक भारत अनूठा है और ये सभी धर्मों का घर है।

### भारत में आध्यात्मिकता है

मार्क ने कहा कि भारत में आध्यात्मिकता है। अब तक इन धर्मों में भी विविधता है। इस्लामी देशों के मुसलमानों के मुकाबले भारत में मुसलमान अधिक भाग्यशाली हैं क्योंकि भारत में वे किसी भी इस्लामी परंपरा में पूजा कर सकते हैं। इस अंक में ब्रिटेन के टिम ग्रांडेज का भी एक लेख है, जो 32 साल पहले कोलकाता में एक बैंकिंग अधिकारी के रूप में आए। बाद में उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और झुग्गी बस्तियों के बच्चों के लिए काम करने लगे। उन्होंने एक धर्मार्थ संस्था 'फ्यूचर होप' भी बनाई। ग्रांडेज ने लिखा है कि उन्होंने इन बच्चों से बहुत कुछ सीखा जैसे विश्वास, देखभाल, अवसर, प्रतिबद्धता और सहिष्णुता का मूल्य, दूसरों से बात करना सुनना भी।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा

## मंदी के दौर में रोजगार के अवसर हो रहे कम

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश के आर्थिक हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में कपड़ा, वाहन उद्योग सहित अधिकतर क्षेत्र मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। यही वजह है कि युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं उल्टे नौकरियां कम हो रही हैं। गहलोत रविवार को यहां मणिपाल विश्वविद्यालय परिसर में छात्रावास परिसर एवं अकादमिक खंड-द्वितीय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक संकट का दौर चल रहा है इससे कैसे निकले इस पर यदि विपक्ष का सहयोग चाहिए तो वह मांगे। सब मिलकर इस दिशा में काम करें और देश के हालात खराब नहीं होने चाहिये ऐसी हमारी सोच होनी चाहिए।



### उद्योग धंधे हो रहे है ठप

गहलोत ने कहा कि आज ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल सहित ज्यादातर उद्योग क्षेत्र मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। युवाओं को नौकरियां मिलना तो दूर की बात है, नौकरियां जा रही हैं और उद्योग धंधे ठप हो रहे हैं।

## रैली...




चेन्नई में रविवार को ग्लोबल क्लाइमेट स्ट्राइक रैली में विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के छात्र भाग लेते हुए।

### आरपीएफ ने भर्ती किए 10,500 जवान, अब तक की सबसे बड़ी भर्ती

**मुंबई।** भारतीय रेल ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में 10,500 कर्मियों की भर्ती की है। इनमें से कांस्टेबल की 50 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पिछले साल मई में शुरू हुई थी और हाल ही में समाप्त हुई है। कुल 10,500 कर्मियों में 1,120 उप-निरीक्षक, 8,619 कांस्टेबल और 798 सहायक कर्मी पद पर भर्ती हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आरपीएफ में महिला कांस्टेबल की संख्या महज 2.25 फीसदी है जिसे देखते हुए रेल मंत्रालय ने महिलाओं को सशक्त करने और इस बल में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा महिलओं की भर्तियां करने को प्रमुखता दी। केंद्रीय भर्ती समिति के अध्यक्ष अतुल पाठक ने कहा कि आरपीएफ की सबसे बड़ी भर्ती में हमें 82 लाख से ज्यादा आवेदन मिले।

### कर्नाटक के बागी विधायकों की याचिका पर सुनवाई आज

## येदियुरप्पा ने कहा: सकारात्मक फैसले की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस-जद(एस) के बागी विधायकों की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सोमवार को होने वाली सुनवाई से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि उन्हें सकारात्मक फैसला आने की उम्मीद है। चुनाव आयोग द्वारा बागी विधायकों की सीट पर उपचुनाव की घोषणा के बाद येदियुरप्पा मामले और उससे जुड़ी रणनीति पर चर्चा करने के लिए पार्टी अध्यक्ष अमित शाह मिलने दिल्ली आए हैं। इन सभी विधायकों को कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष के आर रमेश कुमार ने संविधान की 10वीं अनुसूची (दल-बदल कानून) के तहत अयोग्य करार दिया था। मुख्यमंत्री पर अयोग्य करार दिए गए 15 विधायकों का



■ सभी विधायकों को कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष ने संविधान की 10वीं अनुसूची (दल-बदल कानून) के तहत अयोग्य करार दिया था

काफी दबाव है। दरअसल, उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 30 सितंबर है, और अगर ऐसे में शीर्ष अदालत उससे पहले विधायकों को राहत नहीं देती है तो उनका राजनीतिक करियर दांव पर लग जाएगा। उच्चतम न्यायालय मामले की सुनवाई सोमवार को करेगा।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत के लिये 2,000 करोड़ मांगे

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और बाढ़ प्रभावित राज्य के लिये तत्काल राहत के तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की मांग की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि केंद्र ने आश्वस्त किया है कि राज्य में क्षति का आकलन कर रहे केंद्रीय दल के अगले दो-तीन दिनों में अपनी रिपोर्ट देने के बाद राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से सहायता उपलब्ध कराने पर निर्णय किया जायेगा। येदियुरप्पा ने यहां पत्रकारों को बताया, ''हमने बाढ़ राहत के लिये 2,000 करोड़ रुपये केंद्रीय मदद मांगी है। हमारे पास संसाधनों की कमी है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने अब तक करीब 1,000 करोड़ रुपये जारी किये हैं। केंद्रीय कोष जारी होने से हम पर बोझ कम होगा।

### मानव संसाधन मंत्रालय ने कराया सर्वेक्षण

# देश में सिर्फ 2.5 प्रतिशत कॉलेज पीएचडी कराते हैं, विज्ञान वर्ग के छात्र हैं सबसे आगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा कराए गए 'अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण' के मुताबिक देश में केवल 2.5 प्रतिशत कॉलेज पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं और सबसे ज्यादा विज्ञान वर्ग के छात्र पीएचडी के लिए नामांकन कराते हैं। देश में पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या 1,69,170 है, जो कुल पंजीकृत छात्रों का 0.5 प्रतिशत से भी कम है। इस वार्षिक सर्वेक्षण के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को तीन श्रेणियों में बांटा गया- विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्वतंत्र संस्थान। वर्ष 2018-19 के सर्वेक्षण में कुल 962 विश्वविद्यालय, 38179 कॉलेज और 9190 स्वतंत्र संस्थान शामिल हुए। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक केवल 2.5 प्रतिशत कॉलेज पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं और 34.9 प्रतिशत कॉलेज परास्नातक स्तर तक के कार्यक्रम संचालित करते हैं। पीएचडी स्तर पर सबसे ज्यादा छात्र विज्ञान वर्ग के हैं और इसके बाद इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी वर्ग का स्थान है। दूसरी ओर परास्नातक स्तर पर सबसे अधिक छात्र सामाजिक विज्ञान वर्ग के हैं और इसके बाद प्रबंधन वर्ग का स्थान है। सरकारी विश्वविद्यालयों में पीएचडी छात्रों की सबसे अधिक संख्या (34.3 प्रतिशत) है, जिसके बाद राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (21.6 प्रतिशत), मानद विश्वविद्यालयों-निजी (21.6 प्रतिशत) और राज्य निजी विश्वविद्यालयों (13.4 प्रतिशत) का स्थान है। रिपोर्ट के मुताबिक 79.8 प्रतिशत छात्र स्नातक स्तर के कार्यकमों में नामांकन कराते हैं।




### स्नातक स्तर में सबसे अधिक छात्र बीए में पंजीकरण कराते हैं

रिपोर्ट में कहा गया है कि स्नातक स्तर में सबसे अधिक छात्र बीए में पंजीकरण कराते हैं, जिसके बाद बीएसई और बीकॉम का स्थान है। स्नातक स्तर पर सबसे अधिक छात्र (35.9 प्रतिशत) कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराते हैं। विज्ञान में 16.5 प्रतिशत, इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी में 13.5 प्रतिशत और वाणिज्य में 14.1 प्रतिशत छात्र पंजीकरण कराते हैं। करीब 34.8 प्रतिशत कॉलेज एक ही वर्ग के पाठ्यक्रमों का संचालन करते हैं और इनमें से 83.1 प्रतिशत निजी कॉलेज हैं।


### असम के आंगनवाड़ी केंद्रों में 19.96 लाख फर्जी लाभार्थियों की हुई पहचान

**नई दिल्ली।** असम के आंगनवाड़ी केंद्रों में सत्यापन के दौरान करीब 19.96 लाख फर्जी लाभार्थी पाए गए। यह खुलासा सूचना के अधिकार के तहत मिले जवाब में हआ। असम में कुल 62,153 आंगनवाड़ी हैं, जिनमें 5,94,296 गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं सहित कुल 36,24,973 लाभार्थी पंजीकृत हैं। केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को आंगनवाड़ी में पंजीकृत लाभार्थियों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। यह एक तरह से ग्रामीण बाल देखभाल केंद्र हैं, जिनकी स्थापना सरकार ने छह साल से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण की समस्या से निपटने और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषाहर जरूरतों को पूरा करने के लिए की है। सूचना के अधिकार (आरटीआई)के तहत आवेदन का जवाब देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि 19.96 लाख फर्जी लाभार्थियों (बच्चे, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाएं) के नाम असम सरकार ने हटाए हैं जबकि अन्य राज्यों से रिपोर्ट का इंतजार है। मंत्रालय ने आगे बताया कि लाभार्थियों की पहचान आधार नंबर की मदद से गई, जिसे सेवा हासिल करने के लिए पहचान के तौर इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता एवं दक्षता लायी जा सके।




### मुम्बई में माहिम दरगाह के आसपास पुलिस ने हटाए 1,140 भिखारी

**मुम्बई।** शहर की मशहूर माहिम दरगाह के आसपास से पुलिस ने पिछले आठ महीनों में लगभग 1,140 भिखारियों को हटाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 665 मामले दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अजिनाथ सतपुते ने बताया कि स्थानीय लोगों के उपद्रवियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद यह अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि इनमें में कुछ नशा करते थे, घरों में चोरी करते थे और झपटमारी की वारदातों में भी शामिल थे। सतपुते ने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज कराए गए 665 मामलों के आधार पर हमने पिछले आठ महीनों में यहां से 1,140 भिखारियों को हटाया है। हमने पाया कि इन भिखारियों की वजह से लोगों को दरगाह के मुख्य द्वार तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। इसके अलावा उनके अपराधों में शामिल होने की शिकायतें भी मिली थीं।



## खबर संक्षेप

### सरकारी उपायों से सीमेंट उद्योग सुधरेगा

**जयपुर।** कंपनियों के लिए कर दर में कटौती करने के सरकार के कदम का स्वागत करते हुए प्रमुख सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट ने कहा कि इन उपायों से सीमेंट उद्योग में भी सुस्ती दूर होगी और कारोबार बढ़ेगा।



कंपनी को उम्मीद है कि आने वाले कुछ वर्षों में उसका कारोबार बढ़कर 10,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। जेके सीमेंट के अध्यक्ष (विपणन) पुष्पराज सिंह ने बताया, कारोबार बढ़ाने के लिए हम उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ और गुजरात के बालासिनोर में अपनी नई इकाई लगा रहे हैं।

### विदेशी निवेशकों ने 4,193 करोड़ रु. निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से इस महीने में अब तक कुल 4,193 करोड़ रुपए की निकासी की है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार की ओर से किए गए उपायों से इस रुख में



बदलाव की उम्मीद है। केंद्र ने कॉरपोरेट कर की दरों में करीब 10 प्रतिशत की कटौती की है और कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए डेरिवेटिव समेत प्रतिभूतियों की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ अधिभार लागू नहीं होगा।

### अमेरिका से एलएनजी का आयात करेगी पेट्रोनेट

**ह्यूस्टन/नई दिल्ली।** अमेरिका की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन इंक और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी कंपनी लि. (पीएलएल) ने एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत पीएलएल और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से सालाना 50 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात करेंगी। दोनों कंपनियों ने शनिवार को इसकी घोषणा की। सूत्रों के अनुसार, यह सौदा करीब 2.50 अरब डॉलर का है। दोनों कंपनियों का इरादा इस करार को 31 मार्च, 2020 तक अंतिम रूप देने का है।

### डंपिंगरोधी नियमों में जल्द होगा बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकार डंपिंगरोधी तथा सुरक्षा उपाय जैसे व्यापारिक उपचार नियमों में जल्दी ही बदलाव कर सकती है। सरकार का लक्ष्य इन उपायों को घरेलू उद्योग के



बचाव में अधिक प्रभावी बनाना है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने इन बदलावों को मंजूरी दे दी है और जल्दी ही राजस्व विभाग इन्हें अधिसूचित कर देगा। इन व्यापारिक समाधान उपायों का विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के वैश्विक व्यापार नियमों के तहत प्रावधान किया गया है।

### कोयला आयात जुलाई में चार प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात जुलाई में 3.7 प्रतिशत घटकर 1.89 करोड़ टन पर आ गया। एक साल पहले समान महीने में यह 1.96 करोड़ टन था। एम.जंक्शन के शुरुआती आंकड़ों के



अनुसार, जुलाई में कुल कोयला आयात में गैर कोकिंग कोयले का आयात 1.26 करोड़ टन और कोकिंग कोयले का आयात 41.7 लाख टन रहा। एम.जंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी विनय वर्मा ने कहा, जून में कोयला आयात में मामूली वृद्धि हुई थी, लेकिन जुलाई में मानसून के दौरान बिजली की मांग घटने से इसका आयात कम हुआ।

# अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मौका गंवाया

हरिभूमि न्यूज : औरंगाबाद

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच साल पहले अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मौका गंवा दिया। प्रमुख अर्थशास्त्री एचएम देसारदा ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले कच्चे तेल के दाम काफी निचले स्तर पर थे लेकिन सरकार स्थिति का लाभ लेने से चूक गई। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर पांच प्रतिशत पर आ



गई है जो इसका छह साल का निचला स्तर है। यह लगातार पांचवीं तिमाही रही जबकि जीडीपी की वृद्धि दर सुस्त रही है। घरेलू मांग नीचे आई है। निजी उपभोग कम हुआ है जबकि निवेश भी सुस्त हुआ है।

**कच्चे तेल के आयात पर किया भारी खर्च:** महाराष्ट्र के महात्मा गांधी मिशन परिसर में 'मौजूदा आर्थिक गिरावट-प्रभाव और उपाय' विषय पर व्याख्यान में देसारदा ने कहा कि 2013 में कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल थे। उन्होंने कहा, 'नरेंद्र मोदी की सरकार के सत्ता में आने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। उस समय सरकार ने पेट्रोल और डीजल की मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल के आयात पर भारी राशि खर्च की।'

**खर्च और मुनाफे का असंतुलन दूर करना होगा:** अर्थशास्त्री ने दावा किया कि टोल टैक्स से 7,000 करोड़ रुपए से अधिक राशि प्राप्त नहीं हो रहे हैं।

## नोक एयर ने गुवाहाटी-बैंकॉक विमान सेवा शुरू की



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने रविवार को यहां नोक एयर के गुवाहाटी-बैंकॉक विमान को हरी झंडी दिखाई और उम्मीद जताई कि इस सेवा को शुरू करने से असम तथा थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोनोवाल ने यहां लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोइ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विमान को हरी झंडी दिखाने के दौरान आयोजित समारोह में कहा कि इस सेवा को शुरू करना न केवल एयलाइन के मार्ग का विस्तार है बल्कि भविष्य की ओर वह कदम है जो असम तथा थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा। नोक एयर का विमान तीन घंटे में बैंकॉक के समीप डॉन मुअंग हवाईअड्डे पहुंचेगा और व्यापार तथा छुट्टियां मनाने के लिए वहां जाने वाले यात्रियों को सप्ताह में दो बार यह सुविधा मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय वायु संपर्क योजना के तहत स्पाइसजेट की पहली गुवाहाटी-ढाका उड़ान को इस साल एक जुलाई को हरी झंडी दिखाई गई।

### आईसीआईसीआई डायरेक्ट रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

# कॉरपोरेट कर में कमी से बैंकिंग एफएमसीजी को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीआईसीआई डायरेक्ट रिसर्च का मानना है कि कॉरपोरेट कर दरें घटाने से बैंकिंग और एफएमसीजी क्षेत्र को तो फायदा होगा, लेकिन आईटी और दवा कंपनियों को इससे कोई ठोस फायदा नहीं होगा क्योंकि इनके लिए कॉरपोरेट कर की प्रभावी दरें पहले से ही कम हैं।

- बढ़ी नकदी का इस्तेमाल कर कम करने में किया जा सकता है

रिपोर्ट में कहा, 'सरकार ने शुक्रवार को कॉरपोरेट कर की दर करीब 35 प्रतिशत से घटाकर 25.17 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इससे लगता है कि सरकार प्रत्यक्ष कर संहिता के अपने महत्वपूर्ण एजेंडे पर काम कर रही है। यह वृद्धि को सुधारने के लिए तथा हाल में सुस्त चल रही धारणा को बल देने के लिए बड़ा कदम है।'

#### नकदी प्रवाह बढ़ने की संभावना

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका तत्काल फायदा घरेलू कॉरपोरेट जगत में नकदी प्रवाह बढ़ने के रूप में सामने आएगा। इस बढ़ी हुई नकदी का इस्तेमाल वह या तो कर्ज कम करने या क्षमता बढ़ाने को होने वाले निवेश में किया जा सकता है।

**खास बातें**

- कारपोरेट कर की दर से दवा, आईटी कंपनियों रहेंगी बेअसर
- आईटी और दवा क्षेत्र में पहले से कारपोरेट कर कम




#### कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनियां रहेगी फायदे में

आईसीआईसीआई डायरेक्ट रिसर्च ने क्षेत्रवार विश्लेषण करते हुए कहा कि वाहनों के कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनियों को कर छूट से फायदा होगा। उसने कहा, 'वाणिज्यिक वाहनों के विनिर्माताओं को निजी खर्च चक्र शुरू होने से लाभ होगा।'

#### निवेश के चक्र को गति मिलेगी

इसके साथ ही 2023 तक चालू होने वाली नई विनिर्माण कंपनियों के लिए कॉरपोरेट कर की दर को घटाकर 15 प्रतिशत करने से वैश्विक पूंजी आकर्षित होगी और निवेश के चक्र को गति मिलेगी।

#### बिजली, सीमेंट और निर्माण कंपनियों को होगा फायदा

पूंजीगत वस्तुओं की श्रेणी की कंपनियों के लिए कॉरपोरेट कर की प्रभावी दर 25 से 34 प्रतिशत है। अतः इन्हें भी लाभ होगा। इनके अलावा बिजली कंपनियों, सीमेंट कंपनियों, निर्माण क्षेत्र की कुछ कंपनियों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद श्रेणी की कंपनियों के साथ ही होटल, लॉजिस्टिक्स और शराब क्षेत्र को भी फायदा होगा।

#### बैंकिंग व एफएमसीजी क्षेत्र में रहेगी अच्छी वृद्धि

रिपोर्ट के अनुसार, 'इसके कारण बैंकिंग और एफएमसीजी क्षेत्र में क्रमशः 48.20 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सालाना सकल वृद्धि दर देखी जा सकती है जो इससे पहले क्रमशः 42.20 प्रतिशत और 12.20 प्रतिशत थी। इनके इतर आईटी और दवा कंपनियों के लिए कोई तेजी नहीं होगी क्योंकि उनकी मौजूदा कर की दर पहले से ही कम है।'

#### शीर्ष 1,000 कंपनियों को 37,000 करोड़ रु. की बचतः क्रिसिल

क्रिसिल रिसर्च ने कहा है कि सरकार के कॉरपोरेट कर में कटौती के फैसले से शीर्ष 1,000 सूचीबद्ध कंपनियों को 37,000 करोड़ रुपए की कर बचत होगी। क्रिसिल रिसर्च ने बयान में कहा, पिछले कुछ दिन में भारतीय अर्थव्यवस्था की सुस्ती को दूर करने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई है।

#### भारत एशियाई अर्थव्यवस्था के समकक्ष पहुंचा

शुक्रवार को की गई घोषणा का सबसे व्यापक असर होगा। हमारे विश्लेषण के अनुसार कॉरपोरेट कर में कटौती से इन 1,000 कंपनियों को 37,000 करोड़ रुपए की बचत होगी। यह सरकार के कुल बचत अनुमान का करीब 25 प्रतिशत बैठता है। बयान में कहा गया है कि कर दर में कटौती से भारत अब ज्यादातर एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के समकक्ष आ गया है।

# आईटी के नाम से चुरा रहें हैकर जानकारियां

### सरकारी साइबर सुरक्षा एजेंसी ने लोगों को किया सावधान

**नई दिल्ली।** सरकारी साइबर सुरक्षा एजेंसी ने लोगों को आयकर विभाग के नाम से भेजे जा रहे नकली ई-मेल के प्रति सावधान किया है। एजेंसी ने कहा है कि आयकर विभाग की आड़ में करदाताओं की सूचना चुराने वाला एक कंप्यूटर मालवेयर इन दिनों भारतीय साइबरस्पेश में चल रहा है। एजेंसी ने जारी चेतावनी में कहा है कि इनदिनों कई लोगों को एक ईमेल मिल रहा है, जिसे देखने में प्रतीत होता है कि आयकर विभाग ने भेजा है। जबकि वास्तव में यह हैकरों का तैयार किया मालवेयर है जो कंप्यूटर से जानकारियां चुराता है। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इंडिया) द्वारा जारी परामर्श के अनुसार, कम से कम 12 सितंबर से फिशिंग एवं मालवेयर का यह गोरखधंधा सक्रिय है और यह लोगों समेत वित्तीय संगठनों को निशाना बना रहा है।

- कंप्यूटर मालवेयर इन दिनों भारतीय साइबरस्पेश में चल रहा



#### जागरूकता बढ़ाने सरकार अभियान चला रही

विभाग ने इस तरह की धोखाधड़ी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाए हैं। परामर्श में बताया गया कि कम से कम दो तरह के ई-मेल पाए गए हैं। पहले तरीके वाले ई-मेल में डॉट आईएमजी या डॉट पीआईएफ फाइल अटैच होता है।

#### पीआईएफ फाइल डाउनलोड करने कहा जाता है

दूसरी तरह के ई-मेल में लोगों को एक डॉट पीआईएफ फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है, जिसके लिए इनकमटैक्सइंडिया डॉट इंफो डोमेन पर जाने के लिए कहा जाता है। परामर्श में कहा गया कि उक्त डोमेन को अब बंद कर दिया गया है।

#### ईमेल लिंक खोलने से मना किया

सीईआरटी ने लोगों को संदिग्ध स्रोतों से कोई फाइल डाउनलोड करने, संदिग्ध ईमेल में अटैच फाइल को खोलने तथा इस तरह के ईमेल में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से मना किया है।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 361 परियोजनाओं की लागत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देरी और अन्य कारणों से देश की 361 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में कुल 3.77 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। ये सभी परियोजनाएं 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक लागत वाली हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक की लागत की परियोजना की निगरानी करता है। कुल 1,623 परियोजनाओं में से 361 परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है और 496 परियोजनाओं में देरी हुई है। मंत्रालय की मई, 2019 की रिपोर्ट

- मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 3.77 लाख करोड़ रु. की बढ़ोतरी



के अनुसार 1,623 परियोजनाओं की कुल मूल लागत 19,25,107.47 करोड़ रुपए थी। अब इन परियोजनाओं के पूरे होने की अनुमानित लागत बढ़कर 23,02,230.50 करोड़ रुपए के आसपास हो चुकी है। इसके चलते परियोजनाओं की लागत में मूल लागत से 19.59 प्रतिशत यानी 3,77,123.03 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है।

#### देरी से चल रही 496 परियोजनाएं

देरी से चल रही कुल 496 परियोजनाओं में से 166 परियोजनाएं एक से 12 महीने, 105 परियोजनाएं 13 से 24 महीने, 128 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 97 परियोजनाएं 61 या उससे अधिक महीने की देरी से चल रही हैं।

#### देरी की मुख्य वजह भूमि अधिग्रहण नहीं हो पाना

रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न एजेंसियों के मुताबिक, परियोजनाओं में देरी की मुख्य वजहें-भूमि अधिग्रहण नहीं हो पाना, वन मंजूरी मिलने में विलंब और उपकरणों की आपूर्ति में देरी हैं।




## एमवे उपभोक्ता सामान में अपनी हिस्सदारी बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे इंडिया ने अगले दो-तीन साल में अपने भारतीय कारोबार में टिकाऊ उपभोक्ता सामान की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस खंड में हमारा पोर्टफोलियो विस्तार का इरादा है। उत्पाद पोर्टफोलियो विस्तार के तहत एमवे इंडिया ने तेजी से बढ़ते होम एयर प्यूरीफायर खंड में उतरने की घोषणा की है। कंपनी का इस खंड में अगले 12 से 18 माह में 100 करोड़ रुपए की बिक्री का लक्ष्य है। इसके अलावा कंपनी का इरादा वॉटर प्यूरीफायर बाजार में भी उतरने का है।




- कंपनी ने होम एयर प्यूरीफायर खंड में उतरने की घोषणा की

#### टिकाऊ उपभोक्ता सामान में हिस्सेदारी सात फीसदी

एमवे इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशु बुद्धिराजा ने कहा, फिलहाल हमारी कुल बिक्री में टिकाऊ सामान की हिस्सेदारी सात प्रतिशत है। वैश्विक स्तर पर यह 12 प्रतिशत है। भारत में हम टिकाऊ उपभोक्ता सामान की हिस्सेदारी 12 से 13 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

#### दो से तीन साल में कंपनी लक्ष्य हासिल कर लेगी

एयर प्यूरीफायर बाजार में उतरने से हमें इन लक्ष्यों को पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम अगले दो से तीन साल में इस लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

## शीर्ष छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष दस कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बीते सप्ताह 1.15 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के पूंजीकरण में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कॉरपोरेट कर में कटौती समेत अन्य उपाय करने से सेंसेक्स में 1,921 अंक की तेजी दर्ज हुई। यह एक दशक से अधिक में सेंसेक्स की एक दिन की सबसे बढ़त है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई अन्य कंपनियां रहीं, जिनका बाजार पूंजीकरण बढ़ा है।

- बाजार पूंजीकरण 1.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ा



### सरकार स्टॉक की सीमा तय करने पर कर रही विचार

# प्याज 70 से 80 रुपए किलो की ऊंचाई पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में प्याज का खुदरा भाव 70 से 80 रुपए प्रति किलोग्राम की ऊंचाई पर पहुंच चुका है। ऐसे में केंद्र सरकार प्याज व्यापारियों के भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है।

- मानसून की भारी बारिश से आपूर्ति प्रभावित

सूत्रों का कहना है कि प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून की भारी बारिश से आपूर्ति प्रभावित हुई है जिसकी वजह से इसकी कीमतों में उछाल आया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पिछले सप्ताह प्याज की खुदरा कीमत 57 रुपए किलो रही।

#### भंडारण वाला प्याज बेचा जा रहा

व्यापारियों का कहना है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में अभी भंडारण वाला प्याज बेचा जा रहा है। खरीफ या गर्मियों की फसल नवंबर से बाजार में आएगी।

#### मुंबई में 56 रुपए किलो प्याज



वहीं मुंबई में यह 56 रुपए, कोलकाता में 48 रुपए और चेन्नई में 34 रुपए किलो थी। गुरुग्राम और जम्मू में प्याज 60 रुपए किलो पर पहुंच गया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह के अंत तक प्याज के खुदरा दाम 70 से 80 रुपए किलो पर पहुंच गए।

#### कई कदम उठाने के बाद भी बढ़े दाम

इससे पिछले सप्ताह यह 50 से 60 रुपए किलो थे। केंद्र सरकार ने प्याज की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके बावजूद प्याज के दाम चढ़ रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, सरकार ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश के लिए कई कदम उठाए हैं।

#### स्थिति सामान्य होते ही तय होगी भंडारण की सीमा

अगले दो-तीन दिन में स्थिति सामान्य नहीं होती है तो सरकार व्यापारियों के लिए गंभीरता से भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्रों विशेषरूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में पिछले दो दिन में अत्यधिक बारिश हुई है।

#### प्याज की खुदरा कीमतों में भारी इजाफा

पिछले दो-तीन दिन में उत्पादक राज्यों में भारी बारिश की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से प्याज की खुदरा कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। सूत्र ने कहा कि आपूर्ति में यह बाधा सीमित समय के लिए है।

# इस सप्ताह शेयर बाजारों की धारणा मजबूत रहेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजारों में इस सप्ताह धारणा मजबूती की रहेगी। हालांकि, शुक्रवार को दर्ज भारी-भरकम बढ़त के बाद सप्ताह के दौरान बाजार में कुछ 'करेक्शन' आ सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सबको हैरान करते हुए कॉरपोरेट कर की दरों में कटौती की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिभूति की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ अधिभार लागू नहीं होगा। इससे बंबई शेयर बाजार के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने शुक्रवार को 1,921 अंक की लंबी छलांग लगाई। यह एक दशक से अधिक में किसी कारोबारी दिन में सेंसेक्स की सबसे ऊंची बढ़त है। इसके अलावा जीएसटी परिषद ने होटल शुल्क तथा कुछ सामान पर भी कर की दरें घटाने की घोषणा की है।

- जोरदार उछाल के बाद कुछ 'करेक्शन' की संभावना : विशेषज्ञ

#### एफएफआई कटौती को किस रूप में लेते हैं

सैमको सिक्योरिटीज एंड स्टॉकनोट के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिमीत मोदी ने कहा, शुक्रवार को जोरदार तेजी के बाद अब बाजार में कुछ 'करेक्शन' आ सकता है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अपनी लिवाली कब शुरू करते हैं और वे करों में कटौती को किस रूप में लेते हैं।

## खबर संक्षेप



### नडाल लोवर कप में हाथ की चोट के कारण हटे

**पेरिस।** यूएस ओपन चैंपियन राफेल नडाल हाथ की चोट के कारण लोवर कप टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अब डोमिनिक थीम यूरोप की टीम की तरफ से विश्व टीम के निक किर्गियोस का सामना करेंगे जबकि स्टीफेनोस सिटसिपास स्विस दिग्गज रोजर फेडरर के साथ युगल में उतरेंगे। नडाल ने कहा कि उनका हाथ सूज गया है और वह खेद के साथ इस टूर्नामेंट से हट रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने यहां बहुत अच्छा समय बिताया लेकिन मुझे निराशा है कि मैं आज नहीं खेल पाया। मेरे हाथ में सूजन है और मुझे विश्राम की जरूरत है।'

### दुती को फाइनल में पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे तेज धाविका दुती चंद ने 27 सितंबर से दोहा में शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप के 100 मीटर स्पर्धा में



व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल्स में जगह बनाने का लक्ष्य रखा है। दुती दोहा की परिस्थितियों से सामांजस्य बैठाने के लिए शाम में अभ्यास कर रही है। दोहा में उनकी स्पर्धा का आयोजन शाम या रात में होगा। वह आगामी प्रतियोगिता में पिछले सत्र (लंदन 2017) की नाकामी को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करना चाहती है। दुती ने कहा, 'मुझे दोहा में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है, यही मेरा लक्ष्य है।

### भारतीय अंडर-18 टीम चुनौती के लिए तैयार

**काठमांडू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-18 फुटबाल टीम सोमवार को सैफ चैंपियनशिप में यहां बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत जीत से



करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश ने ग्रुप के शुरुआती मुकाबले में श्रीलंका पर 3-0 से जीत हासिल की और भारत के अंडर-19 कोच फ्लाएड पिंटो विपक्षी टीम की मजबूती से अच्छी तरह वाकिफ हैं। पिंटो ने कहा, 'हमने श्रीलंका के खिलाफ उनके पहले मैच में देखा था। उनका दमखम और ताकत शानदार है। इसका मतलब है कि हमें अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ होना होगा। यह हमारे लिए परीक्षा होगी।'

### मदप्पा 12वें और गंगजी 18वें स्थान पर रहे




**इंचियोन।** भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा और राहिल गंगजी ने रविवार को यहां 35वें शिनहन डोंगाही ओपन के अंतिम दौर में थोड़ा बेहतर कार्ड खेला जिससे दोनों क्रमशः संयुक्त 12वें और संयुक्त 18वें स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में केवल दो भारतीय ही कट में प्रवेश कर पाए थे। मदप्पा ने 70 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर रहा जबकि गंगजी ने 69 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर चार अंडर रहा। दक्षिण कोरिया के जबे क्रूगर ने छह अंडर पार 65 का कार्ड खेलकर दो शाट की बढ़त से खिताब अपने नाम किया।

### लाहिड़ी खिसके, संयुक्त 55वें स्थान पर पहुंचे

**जैकसन।** भारतीय गोल्फर दो ओवर 74 के निराशाजनक कार्ड से यहां सैंडरसन फार्म्स चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी का स्कोर तीन दौर के बाद तीन अंडर का है। वह दूसरे दौर में 70 का कार्ड खेलकर अच्छी स्थिति में थे। लेकिन तीसरे दौर में वह दो डबल बोगी और दो बोगी कर बैठे जबकि केवल चार बर्डी कर पाये जिससे वह बीती रात के स्थान से खिसक गए।

### बार्सिलोना की खराब शुरुआत ग्रानाडा से 0-2 से मिली मात

**मैड्रिड।** बार्सिलोना को स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद ला लिगा फुटबाल टूर्नामेंट के मुकाबले में ग्रानाडा से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना के लिए लियोनल मेस्सी और अंसू फाती ने शुरुआती एकादश में शुरुआत नहीं की। मेस्सी अब भी पूरी तरह फिट नहीं दिखते। दोनों हाफ टाइम में मैदान पर उतरे। लेकिन ग्रानाडा ने रामोन अजीज के दूसरे ही मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद एलवारो वाडिलो ने 66वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। बार्सिलोना ने अभी तक केवल दो ही मैच में जीत हासिल की है और उसके केवल सात ही अंक हैं। यह 1994 के बाद से उसकी सत्र में काफी खराब शुरुआत है।



### सीरी एः लुकाकू का गोल इंटर मिलान शीर्ष पर

**मिलान।** रोमेलू लुकाकू के गोल की मदद से इंटर मिलान ने सीरी ए फुटबाल टूर्नामेंट में प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान पर 2-0 से जीत हासिल की और तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। बेल्जियम के स्ट्राइकर लुकाकू (78वें मिनट) और मार्सेलो ब्रोजोविच (49वें मिनट) के गोल से इंटर मिलान ने चौथे मैच में चौथी जीत हासिल की। इससे वह तालिका में यूवेंटस से दो अंक आगे शीर्ष पर है। यूवेंटस ने आरोन रामसे के सीरी ए में पहले गोल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पेनेल्टी गोल की मदद से वेरोना को 2-1 से मात दी।



**कुश्ती : भारत ने किया अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, पहली बार जीते पांच पदक**

# विश्व चैंपियनशिपः चोटिल दीपक हटे, रजत पदक से किया संतोष, राहुल ने जीता कांस्य

एजेंसी ⏭ नूर सुल्तान

- अवारे ने 61 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में ग्राफ को 11-4 से हराया





भारत के युवा पहलवान दीपक पूनिया चोट के कारण विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं उतर पाए, जिसके कारण उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। पूनिया को 86 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में रविवार को ईरान के हसन याजदानी चाराटी का सामना करना था, लेकिन चोट की वजह से वह मुकाबला नहीं कर पाए। 20 साल के दीपक पूनिया ने सेमीफाइनल में स्विट्जरलैंड के स्टेफन सेइचमुथ को 8-2 से मात दकर फाइनल में जगह बनाई थी वह पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। राहुल अवारे ने कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदकों के मामले में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अवारे ने 61 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में 2017 के पैन अमेरिकी चैंपियन टाइलर ली ग्राफ को 11-4 से हराकर भारत के पदकों की संख्या पांच पर पहुंचाई। भारत की तरफ से दीपक पूनिया ने रजत जबकि बजरंग पूनिया, राहुल अवारे, रवि कुमार दहिया और महिला वर्ग में विनेश फोगाट ने कांस्य पदक जीते। भारत का विश्व चैंपियनशिप में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2013 में था जब उसने तीन पदक जीते थे। तब अमित दहिया ने रजत, बजरंग पूनिया ने कांस्य और संदीप तुलसी यादव ने ग्रीको रोमन में कांस्य पदक जीता था।

### नौकरी के लालच में कुश्ती में आये दीपक पहुंचे फाइनल तक

**नूर-सुल्तान।** विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने जब कुश्ती शुरू की थी तब उनका लक्ष्य इसके जरिये नौकरी पाना था जिससे वह अपने परिवार की देखभाल कर सके। वह काम की तलाश में थे और 2016 में उन्हें भारतीय सेना में सिपाही के पद पर काम करने का मौका मिला। लेकिन ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने उन्हें छोटी चीजों को छोड़कर बड़े लक्ष्य पर ध्यान देने का सुझाव दिया और फिर दीपक ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील ने दीपक को प्रायोजक ढूंढने में मदद की और कहा, '' कुश्ती को अपनी प्राथमिकता बनाओ, नौकरी तुम्हारे पीछे भागेगी।'' दीपक ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के अपने सीनियर पहलवान की सलाह मानी और तीन साल के भीतर आयु वर्ग के कई बड़े खिताब हासिल किए।

## श्रीनिवासन की बेटी रूपा का टीएनसीए अध्यक्ष बनना तय



**चेन्नई।** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) पर अपनी मजबूत पकड़ बरकरार रखी है क्योंकि उनकी बेटी रूपा गुरुनाथ का 26 सितंबर को होने वाली एजीएम में बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त किसी इकाई की पहली महिला अध्यक्ष बनना तय है। इसकी संभावना लगभग न के बराबर है कि श्रीनिवासन की बेटी को किसी तरह का विरोध का सामना करना पड़े। नामांकन की अंतिम तिथि 24 सितंबर है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में रविवार को यहां हुई टीएनसीए कार्यकारिणी की बैठक में फैसला किया गया। विभिन्न पदों के लिए जो अन्य उम्मीद्वार मैदान में हैं उनमें आर एस रामास्वामी (उपाध्यक्ष), के ए शंकर (संयुक्त सचिव), जे पार्थसारथी (कोषाध्यक्ष) और एन वेंकटरमन (सहायक कोषाध्यक्ष) शामिल हैं।

## मारिन ने जीता चीन ओपन बैडमिंटन खिताब



**शंघाई।** तीन बार की विश्व चैंपियन कैरोलिना मारिन ने कैरियर को समाप्त करने वाली चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए रविवार को अपना चीन ओपन खिताब बरकरार रखा। स्पेन की इस खिलाड़ी ने आठ महीने बाद वापसी की है, उन्होंने ताईवान की दूसरी वरीयता प्राप्त ताई जु यिंग से एक गेम से पिछड़ने के बाद 65 मिनट में 14-21, 21-17, 21-18 से जीत हासिल की। मारिन जीत के बाद रोते हुए कोर्ट के फर्श पर ही लेट गई और हाथों में सिर लेकर रोते हुए उन्होंने कहा, 'यह अविश्वसनीय है। मैं रिहैबिलिटेशन के दौरान सोच नहीं सकती थी कि मैं वापसी के बाद दूसरे टूर्नामेंट में जीत दर्ज कर सकूंगी।'



### मुंबा ने गुजरात को 31-25 से हराया

**जयपुर।** यू मुंबा ने आलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में रविवार को गुजरात फार्चूनजाइंट्स को 31-25 से हराया। अभिषेक सिंह ने यू मुंबा की तरफ से सुपर 10 का स्कोर बनाया। उन्होंने कुल 11 अंक बनाये। यू मुंबा के सुरिंदर सिंह और हरेंद्र कुमार ने डिफेंन्स में भी शानदार खेल दिखाकर अंक जुटाये। इस जीत से मुंबई टीम अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है और उसने प्लेआफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

### बंगाल ने जयपुर को 41-40 से हराया

प्रो कबड्डी लीग में जयपुर लेग का दूसरा दिन था और मेजबान टीम को बंगाल वॉरियर्स के हाथों 40-41 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही बंगाल वॉरियर्स ने 68 अंकों के साथ अधिकारिक तौर पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उनके साथ दबंग दिल्ली की टीम ने भी प्लेऑफ में जगह बना ली है। वहीं जयपुर की टीम सातवें पायदान पर है और प्लेऑफ के लिए उनकी राह और मुश्किल होती जा रही है। बंगाल वॉरियर्स के कप्तान मनिंदर सिंह ने पीकेएल में अपने 700 प्वॉइंट भी पूरे किए।

# दक्षिण अफ्रीका ने बड़ी जीत से श्रृंखला बराबर कराई

- तीसरा टी-20 : अफ्रीका ने भारत को 9 विकेट से हराया
- भारतीय टीम नौ विकेट पर 134 रन ही बना पायी

एजेंसी ⏭ बेंगलुरू



कप्तान क्विंटन डिकाक की बड़ी अर्धशतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 19 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिये उतरे भारत के किसी भी बल्लेबाज ने टिककर खेलने का प्रयास नहीं किया। भारतीय टीम नौ विकेट पर 134 रन ही बना पायी। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (25 गेंदों पर 36) ने सर्वाधिक रन बनाये। उनके अलावा तीन अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। कप्तान डिकाक ने फिर से लाजवाब पारी खेली और उनके गेंदबाजों ने जो मजबूत नींव रखी थी उसे अंजाम तक पहुंचाया। उन्होंने 52 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 79 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका की जीत आसान कर दी। दक्षिण अफ्रीका ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बनाये। इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर छूटी।

**भारत**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| धवन का बावुमा बो शम्सी | 36 |
| रोहित का रीजा बो हेंड्रिक्स | 09 |
| विराट का फेलुकवायो बो रबाडा | 09 |
| पंत का फेलुकवायो बो फोर्टीन | 19 |
| अय्यर स्टं. डिकाक बो फोर्टीन | 5 |
| हार्दिक का मिलर बो रबाडा | 14 |
| कृणाल का डिका बो हेंड्रिक्स | 04 |
| जड़ेजा का एवं बो रबाडा | 19 |
| वाशिंगटन सुंदर रन आउट | 04 |
| दीपक चाहर नाबाद | 00 |
| नवदीप सैनी नाबाद | 00 |

अतिरिक्तः 14 (लेग बाईः 02, वाईडः 12)
कुलः 20 ओवर में नौ विकेट परः 134 रन
विकेट पतनः 1-22, 2-63, 3-68, 4-90, 5-92, 6-98, 7-127, 8-133, 9-133
गेंदबाजीः फोर्टीन 3-0-19-0, रबाडा 4-0-39-3, ब्यूरॉन हेंड्रिक्स 4-0-14-2, फेलुकवायो 4-0-28-0, शम्सी 4-0-23-1, प्रीटोरियस 1-0-8-0

**दक्षिण अफ्रीका**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रीजा का कोहली बो हार्दिक | 28 |
| क्विंटन डिकाक नाबाद | 79 |
| तेंबा बावुमा नाबाद | 27 |

अतिरिक्तः छह (लेग बाईः दो, वाईडः चार)
कुलः 16.5 ओवर में एक विकेट परः 140 रन
विकेट पतनः 1-76
**गेंदबाजीः** वाशिंगटन 4-0-27-0, चाहर 3-0-15-0, सैनी 2-0-25-0, क्रुणाल 3.5-0-40-0, हार्दिक 2-0-23-1, जड़ेजा 2-0-8-0

### धवन ने पूरे किए 7000 रन

भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी 20 मैच के दौरान एक अहम मुकाम हासिल किया। पहली पारी में प्रोटियाज के खिलाफ चार रन बनाते ही उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 7000 रन पूरे कर लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरे धवन ने पहली पारी की पहली ही गेंद पर शानदार चौका लगाया और ये मुकाम हासिल कर लिया।

**विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पंघाल की अपील**

# मुझे पुरस्कार मत दो, पर कोच को सम्मानित करो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- धनखड़ सर के योगदान से ही मैं एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप जीत सका

भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल (52 किग्रा) का कहना है कि उन्हें व्यक्तिगत सम्मान नहीं चाहिए लेकिन वह चाहते हैं कि उनके पूर्व कोच अनिल धनकड़ को सम्मानित किया जाए।

वह शनिवार को रूस के एकातेरिनबर्ग में समाप्त हुई विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने। वह एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। अर्जुन पुरस्कार के लिए उनके नाम की अनदेखी की गई क्योंकि 2012 में



चिकन पाक्स के उपचार के लिए ली गयी दवाई से वह डोपिंग उल्लघंन कर बैठे थे। डोपिंग परीक्षण में विफल होने के कारण उन पर एक साल का प्रतिबंध भी लगा था। पंघाल ने कहा, 'मैं पुरस्कारों की परवाह नहीं करता लेकिन मुझे खुशी होगी अगर मेरे पूर्व कोच अनिल धनकड़ के नाम पर द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए विचार किया जाए। उन्होंने शुरुआती वर्षों में मुझे ट्रेनिंग दी और अगर वह नहीं होते तो मैं आज ऐसा मुक्केबाज नहीं होता। मैंने 2008 में मुक्केबाजी शुरू की थी और धनकड़ सर तब से मेरे लिए अहम बने रहे हैं। अब भी जब मुझे किसी मामले में मार्गदर्शन की जरूरत होती है तो मैं धनकड़ सर के पास जाता हूं। उन्हें पुरस्कार मिलने का मतलब मुझे पुरस्कार मिलना होगा। बल्कि मुझे ज्यादा खुशी होगी।'

### पंघाल पिछले दो वर्षों से शानदार फार्म में

पैंतालीस वर्षीय धनकड़ कभी भी किसी राष्ट्रीय टीम से नहीं जुड़े हैं लेकिन जब वह मुक्केबाज थे तो राष्ट्रीय स्तर के पदकधारी थे। उन्होंने अपने शिष्य के इस लगाव के बारे में कहा, 'मैं 2005 से उसे जानता हूं। मेरे लिए वह परिवार की तरह है। मैं उसके परिवार वालों से काफी करीब हूं और वह मेरे बच्चे की तरह ही है।' भारतीय सेना के 23 वर्षीय नायब सूबेदार पंघाल पिछले दो वर्षों से शानदार फार्म में हैं। उन्होंने 49 किग्रा से 52 किग्रा में वजन वर्ग में खेलने का फैसला किया लेकिन इस बदलाव के बावजूद उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। अब वह अगले साल फरवरी में चीन में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

# लावेर कप में यूरोप ने बनाई 7-5 से बढ़त

एजेंसी ⏭ जिनेवा



जैस सोक और निक किर्गियोस की जोड़ी ने यहां चल रहे लावेर कप टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन राफेल नडाल और स्टेफानोस सिटसिपास की जोड़ी को शिकस्त दी, लेकिन इसके बावजूद यूरोप ने टीम वर्ल्ड पर 7-5 की बढ़त बनाई हुई है।

सोक और किर्गियोस ने शनिवार को युगल मुकाबले में 6-4, 3-6, 10-6 से जीत हासिल की। अमेरिकी ओपन जीतने के बाद नडाल (19 ग्रैंडस्लैम खिताब) ने अपने पहले एकल मैच में मिलोस राओनिच को 6-3,, 7-6 से हराया था लेकिन युगल में उन्हें हार मिली। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोजर फेडरर ने शुक्रवार को एलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ मिलकर युगल मुकाबले में जीत हासिल की थी और उन्होंने आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किर्गियोस को 6-7, 7-5, 10-7 से शिकस्त दी। टीम वर्ल्ड के जान इस्नर ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को 6-7, 6-4, 10-1 से शिकस्त दी।

## खबर संक्षेप




### धनोआ ने की मार्शल अर्जन सिंह के ट्रस्ट की सराहना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने रविवार को वायुसेना के मार्शल अर्जन सिंह और उनकी पत्नी द्वारा स्थापित ट्रस्ट को सम्मानित किया। इस दौरान वायु सेना प्रमुख बी एस धनोआ ने कार्यरत और सेवानिवृत्त वायु सैनिकों के कल्याण के लिए इस ट्रस्ट द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। सम्मान समारोह का आयोजन ट्रस्ट के स्थापना दिवस के अवसर पर आकाश एयरफोर्स भोजनालय में किया गया। धनोआ ने अपने संबोधन में ट्रस्ट के संस्थापकों के प्रति आभार व्यक्त किया और ट्रस्ट द्वारा कार्यरत और सेवानिवृत्त वायु सैनिकों तथा उनकी विधवाओं और आश्रितों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की। मार्शल और उनकी पत्नी तेजी सिंह ने 2.25 करोड़ रुपये की अपनी निजी धनराशि से 22 सितंबर 2004 को इस ट्रस्ट की स्थापना की। पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित मार्शल अर्जन सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ 1965 के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### नीदरलैंड में होगा गांधी मार्च का आयोजन

**द हेग।** नीदरलैंड में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरह के आयोजन किए जाएंगे। इसमें एक अहिंसा मार्च का आयोजन भी शामिल है। भारतीय दूतावास यहां गांधी नॉनवायलेंस फाउंडेशन और अन्य समूहों के साथ मिलकर साइकिल रैली, महात्मा गांधी के जीवन को दिखाने वाली प्रदर्शनी, स्मृति सभा सहित देश में लगी गांधी की चार प्रतिमाओं के पास कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। भारतीय दूतावास ने यहां एक बयान में कहा कि जयंती उत्सव की शुरुआत 29 सितंबर को साइकिल रैली से होगी।

### पाकिस्तान: बस दुर्घटना में 26 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक बस के पहाड़ में टक्कर मारने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और अन्य 13 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी रास्ते पर वाहन मोड़ते समय चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसा गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के पास खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सीमा पर बाबुसर टॉप इलाके में हुआ। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की एक खबर के अनुसार बस स्कार्दू से रावलपिंडी जा रही थी। बस में 16 सैन्य कर्मी सहित 40 यात्री सवार थे। गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री के प्रवक्ता राशीद अरशद ने मलबे से महिला और बच्चों सहित 26 लोगों के शव बरामद होने की पुष्टि की है।

---

### यूएस की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन इंक और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी कंपनी लि. में करार

# अमेरिका से सालाना 50 लाख टन एलएनजी का आयात करेगी पेट्रोनेट



ह्यूस्टन/नई दिल्ली ▶▶एजेंसी

अमेरिका की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन इंक और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी कंपनी लि. (पीएलएल) के बीच करार हुआ है। ये करार पीएलएल और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से सालाना 50 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात करेंगी। सूत्रों के अनुसार, यह सौदा करीब 2.50 अरब डॉलर का है। इसे 31 मार्च, 2020 तक अंतिम रूप दिया जा सकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 दिन की अमेरिका यात्रा पर हैं। शनिवार को अमेरिका की शीर्ष पेट्रोलियम कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों (सीईओ) के साथ हुई पीएम के बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। टेल्यूरियन ने बयान में कहा कि एमओयू पर हस्ताक्षर प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में

■ **पेट्रोनेट करेगी 2.5 अरब डॉलर का निवेश**

किए गए। टेल्यूरियन के अध्यक्ष एवं सीईओ मेग जेंटल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में इस एमओयू पर दस्तखत सम्मान की बात है। हम पेट्रोनेट के साथ ड्रिफ्टवुड परियोजना में एक लंबी और समृद्ध भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं। पेट्रोनेट भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक है। इस करार से वह ड्रिफ्टवुड से स्वच्छ तथा कम लागत वाली बेहतर प्राकृतिक गैस की भारत में आपूर्ति कर सकेगी। जेंटल ने कहा कि भारत में प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बढ़ने से भारत पीएम के 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा और साथ ही स्वच्छ पर्यावरण में भी योगदान दे सकेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों के साथ बैठक, निवेश बढ़ाने पर चर्चा




**ह्यूस्टन।** अमेरिका की एक सप्ताह की यात्रा के पहले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के तेल तथा गैस क्षेत्र की कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की। इस बैठक में भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अवसरों के दोहन पर चर्चा हुई। यह गोलमेज बैठक ऊर्जा सुरक्षा के लिए साथ मिलकर काम करने और भारत-अमेरिका के बीच साझा निवेश के अवसरों को बढ़ाने पर केन्द्रित थी। बैठक के बाद मोदी ने ट्वीट किया कि यह संभव नहीं है कि ह्यूस्टन आएं और ऊर्जा पर बातचीत ना हो। ऊर्जा क्षेत्र के शीर्ष सीईओ के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने ऊर्जा क्षेत्र में अवसर उत्पन्न करने के तरीकों पर चर्चा की।

#### 17 वैश्विक ऊर्जा कर्मियों का सामूहिक नेटवर्थ 1,000 अरब डॉलर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि बैठक में 17 वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हुए। इन कंपनियों की उपस्थिति 150 देशों में है और इनका सामूहिक नेटवर्थ 1,000 अरब डॉलर है। उन्होंने बताया कि से सभी कंपनियों किसी न किसी रूप में भारत से जुड़ी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने पहले ट्वीट किया कि आते ही सीधे काम शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यूस्टन में ऊर्जा क्षेत्र के सीईओ के साथ अभी एक सफल गोलमेज बैठक सम्पन्न की। बातचीत भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सुरक्षा के लिए साथ मिलकर काम करने और साझा निवेश के अवसरों को बढ़ाने पर केन्द्रित थी। इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अमेरिका के कई शीर्ष पेट्रोलियम कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ मोदी की तस्वीरें ट्वीटर पर साझा कीं। पीएमओ ने साथ ही लिखा कि भारत और अमेरिका की दोस्ती को और मजबूत करते हुए। ह्यूस्टन में पहली बैठकों में से एक... प्रधानमंत्री ऊर्जा क्षेत्र के सीईओ के साथ। भारत और अमेरिका इस क्षेत्र में सहयोग में विविधता लाना चाहता है। मोदी के साथ बैठक के दौरान अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों ने उनकी सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में सुधार और उदारीकरण के लिए उठाए गए हालिया कदमों का स्वागत किया।

### पीएम से मिलकर खुश हुए कश्मीरी पंडित



### सिख प्रतिनिधिमंडल ने की मोदी से मुलाकात

**ह्यूस्टन।** समूचे अमेरिका से सिखों के 50 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और काली सूची से समुदाय के 300 से अधिक लोगों के नाम हटाने के लिये उनका शुक्रिया अदा किया। प्रतिकूल सूची या काली सूची को लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की समीक्षा बैठक के बाद भारत सरकार ने देश-विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में काली सूची में दर्ज 312 विदेशी सिख नागरिकों के नाम इस सूची से हटा दिये थे। समुदाय के सदस्यों ने शनिवार को ह्यूस्टन में मोदी से मुलाकात की और उन्हें पारंपरिक 'सिरोपा' भेंट किया। उन्होंने काली सूची में दर्ज सिख अमेरिकी नागरिकों के नाम हटाने के लिये उनका शुक्रिया अदा किया। प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे इंडियाना के गुरिंदर सिंह खालसा ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री से राजनीतिक शरण चाहने वाले सिखों के लिये वीजा और पासपोर्ट सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया क्योंकि यह अमेरिका में बड़ी तादाद में रहने वाले सिख समुदाय के लिये ऐसे समय में अहम है जब हम गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश वर्ष मनाने जा रहे हैं।

### ह्यूस्टन में मोदी के मंच पर गूंजा...कभी मैं खाऊं समोसा... कभी खाऊं बर्गर

**ह्यूस्टन।** कभी मैं खाऊं समोसा...कभी खाऊं बर्गर... सभी मुझे एक लगे है जिधर भी मैं जाऊं। मैं जीता हूं सारे जितने हैं कैरेक्टर। कभी तो मैं हूं ब्रैड पिट और कभी बच्चन सा एक्टर। चलने दे मस्ती का तूफान...खुलके होगा डांस। जी हां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में अमेरिका के ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में युवा इस गीत पर थिरकते नजर आए। असल में, प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में रविवार को अमेरिका के ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में हजारों की तादाद में भारतीय प्रवासी पहुंचे। प्रधानमंत्री 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। एनआरजी स्टेडियम में जश्न का माहौल बना हुआ था। भारत के विभिन्न भागों से आने वाले भारतीय प्रवासी समुदाय में शामिल महिलाएं और पुरुष रंग-बिरंगे परंपरागत परिधानों में पहुंचे थे, जिससे स्टेडियम में उत्सव का नजारा दिख रहा था।

---

## 2019 में समाप्त हो रहे पांच वर्ष का कालखंड सबसे गर्म रहने की आशंका : यूएन

एजेंसी ▶▶संयुक्त राष्ट्र



जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2015 से 2019 का पांच वर्ष का कालखंड वैश्विक औसत तापमान के आधार पर सबसे गर्म रहने वाला है। दुनिया की शीर्ष जलवायु एजेंसी ने रविवार को अपनी रिपोर्ट के अनुसार आशंका है कि यह काल खंड सबसे गर्म रहने का रिकॉर्ड बनाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है, फिलहाल अंदाजा है कि तापमान औद्योगिक क्रांति (1850-1900) से पहले के मुकाबले 1.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा होगा और यह 2011-2015 के काल खंड से 0.2 डिग्री सेल्सियस गर्म होगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आर्कटिक में गर्मियों में बर्फ का सागर पिछले 40 साल में 12 प्रतिशत प्रति दशक के हिसाब से पिघला है। ना सिर्फ आर्कटिक और अंटार्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है बल्कि कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भी बढ़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन दो प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड उच्च स्तर 37 अरब टन पर पहुंच गया है। 'यूनाइटेड इन साइंस' शीर्षक इस रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है।

### जावड़ेकर ने 'क्लाइमेट एक्शन समिट' को किया संबोधित

**संयुक्त राष्ट्र।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मामलों के केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संयुक्त राष्ट्र के एक मंच पर कहा कि भारत संवहनीय तरीके से विकास करेगा लेकिन साथ ही सुनिश्चित करेगा कि उसके नागरिकों को विकास के सभी लाभ मिलें। यूएन के 'क्लाइमेट एक्शन समिट' में उद्योगों के रूपांतरण से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान जावड़ेकर ने पीएम नरेन्द्र मोदी के 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' मॉडल को रेखांकित किया।




## 4 माह में बद्रीनाथ पहुंचे 10 लाख श्रद्धालु, अब तक के रिकॉर्ड टूटे

एजेंसी ▶▶देहरादून

बद्रीनाथ धाम के कपाट 10 मई को वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद खोले गए थेहर दिन सैकड़ों श्रद्धालु चारधाम का दर्शन कर रहे हैं, श्रद्धालुओं में खास उत्साह बद्रीनाथ धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ा है। इसी का नतीजा रहा कि पिछले चार महीने में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंचे हैं। इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड टूट गया। लोकसभा चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद मई महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बद्रीनाथ धाम पहुंचे थे और भगवान बद्री यानी विष्णु की पूजा अर्चना की थी। पीएम मोदी के पूजन के दौरान पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया



था। मालूम हो कि उत्तराखंड की गढ़वाल पहाड़ियों में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट 10 मई को वैदिक मंत्रोच्चारण और अनुष्ठानों के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे. भगवान बद्री (विष्णु) की मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया गया। इससे पहले मूर्ति को यहां 'जय बद्री विशाल' के जयकारों के बीच धार्मिक जुलूस में लाया गया। पहले दिन करीब 10,000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। मंदिर छह माह तक खुला रहता है और उसके बाद एक धार्मिक रिवाज के तहत मूर्ति को जोशीमठ शहर के नरसिंह मंदिर ले जाया जाता है। चारों हिंदू धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के खुलने से श्रद्धालुओं के बीच चारधाम यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु इन चारों धामों का दर्शन कर रहे हैं।

### ब्रिटेन: डॉक्टरों, नर्सों को नहीं देनी होगी टोफेल और आईईएलटीएस की परीक्षा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में व्यावसायिक अंग्रेजी परीक्षा (ओईटी) अपनाये जाने के चलते अब वहां काम करने के इच्छुक डॉक्टरों, नर्सों, दंत चिकित्सकों और दाइयों को टोफेल और आईईएलटीएस जैसी अंग्रेजी भाषा से जुड़ी परीक्षाएं देने की जरूरत नहीं होगी। ओईटी एक अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा की परीक्षा है जिसमें उन स्वास्थ्य पेशेवरों के भाषा संचार कौशल का आकलन किया जाता है, जो अंग्रेजी बोलने वाले वातावरण में पंजीकरण और अभ्यास करना चाहते हैं। इससे पहले उम्मीदवारों को वीजा आवेदन के लिये ब्रिटेन के दो स्वास्थ्य सेवा बोर्ड नर्सिंग एवं मिडवाइफरी काउंसिल और जनरल मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण के साथ-साथ टोफेल या आईईएलटीएस जैसी परीक्षाओं के लिए ओईटी लेना होता था।

---

### न्यायिक अधिकारी के प्रति नरमी बरतने से किया इनकार

# न्यायाधीशों में हो ईमानदारी का उत्कृष्ट गुण: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि न्यायपालिका ईमानदारी की नींव पर बनी संस्था है। साथ ही न्यायालय ने कहा कि यह आवश्यक है कि न्यायिक अधिकारियों में 'ईमानदारी का उत्कृष्ट गुण' हो ताकि वे जनता की सेवा कर सकें। महाराष्ट्र के एक न्यायिक अधिकारी के प्रति नरमी बरतने से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। अधिकारी ने 2004 में सेवा से बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन पर उस महिला वकील के मुवक्किलों के पक्ष में आदेश पारित करने के आरोप थे जिसके साथ उनके 'नजदीकी रिश्ते' थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी भी न्यायाधीश के निजी और सार्वजनिक जीवन में बेदाग ईमानदारी झलकनी चाहिए। अदालत ने कहा कि न्यायिक



■ **अधिकारी ने दी थी सेवा से बर्खास्तगी को चुनौती**


■ **महिला वकील के मुवक्किलों के पक्ष में आदेश पारित करने के थे आरोप**

अधिकारियों को हमेशा याद रखना चाहिए कि वे उच्च पद पर हैं और जनता की सेवा करते हैं। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता 'ईमानदारी, आचरण और शुचिता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और उनके प्रति नरमी नहीं बरती जा सकती है। इसने कहा कि इसलिए अपील में कोई दम नहीं है और इसे खारिज किया जाता है। याचिकाकर्ता को मार्च 1985 में न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। फरवरी 2001 में उन्हें निलंबित कर दिया गया और जनवरी 2004 में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने बंबई हाईकोर्ट में बर्खास्तगी को चुनौती दी लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जिसने उनकी याचिका पर सजा के सीमित प्रश्न तक ही नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि इस मामले में अधिकारी ने मामलों पर महिला वकील के साथ नजदीकी संबंधों के कारण निर्णय दिए, न कि कानून के मुताबिक। यह भी एक अलग तरह की रिश्वत है।

### न्यायपालिका में ईमानदारी की आवश्यकता अन्य संस्थानों की तुलना में बहुत अधिक : पीठ

पीठ ने कहा कि किसी न्यायाधीश में सबसे बड़ा गुण ईमानदारी का होता है। जन सेवक होने के नाते न्यायिक अधिकारियों को हमेशा याद रखना चाहिए कि वे जनता की सेवा करने के लिए हैं। पीठ ने कहा कि न्यायपालिका में ईमानदारी की आवश्यकता अन्य संस्थानों की तुलना में बहुत अधिक है। न्यायपालिका एक ऐसी संस्था है जिसकी नींव ईमानदारी पर आधारित है। इसलिए, यह आवश्यक है कि न्यायिक अधिकारियों में ईमानदारी का उत्कृष्ट गुण होना चाहिये। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक न्यायाधीश को न केवल उसके निर्णयों की गुणवत्ता से, बल्कि उसके चरित्र की गुणवत्ता और शुद्धता से भी आंका जाता है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि जो दूसरों के ऊपर निर्णय करता है, उसे ईमानदार होना चाहिए। न्यायाधीशों से इसी उच्च स्तर की अपेक्षा होती है। पीठ ने कहा यदि कोई न्यायिक अधिकारी किसी भी बाहरी कारणों से मामले में फैसला करता है, तो वह कानून के अनुसार अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा है।

पीठ ने कहा कि रिश्वत विभिन्न तरह के हो सकते हैं। इसने कहा कि धन का रिश्वत, सत्ता का रिश्वत, वासना का रिश्वत आदि।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109